2025

वर्ष- 12 अंक - 133
लखनऊ, बुधवार 01 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

2025 में कई योजनाएं जिले के विकास में साबित होंगी मील का पत्थर 04
टीएसआई अरशद अली को प्रयागराज में मिला सम्मान 09

### सीएम योगी ने महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का लिया विवरण, कहा

## तीर्थयात्रियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

**महाकुम्भ के दौरान एंटी ड्रोन सिस्टम के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा है कि महाकुम्भ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के दौरान आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और पुख्ता किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को 24×7 एक्टिव रहना होगा। इंटेलिजेंस को और मजबूत करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के दौरान एंटी ड्रोन सिस्टम के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश भी दिए हैं। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ की थीम पर चल रहीं फर्जी वेवसाइट और एप के चिन्हांकन और कार्रवाई के साथ साथ आमजन को इस बारे में जागरूक करने की जरूरत बताई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कतिपय अराजक संगठनों/व्यक्तियों द्वारा महाकुम्भ के नाम पर फर्जीवाड़ा कर वसूली करने का दुस्साहस किया जा रहा है, पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

मंगलवार को महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का विवरण लिया। मुख्यमंत्री ने सभी स्ट्रीट वेंडर, ऑटो रिक्शा चालकों, ई-रिक्शा चालकों के पुलिस सत्यापन तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिये, साथ ही प्रयागराज की ओर आने वाले सभी अंतर्जनपदीय मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन के व्यवस्थित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया पर फेक न्यूज पर कड़ाई से लगाम लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, उन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए।



**डमरू व त्रिशूल का जरूर करें दर्शन**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय ने मंगलवार को लोगों से प्रयागराज में महाकुंभ में पहुंचकर कांस्य और अन्य धातुओं से निर्मित भगवान शिव के विशालकाय डमरू और त्रिशूल का दर्शन करने का अनुरोध किया है। बता दें कि महाकुम्भ-2025 उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा लोक आस्था के महापर्व प्रयागराज महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अनेक मनभावन गंतव्य विकसित किए गए हैं। इसी पोस्ट में कहा गया इस कड़ी में, झूंसी में स्थापित भगवान शिव का विशालकाय डमरू और त्रिशूल आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। महाकुम्भ आएं, कांस्य व अन्य धातुओं से निर्मित इस डमरू व त्रिशूल के दर्शन अवश्य करें।

**सभी रिवर फ्रंट रोड तैयार**

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि महाकुम्भ के लिए तैनात पूरा पुलिस बल और सभी सफाई कर्मचारी 03 जनवरी तक प्रयागराज में मुस्तैद हो जाएंगे। सभी डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो गई है। इसी तरह अब तक 28 पांटून पुल, 520 किमी चकर्ड मार्ग, 610 साइनेज, पेयजल के लिए 494.30 किमी डीआईपी लाइन, 304 किमी जीआईपी लाइन, 4270 पेयजल स्टैंड पोस्ट, 176 किमी से अधिक ड्रेनेज निकासी लाइन, 54700 स्ट्रीट लाइट, 173 किमी एचटी लाइन, 1280 किमी एलटी लाइन, 206 बिजली सब स्टेशन की स्थापना की जा चुकी है। इसी तरह, स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल, सप्रू (बेली) अस्पताल, मोतीलाल नेहरू अस्पताल, डफरिन और प्राइवेट चिकित्सालयों में अब तक 3305 बेड मेला के लिए आरक्षित किए जा चुके हैं। 1200 वर्गमी जेटी भी तैयार हो चुकी है। वहीं सभी रिवर फंट रोड तैयार हैं। थीमेटिक लाइटिंग के लिए 3339 पोल, फ़साड के लिए 07 स्थान, 90 हजार से अधिक शौचालय इंस्टॉल किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अवशेष कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

## 52 आईपीएस का हुआ प्रमोशन, नौ बनाए गए आईजी, 26 आईपीएस बने डीआईजी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नए साल की पूर्व संध्या पर राज्य सरकार ने 52 आईपीएस अफसरों को पदोन्नति की सौगात दी है। बीती 21 दिसंबर को विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में इस पर मुहर लगाई गई थी, राज्यपाल की अनुमति के बाद इसका औपचारिक आदेश जारी कर दिया गया। मंगलवार को डीजी सीबीसीआईडी एसएन साबत के सेवानिवृत्त होने के बाद एडीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा (1992 बैच) को डीजी के पद पर प्रोन्नत किया गया है। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2000 बैच के तीन अफसरों को एडीजी के पद पर प्रोन्नत किया गया है। इनमें नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, आईजी रेंज लखनऊ प्रशांत कुमार द्वितीय और आईजी एटीएस नीलाब्जा चौधरी शामिल हैं। वहीं वर्ष 2007 बैच के 9 आईपीएस अधिकारियों को डीआईजी से आईजी के पद पर पदोन्नत किया गया है। इनमें अमित पाठक, जोगेंद्र कुमार, रवि शंकर छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, विपिन कुमार मिश्रा, राकेश प्रताप सिंह, योगेश सिंह और गीता सिंह शामिल हैं। इसी तरह वर्ष 2011 बैच के 25 आईपीएस को एसएसपी से डीआईजी के पद पर पदोन्नत किया गया है। इनमें शैलेश कुमार पांडेय, अजय कुमार, अभिषेक सिंह, देवरंजन वर्मा, राजेश एस., हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्निल ममगई, डी. प्रदीप कुमार, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सूर्य कांत त्रिपाठी, विकास कुमार वैद्य, सुभाष चंद्र शाक्य और ह्यदेश कुमार आदि शामिल हैं।




**25 उपनिरीक्षक बने निरीक्षक, 204 मुख्य आरक्षी भी प्रोन्नत**

प्रदेश पुलिस के 25 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को ज्येष्ठता के आधार पर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत किया गया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की संस्तुति के बाद पदोन्नति का आदेश जारी कर दिया गया। इसके अलावा 204 मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर प्रोन्नत किया गया है। ये पदोन्नति चयन वर्ष 2024 की रिक्तियों के सापेक्ष की गई हैं।

**तीन आईपीएस और 10 पीपीएस सेवानिवृत्त**

वहीं दूसरी ओर मंगलवार को डीजी सीबीसीआईडी एसएन साबत, डीआईजी बाबू राम और डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह सेवानिवृत्त हो गए। डीजीपी प्रशांत कुमार ने तीनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। वहीं 10 पीपीएस अधिकारी भी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इनमें एएसपी डॉ. मनोज कुमार, डिप्टी एसपी राजवीर सिंह, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिंह, कुलदीप तिवारी, अजय कुमार चौहान, जगदीश कुमार, प्रियतोष त्रिपाठी, राज बहादुर सिंह और हरि नारायण मिश्रा शामिल हैं।

**आवश्यकता**

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज 202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833

## केन्द्र ने सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज से वापस लिया जांच में उत्कृष्टता का पदक

**रिश्वत मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद पदक को किया गया रद्द**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के इंस्पेक्टर राहुल राज के खिलाफ रिश्वतखोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए उन्हें जांच में उत्कृष्टता के लिए दिया गया पदक रद्द कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक आदेश में कहा है कि जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृहमंत्री का पदक साल 2023 में सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज को दिया गया था। रिश्वत मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद उस पदक को रद्द कर दिया गया है। राज पर आरोप लगने के बाद प्रतिष्ठित पदक को जब्त करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि राहुल राज को मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों के लिए निरीक्षण रिपोर्ट में हेरफेर करने के बदले रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज की सेवाएं समाप्त कर चुकी है।

## प्रदेश के अधिकतर इलाकों में कोल्ड डे की चेतावनी

**बर्फीली हवाओं से पांच डिग्री गिरा तापमान हवा में बढ़ी गलन**

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** साल के जाते-जाते मौसम में ऐसे बदलाव आया कि मंगलवार को लोगों को सूर्य देवता के दर्शन ही नहीं हुए। बर्फीली हवाओं से तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया। इससे हवा में गलन बढ़ गई और लोग कंपकंपाते रहे। गलन इस कदर रही कि बुजुर्ग लोग या तो अलाव का सहारा लिये या घरों से बाहर निकले ही नहीं।

मौसम विभाग का कहना है कि नये साल की शुरुआत कड़ाके की ठंड के साथ होगी और कोहरा भी परेशान करेगा। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि अगर बीते दो दिनों को छोड़ दिया जाये तो पूरे दिसंबर माह में मौसम औसतन रहा या यूं कहें कि सामान्य से भी कम सर्दी रही। बीते तीन दिन से हवाओं की दिशाएं पछुआ हुईं जिससे बर्फीली हवाएं मैदानी क्षेत्रों में आने लगीं।

इससे मंगलवार को दिन का तापमान पांच डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया। लोगों को भीषण गलन महसूस होने लगी। हालांकि आज हवाओं की दिशाएं उत्तर पूर्व हो गई हैं जिससे तापमान में बढ़ोतरी होनी चाहिए थी लेकिन मैदानी इलाकों में इसका असर नहीं दिखा। यह हवाएं तामपान को बढ़ा नहीं सकीं। सर्द हवाओं का असर ज्याद रहा। नये साल में फिर हवाओं की दिशाएं पछुआ होंगी और पहाड़ों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर शीतलहर के रूप में देखने को मिलेगा। इस दौरान कोहरा भी मध्यम से घना रहेगा जिससे दृश्यता काफी कम रहने की संभावना है।



## साल 2024 के आखिरी दिन गंगा आरती में उमड़ा आस्था का सैलाब

**वाराणसी।** साल 2024 के अन्तिम दिन मंगलवार शाम को दशाश्वमेधघाट पर गंगा आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। गंगा सेवा निधि की ओर से नियमित सायंकालीन भव्य गंगाआरती देख श्रद्धालु आह्लादित दिखे। मां गंगा की आरती साल 2024 के आखिरी दिन भव्य रूप से की गई। इस दौरान 2100 दीपों से 2025 की मंगलकामनाएं लिखकर नए साल का स्वागत किया। साथ ही मां गंगा से देश और समाज के सुख-समृद्धि की कामना की गई। गंगा सेवा निधि ने श्रद्धालुओं के लिए मंगलकामना की। इस दौरान गंगाघाट पर सुरक्षा का व्यापक प्रबंध रहा। गंगा आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालु शाम चार बजे से घाट पर पहुंचने लगे थे।

## दिल्ली चुनाव के लिए मायावती ने बनाई रणनीति, आकाश आनंद संभालेंगे कमान

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी पूरी मजबूती के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती दो दिन पहले दिल्ली में बैठक कर चुनाव की रणनीति भी बना ली है। दिल्ली चुनाव की कमान पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को सौंपी गई है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी दल जोर-शोर से तैयारी में लगे हुए हैं। इसी क्रम में बसपा भी पूरी ताकत के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ेगी, जिसके लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है।

## पत्थरों से बनी संरचनाएं व सीढ़ियां आईं सामने

**लक्ष्मणगंज में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम के निर्देशन में 11वें दिन खोदाई का कार्य जारी**

समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी स्थित मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मणगंज में मिली प्राचीन बावड़ी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वे एवं खोदाई का कार्य लगातार 11वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा।

एएसआई की टीम के निर्देशन में प्राचीन बावड़ी की खोदाई और मिट्टी हटाने का काम चल रहा है। आज बावड़ी का दूसरा तल, पत्थरों से बनी संरचनाएं व सीढ़ियां सामने आ गईं। चंदौसी नगर पालिका के 50 मजदूर शाम करीब 5 बजे तक बावड़ी की साफ-सफाई में लगे रहे। इसके बाद खोदाई रोक दी गयी। अब बुधवार को फिर खोदाई होगी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने बताया कि एएसआई की तीन सदस्यीय टीम और नगर पालिका के सहयोग से दर्जनों मजदूर बावड़ी की खोदाई में मंगलवार को भी जुटे रहे। बावड़ी के द्वितीय तल, पत्थरों से बनी संरचनाएं, सुरंगनुमा रास्ते और दर्जनों सीढ़ियां दिखाई देने लगी हैं। बावड़ी के कुएं और गलियारों की पूरी संरचना को साफ करने का कार्य जारी है। स्थानीय प्रशासन ने बावड़ी परिसर में बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। पूर्व सांसद ने प्राचीन बावड़ी को पुरातत्व विभाग अथवा पर्यटन विभाग को सौंपने की मांग उठाईएएसआई की देखरेख में जैसे-जैसे खोदाई का कार्य आगे बढ़ रहा है, बहुत सी चीजें स्पष्ट होती जा रही हैं।



## 2025 : आज से बदल जाएंगे कई नियम

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** कल 2024 का आखिरी दिन था और आज से नए साल 2025 की शुरुआत हो गयी है। नए साल की शुरुआत के साथ ही कई चीजें बदलेंगी, वहीं कुछ नियमों में भी बदलाव होगा। इनमें जीएसटी के नियम, पेंशन, यूपीआई लिमिट समेत कई नियम शामिल हैं। एक जनवरी से नए नियमों के तहत कई कामकाज होंगे।

जीएसटी काउंसिल के फैसले के मुताबिक 1 जनवरी से जीएसटी से जुड़े कई नियमों में परिवर्तन होने वाला है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन (एमएफए) का है। एमएफए की प्रक्रिया जीएसटी फाइल करने वाले सभी करदाताओं पर लागू होगी। इसका उद्देश्य जीएसटी फाइल करने की प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित बनाना है। इसी तरह 1 जनवरी से बेसिक फोन या पुश बटन फोन के जरिए अपने बैंक अकाउंट से पैसा ट्रांसफर करने वाले टेलीफोन यूजर्स के लिए यूपीआई 123 पे की लिमिट 10,000 रुपये कर दी गई है। पहले यूपीआई 123 पे के तहत टेलीफोन यूजर्स अधिकतम 5,000 रुपये ट्रांसफर कर सकते थे।

पेंशन प्लान के मामले में भी बड़ा अपडेट है। 1 जनवरी से ईपीएफओ ने पेंशन के नियमों को सरल कर दिया है। इसके तहत अब किसी भी बैंक से कर्मचारी अपने पेंशन की रकम को निकाल सकेंगे। ईपीएफओ के इस नियम से पेंशन की रकम निकालना काफी आसान हो जाएगा। इसके लिए कर्मचारियों को किसी भी अतिरिक्त सत्यापन की जरूरत नहीं होगी। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद लिए गए फैसले में किसानों के लिए बिना गारंटी लोन की सीमा बढ़ाने की भी मंजूरी दी गई थी। इसके तहत 1 जनवरी से किसान अब बिना गारंटी के 2 लाख रुपये तक कर्ज ले सकेंगे। पहले बिना गारंटी के किसानों को 1.60 लाख रुपये तक लोन मिलता था, लेकिन अब इसकी सीमा 2 लाख कर दी गई है।

1 जनवरी से ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी बदलाव कर सकती हैं। हर महीने की पहली तारीख को ऑयल मार्केटिंग कंपनियां घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों को रिवाइज करती है। इसके बाद कीमतों को घटाया या बढ़ाया जा सकता है। कई बार ऑयल मार्केटिंग कंपनियां कीमतों में बदलाव नहीं भी करती हैं या कई बार किसी एक ही श्रेणी के सिलेंडर की कीमत में बदलाव किया जाता है। हालांकि इसकी ठोस जानकारी 1 जनवरी को ही मिलेगी।

1 जनवरी से ही फिक्स डिपॉजिट के नियमों में भी बदलाव होने वाला है। भारतीय रिजर्व बैंक में नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों के लिए एफडी से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। ये बदलाव फिक्स डिपॉजिट में जमा की गई रकम को परिपक्वता की तारीख से पहले ही निकाल लेने से संबंधित है। 1 जनवरी से कई वाहन निर्माता कंपनियां अपनी गाड़ियों की कीमत में भी बदलाव कर रही हैं। इसके कारण कुछ कंपनियों की कारें महंगी हो सकती हैं। बताया जा रहा है कि महिंद्रा, होंडा, मारुति सुजुकी और हुंडई जैसी कंपनियां 1 जनवरी से अपनी गाड़ियों की कीमत में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं।




**अवश्य जानिए**

जीव हमारी जाति है, मानव धर्म हमारा। हिन्दु मुस्लिम सिक्ख ईसाई धर्म नहीं कोई न्यारा।।

1. ब्रह्मा, विष्णु, महेश के माता-पिता कौन हैं?
2. शेरांवाली माता (दुर्गा अष्टंगी) का पति कौन है?
3. हमको जन्म देने व मारने में किस प्रभु का स्वार्थ है?
4. हम सभी देवी-देवताओं की इतनी भक्ति करते हैं, फिर भी दुःखी क्यों हैं?
5. ब्रह्मा, विष्णु, महेश किसकी भक्ति करते हैं?
6. पूर्ण संत की क्या पहचान है एवं पूर्ण मोक्ष कैसे मिलेगा?
7. परमात्मा साकार है या निराकार?
8. किसी भी गुरु की शरण में जाने से मुक्ति संभव है या नहीं?
9. तीर्थ, व्रत, तर्पण, श्राद्ध निकालने से लाभ संभव है या नहीं?
10. श्री कृष्ण जी काल नहीं थे। फिर गीता वाला काल कौन है?
11. पूर्ण परमात्मा कौन तथा कैसा है? कहाँ रहता है? कैसे मिलता है? किसने देखा है?
12. समाधि अभ्यास (Meditation) राम, हरे कृष्ण, हरिओम,हंस, तीन व पाँच नामों तथा वाहेगुरु आदि-आदि नामों के जाप से सुख एवं मुक्ति संभव है या नहीं?
13. वर्तमान समय में प्रसिद्ध भविष्यवक्ताओं के अनुसार वह महान संत कौन है?

अवश्य पढ़िये


ज्ञान गंगा


जीने की राह

इन सभी प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए कृप्या पढ़ें पुस्तक ज्ञान गंगा या जीने की राह।

निःशुल्क पुस्तक मंगवाने के लिए हमें अपना पूरा नाम, पता फोन नंबर सहित निम्न नंबर पर भेजें :-
7496801825, 7496801823

संत रामपाल जी महाराज से जुड़ने के लिए मिस कॉल करें 81 93 81 93 81
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे 8222880541, 42, 43, 44, 45 पीछे भी देखें...।

24 घंटे के अंदर ही लूट की घटना का खुलासा

# मुठभेड़ में एक के पैर में लगी गोली

- तीन अन्य अपराधी गिरफ्तार, जबकि एक अन्य फरार

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र में असलहाधारी बदमाशों ने सदरपुर गांव में बदमाशों के द्वारा टेंट व्यवसायी के घर में घुसकर चोद की घटना को अंजाम दिया गया था इसके बाद मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी नेपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने घटना के 24 घंटे के अंदर ही घटना का खुलासा करते हुए चोरी की घटना में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया जबकि एक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

रविवार रात्रि सदरपुर गांव निवासी टेंट व्यवसाई के घर में असलहे के बल पर लूट व चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा। एडिशनल एसपी नेपाल सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर मैगलगंज रमेश चंद्र पांडे के द्वारा गठित टीम ने घटना के तुरंत बाद ही एक्शन मोड में आते हुए रात्रि में ही बदमाशों की घेराबंदी की जिसमें मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश रामजी पुत्र भोजपाल के पैर में गोली लगी जबकि तीन अन्य बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा। अंधेरे का फायदा उठाते हुए पांचवा अपराधी पुलिस को चकमा देकर मौके से भागने में कामयाब रहा। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान राम जी पुत्र भजपाल निवासी ढखोरा थाना मैगलगंज, राज पुत्र राजवीर पाल निवासी कस्बा बरबर थाना पसगवां, विमलेश पुत्र रामशरन निवासी कस्बा बरबर थाना पसगवां, अभिषेक सिंह उर्फ गोलू पुत्र पुनीत सिंह निवासी ग्राम सेमराजानीपुर थाना पसगवाँ के रूप में हुई जबकि पांचवें भागने वाले अपराधी की पहचान कपिल पुत्र डब्बू कुमार निवासी ग्राम बेलहरा थाना पसगवां जनपद खीरी के रूप में है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल उपयुक्त राम जी के दाएं पैर में गोली लगी जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां भेजा गया जहां अभियुक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दो अदद अवैध तमंचा 315, 3 जिंदा कारतूस, सदरपुर से चोरी से संबंधित 14300 समेत कुछ जेवरात व घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन के साथ-साथ दो अदद मोटरसाइकिल भी बरामद हुई। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पांडे, उप निरीक्षक अनूप कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक सुशील तिवारी, उप निरीक्षक विनोद सिंह, उपनिरीक्षक राजपाल सिंह, हेड कांस्टेबल रामनारायन, अनिल कुमार, देवेंद्र सिंह, इकराम, प्रदीप सरोज, बादल सिंह, सुमित जैनर मौजूद रहे।

## राशन विक्रेता पर कम राशन देने का आरोप

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड पसगवॉ की ग्राम पंचायत गढ़ी इब्राहिमपुर में सैकड़ो राशन कार्ड धारकों ने उचित दर राशन विक्रेता पर कम राशन देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि राशन विक्रेता एक यूनिट पर 500 ग्राम कम राशन और अंत्योदय कार्ड पर 35 किलो की बजाय 30 किलो ही राशन देता है। जब कार्ड धारक इसका विरोध करते हैं तो राशन विक्रेता गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर भगा देता है। इसको लेकर उप जिला अधिकारी मोहम्मदी, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, जनसुनवाई पोर्टल सहित कई जगह शिकायत की गई है शिकायत में उपभोक्ताओं ने कोटेदार सोनपाल पर कम राशन वितरण करने का आरोप लगाया है। शिकायत करने वालों में श्याम बाबू रामदेवी वेदवती राजेश कुमार सीता देवी मन्ती देवी इमरान बेग, राहिल, शाहीन फहीम गुलशन राम नरेश आजम बाबूराम रमेश शकीरा शाहिद सैकड़ो लोगों ने हस्ताक्षर किये है और मांग की है कि कोटेदार का लाइसेंस निरस्त किया जाये।

# देवी-देवताओं के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी पर भड़के विधायक सहित हिंदू संगठन के लोग, बाजार बंद



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ईसानगर कोतवाली क्षेत्र में हिंदू संगठनों के लोगों ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। लोगों ने देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर रासुका लगाने की मांग की। कोतवाली क्षेत्र में समुदाय विशेष के युवकों ने देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन हिंदू संगठनों में आक्रोश कम नहीं हुआ, हिंदू संगठन के लोगों ने कहा पुलिस के द्वारा नहीं हुई संतोषजनक कार्रवाई अपराध के हिसाब से नहीं पंजीकृत हुआ मुकदमा, संगठन के लोगों ने आरोपियों पर रासुका लगाने की मांग करते हुए मंगलवार को प्रदर्शन कर बाजार बंद करा दिया।

ईसानगर कोतवाली क्षेत्र के लौकाही गांव निवासी अब्दुल लतीफ ने सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट हिंदू संगठन के लोगों ने मंगलवार को धौरहरा, सिसैया, ईसानगर, खमरिया की बाजार बंद कराने के बाद सिसैया चौराहे पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर एसडीएम राजेश कुमार सीओ प्रीतम पाल सिंह, धौरहरा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा, ईसानगर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार गंगवार, खमरिया प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा गया। एसडीएम सीओ ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से की बात भरोसा दिलाया कि दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

वही प्रदर्शन स्थल पर कुछ देर से पहुंचे धौरहरा विधायक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया इस मामले से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं होगी, अधिक समय न लेते हुए तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मुझे कॉपी भेजते हुए सूचित करें। उन्होंने कहा माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश हैं कोई भी व्यक्ति हिंदू देवी देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करता है तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई हो। वही क्षेत्रीय विधायक की बातचीत में फोन पर व्यस्त दिखे क्षेत्राधिकारी धौरहरा, क्षेत्रीय विधायक से 1 मिनट रुकने को कहा, सीओ धौरहरा का फोन चलता देख दरोगा, दरोगा पुकारते रहे विधायक विनोद शंकर अवस्थी। हिन्दू संगठन के प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन देकर आरोपियों के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की जाए ये मांग की है, जिससे पुनः ऐसा कृत्य करने की किसी की हिम्मत ना हो। प्रदर्शन करने वालों में कन्हैया बाजपेयी, देव जुनेजा, हर्षित मिश्रा, पंकज पाण्डे, राजहंस, भोला मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

# गायत्री परिवार स्कूलों में सिखाएगा नि:शुल्क ढपली वादन

- संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत आयोजन
- भगवान दीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज में होगा पहला प्रशिक्षण शिविर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



अखिल गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर खीरी द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित किए जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसको लेकर गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा पहला कदम कन्याओं को संगीत प्रतिभा संपन्न बनाने का उठाया है। इस क्रम में युवा प्रकोष्ठ द्वारा नगर के भगवान दीन आर्य कन्या इण्टर कालेज में नि:शुल्क ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए मंगलवार को युवा प्रकोष्ठ टोली द्वारा विद्यालय की छात्राओं को संगीत वादन सीखने के लिए प्रेरित किया गया। ढपली सीखने में अभिरुचि जताने वाली छात्राओं का चयन कर उनका पंजीकरण किया गया जिसमें विद्यालय छात्रा ललिता शर्मा और युवा प्रकोष्ठ की रचना अग्रवाल ने सहयोग किया। विद्यालय प्रधानाचार्या ने छात्राओं में संगीत प्रतिभा गढ़ने के इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विद्यालय की ओर से स्वागत किया है।

# हमारी संस्कृति, हमारी पहचान: संस्कृति उत्सव के माध्यम से प्रतिभाओं की खोज करेगी सरकार

- संस्कृति उत्सव से उदीयमान प्रतिभाओं को तलाशेगी सरकार, दो जनवरी से शुरू होने वाला आयोजन कब तक चलेगा, जानिए

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

संस्कृति विभाग, उप्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश पर्व- हमारी संस्कृति, हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव-2024-25 का आयोजन कराये जाने हेतु नियम एवं शर्तो निर्धारित करते हुए ग्रामीण अंचलों में प्रचलित लोक संगीत की परम्पराओं के संरक्षण, संवर्धन एवं इन विधाओं से जुड़े कलाकारों को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत उप्र के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यतानुसार मंच प्रदान करने के उदेश्य से प्रतिभागियों के पंजीकरण हेतु संबधित सूचनाएं व आनलाइन आवेदन की सुविधा https://upculture.up.nic.in पर एंव आफलाइन आवेदन प्रारूप उपलब्ध संबंधित तहसीलदार द्वारा स्वीकार किया जाएगें। यह जानकारी पर्यटन सूचना अधिकारी/सचिव, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, खीरी सुचित्त कुमार चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता कार्यक्रम की प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 02-05 जनवरी को गांव, पंचायत, ब्लाक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता प्रतियोगिता स्थल तहसील मुख्यालय पर, 07-8 जनवरी को तहसील स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता प्रतियोगिता स्थल जनपद मुख्यालय पर और 10-12 जनवरी को जनपद स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता प्रतियोगिता स्थल पर मण्डलीय मुख्यालय पर प्रतियोगिता होगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्तानुसार पोर्टल तक पहुँच न रखने वाले अथवा विलम्ब से आने वाले इच्छुक व्यक्तियों हेतु आफलाइन - आन द स्पाट पंजीकरण का विकल्प रखा जाएगा। आफलाइन आवेदन निर्धारित प्रारूप पर संबंधित तहसीलदार द्वारा स्वीकार किया जाएगा।

# मकान के अंदर कमरे में वृद्ध का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**





थाना भीरा की पुलिस चौकी बिजुआ के अन्तर्गत गुलरिया गांव में बंद मकान में कमरे के अंदर संदिग्ध अवस्था में वृद्ध का शव मिला, सूचना पाकर पुलिस क्षेत्र अधिकारी गोला ने मौका मुआइना कर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिया है। गुलरिया निवासी राम दुलारे उम्र करीब 70 वर्ष जो डाक विभाग में पोस्टमैन की नौकरी करते थे और रिटायर हो चुके थे गुलरिया चीनी मिल स्कूल के पास लखीमपुर भीरा राज्य मार्ग के किनारे बने अपने मकान में अकेले ही निवास करते थे। उनके दो लड़के हैं जिसमें सर्वेश कुमार लखीमपुर में रहता है। वहीं दूसरा अमर रस्तोगी बुलंदशहर में डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है मकान के अंदर कैमरे लगे हुए हैं जिनके द्वारा ही अमर रस्तोगी मकान की स्थिति का पता किया करते थे आज प्रात करीब 9ः00 बजे नौसर जोगी निवासी अमित पुत्र रुपबसंत अपने कुछ कागज लेने घर पर आया था जहां पर कई बार आवाज़ दी लेकिन अंदर से कोई भी हलचल नहीं हुई तब अमित ने मृतक के लड़के को फोन किया और कहा कि मुख्य दरवाजा बंद है लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आ रही है तब उसने भी अपने पिता को कई बार फोन किया घंटी जाती रही लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया तब उसने उसी से कहा कि ऐसा करो वीडियो कॉल कर अंदर जाओ और हमें दिखाओ क्या कारण है दो-तीन लोग मिलकर वीडियो कॉल करते हुए अंदर गए तो देखा कि वह कमरे में जमीन पर संदिग्ध अवस्था में पड़े हैं ।फोन पर देखने के बाद उसने अपने बड़े भाई सर्वेश को फोन पर जानकारी दी जो लखीमपुर में रहता है, सर्वेश जब गुलरिया घर पर आया और पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मौका मुआइना किया कर शव का पंचायत नामा भरकर शव को पोस्ट मार्डम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

**हत्या की जता रहे आशंका:** रामदुलारे अपने मकान में अकेले रहते थे इसलिए छोटे पुत्र ने पूरे घर में सीसीटीवी कैमरे लगाए थे और अपने मोबाइल पर सब देख लेता था।बताते है जो कैमरा सामने की तरफ लगा है उस पर किसी ने गत्ता लगा दिया जिससे अनहोनी की लोग शंका जता रहे हैं।

## कैंसर से पीड़ित कार मिस्त्री का सुसाइड

**वाराणसी।** वाराणसी में मंगलवार को कैंसर पीड़ित कार मिस्त्री नजीरूल हसन (54) ने कुएं की रस्सी में फांसी लगाकर जान दे दी। वह कैंसर और सफेद दाग के इलाज और उसके दर्द से परेशान था। पिछले दिनों रिपोर्ट में बढ़ते इन्फेक्शन की जानकारी देकर डॉक्टर ने उसे जवाब दे दिया था। इसके बाद कार मिस्त्री अवसाद में था।

बीमारी की हालत में परिजनों ने भी उसका साथ छोड़ दिया था, वह एक कार में रहता था। मंगलवार सुबह उसने सुसाइड कर लिया। शव कुएं में लटके होने की सूचना के बाद कैंट पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद आसपास के लोगों को बुलाकर मृतक की शिनाख्त कराई। पुलिस ने परिजनों को भी घटना की सूचना दी, जिसकी जानकारी पाकर पत्नी और बच्चे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से तहरीर लेकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## भतीजे के कातिल चाचा को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**निघासन खीरी।** सोमवार को निघासन कस्बे के इंद्रपुरी वार्ड नंबर 12 के रहने वाले अनिल निषाद पुत्र शिवकुमार ने अपने ही दो वर्षीय भतीजे हिमांशु की बांके से काटकर निर्मम हत्या कर दी थी, हत्या के बाद हत्या आरोपी अनिल को आला कत्ल बांके के साथ निघासन कोतवाल महेश चंद्र ने मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# कार का पहिया निकलने से कार खाई में पलटी, कारसवार एक की मौत, दो घायल

**संसार पुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना हैदराबाद क्षेत्र के स्टेट हाईवे के कस्बा ममरी के निकट मोहम्मदी की तरफ से गोला जा रही इयोन कार का अचानक एक पहिया निकाल जाने से कार सड़क किनारे एक गड्ढे में जा गिरी जिससे चार पहिया वाहन में चालक व अन्य दो युवक गम्भीर घायल हो गए। राहगीरों ने परिजनों व हैदराबाद पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में एम्बुलेंस से घायल तीनो युवकों को गोला सीएचसी भेजा। जिसमे एक युवक को सी एच सी ले जाते समय मौत हो गया जिसमे दो युवक घायल थे उनका चिकित्सक द्वारा इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनोवा कार सवार मोहम्मदी से गोला होते हुए नौवाखेड़ा जा रहे थे अचानक कार का एक पहिया निकाल जाने से सड़क हादसा हो गया। मृतक प्रियांशु पुत्र स्व0 विमलेश वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी नौवाखेड़ा थाना मैलानी गम्भीर रूप से घायल हो गया जिससे सी एच सी गोला ले जाते समय मौत हो गई। और दो अन्य युवक कपिल वर्मा पुत्र स्वर्गीय मुन्नालाल वर्मा उम्र 34 वर्ष निवासी धरावा थाना हैदराबाद, अंकुश वर्मा पुत्र हरिशंकर वर्मा उम्र 16 वर्ष निवासी इमलिया कोठी थाना हैदराबाद पुलिस ने परिजनों को सूचित किया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर सील बंद कर पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय भेज दिया।

# समाजवादी छात्र सभा ने किया प्रदर्शन, छात्र संघ बहाली की उठाई मांग

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**

वाराणसी के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ बहाली को लेकर जिला मुख्यालय पर समाजवादी छात्र सभा ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम कार्यालय तक जाने को लेकर पुलिस और नोकझोक हुई। मौके पर पहुंचे एसीपी कैंट विदुष सक्सेना को ज्ञापन सौंपा। समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और बैठक जिला मुख्यालय के गेट पर धरना दिया। इस दौरान समाजवादी छात्र सभा ने काशी विद्यापीठ में रोप-वे विद्युत उपकेंद्र को न बनाने की भी मांग की है क्योंकि यह उपकेंद्र छात्रों के लिए खतरनाक है। इस मौके पर मौजूद समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष राहुल सोनकर ने कहा- छात्रों के साथ पिछले वर्ष बहुत अन्याय हुआ है। कई परीक्षाएं लीक हुई जिससे छात्र-छात्राओं का आर्थिक और मानसिक मनोबल टूट गया है। ऐसे में हम इस बार सरकार से मांग करते हैं की नए साल पर नई वैकेंसी और छात्रों के हितों का काम करे। इस मौके पर राहुल ने कहा- जिस तरह से एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने सदन में छात्रसंघ बहाली की मांग की है। वैसे ही हम भी आज यहां मांग कर रहे हैं और अगले एक हफ्ते बाद हम काशी विद्यापीठ से इस बहाली को लेकर बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। समाजवादी छात्रसभा के आयुष यादव ने बताया आज हम लोग विभिन्न मांगों के साथ यहां पहुंचे हैं। इसमें प्रमुख रूप से हमारा मुद्दा छात्रसंघ बहाली है। इसके अलावा विद्यापीठ में बन रहा विद्युत उपकेंद्र है जो छात्र-छात्रों के लिए हानिकारक है क्योंकि वह छात्रों के क्लास से महज 25 मीटर की दूरी पर है। ऐसे में उसे वहां से हटाया जाए वरना छात्रों को बिमारी होने का अंदेशा है। डीएम को ज्ञापन देने की मांग पर अड़े समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर धरना देने लगे तो मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझना चाहा। जिसपर पुलिस और छात्रों की हल्की बहस हुई। मौके पर पहुंचे एसीपी विदुष सक्सेना ने छात्रों को समझाकर उठाया और उनसे ज्ञापन लिया।

# हैंडबॉल: वाराणसी की छह बालिकाएं नेशनल विद्यालयी टीम में चयनित

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के विकास इंटर कालेज की छह छात्राओं का नेशनल विद्यालयी हैंडबॉल टीम में चयन हुआ है। इस चयन के बाद कालेज में जश्न का माहौल है। कालेज में पढ़ने वाली छात्राएं तेलंगाना में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता अंडर 17 में हिस्सा लेंगी।

इस सूचना के बाद उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। इस संबंध में डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान अयोध्या के प्राचार्य हरवंश सिंह ने बताया 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता अंडर 17 का आयोजन 10 से 14 जनवरी तक करीमनगर (तेलंगाना) में हो रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम भी हिस्सा लेगी। टीम का चयन कर लिया गया है।

यह पहली बार हो रहा है कि किसी एक कॉलेज की छह छात्रा एक साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। इसके अलावा 5 खिलाड़ी मैथडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज अयोध्या, एक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कालेज, नई बाजार, नैनी प्रयागराज, एक खिलाड़ी श्रीमती डी सिंह सरस्वती शिशु मंदिर नैनी, प्रयागराज, एक खिलाड़ी बापू इंटर कालेज कोपागंज मऊ, एक खिलाड़ी सत्यराम इंटर कालेज, कल्याणपुर मऊ और एक खिलाड़ी संस्कृत पाठशाला कन्या गर्ल्स इंटर कालेज सदर, लखनऊ की है। टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों को 7 जनवरी को अयोध्या क्रीड़ा संस्थान में रिपोर्ट करना है।

# अखिलेश सरकार में रोजा इफ्तार का निमंत्रण जाता था, स्वामी जीतेन्द्रानंद बोले- इसलिए उनके पेट में दर्द होना स्वाभाविक

- महाकुंभ को लेकर सपा-भाजपा का आरोप-प्रत्यारोप

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**

महाकुंभ को लेकर सपा ने प्रदेश सरकार पर अनावश्यक पैसे खर्च और प्रचार प्रसार का आरोप लगाया है। दूसरी तरफभारतीय जनता पार्टी भी इस पूरे मामले पर समाजवादी पार्टी को जवाब देती दिखाई दे रही है। लेकिन, इसी बीच अब संत समिति ने भी बीजेपी का समर्थन किया है। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा- पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की तरफसे महाकुंभ आयोजन के निमंत्रण को लेकर सवाल उठाए जा रहें है। उनके पेट में दर्द होना स्वाभाविक है। क्योंकि, उनके कार्यकाल में सरकारी धन की मदद से रोजा इफ्तार के लिए ही निमंत्रण देने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब धार्मिक आयोजन के लिए सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों को आग्रह पूर्वक निमंत्रण भेज रहे हैं। यह उनकी सनातन धर्म के प्रति अपार आस्था रखने वाली कार्य शैली को दर्शाता है। निश्चित ही अब पुराने दिन बदल गए और आज सनातन धर्म से जुड़े प्रमुख आयोजन और पर्व पर सरकार द्वारा लोगों को ऐसे पवित्र आयोजन से जुड़ने के लिए आमंत्रण भेजा जाता है। संत समिति की तरफसे यह भी कहा गया-निमंत्रण भेजे जाने पर कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए। पहले भी महाकुंभ आयोजन को लेकर सनातन धर्म के पंचांग के माध्यम से लोगों को प्रमुख तिथियों के स्नान के बारे में पता चलता था। ऐसे में पंचांग भी श्रद्धालुओं के लिए एक प्रकार से निमंत्रण पत्र हुआ करता था, जिससे स्वयं ही लोग महाकुंभ जैसे आयोजन में पहुंचने लगते थे। जिस भव्यता के साथ प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ आयोजन 2025 की तैयारी की जा रही है।

# आईएमएस बीएचयू के डॉक्टरों ने गर्भवती की बचाई जान

- बच्चेदानी के बाहर आ गया था प्लेसेंटाय ढाई घंटे चली सर्जरी

**वाराणसी।** आईएमएस बीएचयू के स्त्री रोग विभाग में आई एक गर्भवती की डॉक्टरों की टीम ने मंगलवार को जटिल सर्जरी कर महिला और नवजात की जान बचाई। करीब ढाई घंटे तक चली सर्जरी के बाद महिला और उसका बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

प्रसव पीड़ा से परेशान करीब 30 वर्षीय महिला को परिजन स्त्री रोग विभाग लेकर आया गया था। रेडियोलॉजी विभाग और यूरोलॉजी विभाग की टीम के साथ बातचीत कर सर्जरी का निर्णय लिया गया। रेडियोलॉजी विभाग के डीएसए यानी डिजिटल सबस्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी लैब में सर्जरी हुई। इस दौरान महिला के बच्चेदानी की नस में एक बैलून कैथेटर डाला गया, जिससे कि शरीर से खून ज्यादा बाहर न निकल पाए और खून का प्रवाह सामान्य तरीके से होता रहे। फिर सर्जरी कर बच्चे को सुरक्षित निकाल लिया गया। इसके बाद महिला की बच्चेदानी को पूरा निकाला गया। खास बात यह रही कि इस पूरी सर्जरी के दौरान महिला के शरीर से खून बहुत कम बहे। आमतौर पर इस तरह की जटिल सर्जरी के दौरान शरीर से सबसे ज्यादा खून निकलता है। मरीज की जान को भी ज्यादा खतरा रहता है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संगीता राय के अनुसार, रेडियोलॉजी विभाग में अल्ट्रासाउंड, एमआरआई कराया गया। जांच के दौरान पता चला कि महिला की बच्चेदानी के बाहर प्लेसेंटा आ गया था और पेशाब की थैली से भी चिपक गया था।





## अनुकरणीय कार्य के लिए आठ टिकट चेकिंग कर्मचारी हुए सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़ ।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर 2024 को मंडलीय कार्यालय में मण्डल रेल प्रबंधक, एसएम शर्मा द्वारा टिकट चेकिंग में अपनी उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान करके रेल राजस्व में वृद्धि करने वाले तथा ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट यात्री सेवा प्रदान करने वाले मण्डल के वाणिज्य विभाग की टिकट चेकिंग शाखा के कुल 8 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। जिनके नाम क्रमशः प्रमोद कुमार भसीन/मुख्य टिकट निरीक्षक/लखनऊ, राजेन्द्र प्रसाद जुयाल/ मुख्य टिकट निरीक्षक/लखनऊ, धर्मेन्द्र कुमार/चल टिकट निरीक्षक/लखनऊ, अरविंद कुमार सिंह-1/ चल टिकट निरीक्षक/वाराणसी, राकेश कुमार/ चल टिकट निरीक्षक/सुल्तानपुर, दिनेश कुमार मिश्रा/टिकट परीक्षक /वाराणसी एवं राज हंस शंकर/टिकट परीक्षक/वाराणसी हैं, उल्लेखनीय है। इन विजेताओं में एक नाम संजय पाल का भी है, जोकि मण्डल के मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन पर मुख्य टिकट निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। श्री पाल जोकि दिनांक 14.12.24 को गाड़ी संख्या 14208 पद्मावत एक्स्प्रेस पर कार्य कर रहे थे। कार्य के दौरान उन्होंने लखनऊ से बछरावां के बीच गाड़ी के द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित कोच की बर्थ संख्या 49-50 पर मूल्यवान सामान और आभूषणों से भरा एक बैग पाया। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ कि इस बर्थ पर यात्रा करने वाले यात्री लखनऊ में उतर गए थे ढ्ढ इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए श्री पाल ने इस बैग को अपनी सुपुर्दगी में लेते हुए प्रशासन को इसकी सूचना दी तथा यात्री के आने पर नियमानुसार कार्यवाही करने के बाद इस बैग को सही सलामत अवस्था में यात्री को सौंप दिया गया था।

## गोमती नदी के पानी में उतरे किसान प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में किसानों ने भूमि अधिग्रहण के खिलाफ मंगलवार को गोमती नदी में खड़े होकर प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि एयरपोर्ट प्रशासन, आवास विकास और एलडीए जबरन भूमि का अधिग्रहण कर रहा है। भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव ने बताया कि सरकार की एजेंसियां किसानों की जमीन हड़पना चाहती है। इसको लेकर किसानों ने घैला पुल के नीचे गोमती नदी के पानी में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया।


































































# पटरियों पर दुकान लगाने वालों का होगा चालान

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक, दिए निर्देश

### सभी चीनी मिल व पीटीओ को गन्ना ट्रॉलियों में तत्काल रिफ्लेक्टर लगवाने के दिए गए निर्देश

समृद्धि न्यूज



सभी ट्रैक्टर व ट्रॉली का रजिस्ट्रेशन आगामी 15 जनवरी तक कर इनका नंबर किया जाए जारी

**गोंडा।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों एवं अभिभावकों की भी होगी, अतः यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ऑन रोड सेफ्टी द्वारा दिए गए नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुपालन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिए कि संयुक्त भ्रमण करते हुए दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया जाय, साथ ही वहां पर दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से जो कार्यवाही की है उसका सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में नगरपालिका परिषद गोण्डा के ईओ संजय कुमार मिश्र को निर्देश दिये हैं कि झूलेलाल चौराहा का सौन्दर्यीकरण नगरपालिका के द्वारा कराया जाय। साथ ही बैठक के दौरान उन्होंने पीटीओ परिवहन विभाग शैलेंद्र त्रिपाठी को निर्देश दिये हैं कि जनपद के सभी ट्रैक्टर एवं ट्राली को आगामी 15 जनवरी,2025 तक रजिस्ट्रेशन कर इनका नंबर जारी किया जाय। इसके लिए सभी ट्रैक्टर चालक मालिकों को पत्र भेज कर अवगत करा दिया जाय। बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि शहर चौक बाजार में जाने वाले लोगों के गाडियों की पार्किंग चुन्नी गोदाम के परिसर में कराया जाय, ताकि बाजार में वाहनों के कारण होने जाम को खत्म किया जा सके। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, ट्रैफिक स्पेक्टर, ईओ नगरपालिका गोण्डा तथा पीटीओ को निर्देश दिये हैं कि संयुक्त रूप से एक टीम के साथ निरीक्षण कर शहर में रोड की पटरियों पर दुकान लगाने वालों को हटवा कर पीछे किया जाय, साथ ही नगरपालिका से चालान कर कार्यवाही की जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने साफ शब्दों में जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रबंधकों एवं संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द सभी लोग अपने-अपने स्कूली वाहनों का परमिट एवं फिटनेस कराकर परिवहन विभाग को अवगत कराये अन्यथा की दशा में ऐसे वाहनों का रजिस्ट्रेशन तत्काल निरस्त करते हुए कार्यवाही की जायेगी। साथ ही जांच करने के बाद गलत पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के दृष्टि से की जाने वाली प्रवर्तन कार्यवाही जैसे वाहनों में बैकलाइट, हैडलाईट एवं इण्डीकेटर, दो पहिया वाहनों में हैलमेट का प्रयोग, चार पाहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग तथा व्यवसायिक वाहनों /गन्ना ढोने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों में तत्काल रिफ्लेक्टर लगाने जनपद के सभी चिनी मिल एवं पीटीओ शैलेंद्र त्रिपाठी को निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा की हाइवे किनारे स्थित ढाबों पेट्रोल पंप आदि पर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाई जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज कुमार वर्मा, सीओ सिटी आनंद राय, ट्रैफिक स्पेक्टर, एक्सईएएन प्रांतीय खंड प्रमोद त्रिपाठी, सीडी-1, एआरटीओ प्रशासन, एआरटीओ प्रवर्तन (पीटीओ) शैलेन्द्र त्रिपाठी, रोडवेज विभाग, ईओ नगरपालिका गोण्डा संजय कुमार मिश्र, प्राधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोंडा, चिनी मिल्स पदाधिकारी, सहित सभी संबंधित आधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परिवार नियोजन के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज



गोंडा की कुल प्रजनन दर 3.6 जो उत्तर प्रदेश की कुल प्रजनन दर से भी है ज्यादा !

**बहराइच।** मंगलवार को जनपद में परिवार नियोजन की ग्राहयता व सफलता बढ़ाने के लिए इस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर एवं फखरपुर में ब्लाक में कार्यरत समस्त एएनएम का प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में मोबियस फाउंडेशन एवं पापुलेशन फाउंडेशन आफ इण्डिया के सहयोग से किया गया ।

जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर मो.राशिद ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (एन एफ एच एस-5) के आंकड़ों के अनुसार जनपद की कुल प्रजनन दर 3.6 है जो उत्तर प्रदेश की कुल प्रजनन दर से बहुत अधिक है और परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने में लोगों को अभी संकोच होता है। अतः शिवपुर एवं फखरपुर की समस्त एएनएम का प्रशिक्षण आज इस विषयक किया गया है। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर डॉ नरेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात् एएनएम् एवं आशा के द्वारा सामुदायिक जागरूकता के साथ-साथ सेवायें भी दी जायेंगी, जिससे परिवार नियोजन के वार्षिक लक्ष्यों को भी पूरा किया जा सकेगा। साथ ही अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर डॉ नलिन राजा ने बताया कि आज की ट्रेनिंग बहुत उपयोगी सिद्ध होगी क्योंकि इस क्षेत्र में परिवार नियोजन की आवश्यकता होने के बावजूद लोगों में इसके प्रति उदासीनता है। आज की इस ट्रेनिंग में लाभार्थी की काउंसलिंग कैसे करें इसकी भी जानकारी दी गयी है, आशा है कि इसका लाभ समुदाय को मिलेगा। दुर्गेश सिंह, बी पी एम् एवं ट्रेनर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर ने बताया कि परिवार नियोजन के प्रशिक्षण में सभी एएनएम् को बास्केट ऑफ़ चॉइस को लाभार्थियों के इच्छा/आवश्यकता अनुसार प्रदान करने पर विशेष रूप से जोर दिया गया एवं पुरुष नसबंदी को जन-जागरूकता के माध्यम से अधिक से अधिक करने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में शकील सिद्दीकी, बीसीपीएम् व ट्रेनर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर द्वारा परिवार नियोजन की विधियों एवं सफलता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। पापुलेशन फाउंडेशन आफ इण्डिया की प्रतिनिधि डॉ साफिया ज़मीर ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कार्यरत समस्त आशा एवं एएनएम के प्रशिक्षण की योजना है जिससे परिवार नियोजन के लक्ष्यों को जनपद प्राप्त कर सके। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कराया जा चुका है जिससे प्रशिक्षण को पूर्ण किया जा सके। कार्यक्रम में उपरोक्त के अतिरिक्त सभी एएनएम उपस्थित रही।

## खबरें एक नजर में

### नयी सोच के साथ आगे बढ़ेगी कांग्रेस : सगीर खान



**गोन्डा।** जनपद में कांग्रेस के अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सगीर खान से वार्ता करने पर बताया कि उत्तर प्रदेश और एक अन्य राज्य में कांग्रेस की कमेटी को भंग कर दी गई है, नये वर्ष में जनपद गोन्डा में जिला कांग्रेस कमेटी का विस्तार होगा तथा कर्मठ कार्यकर्ताओं को आगे आने का मौका मिल सकता है। सगीर खान ने सरकार के नीतियों पर कहा कि सरकार ने युवाओं के सपनों पर पानी फेर दिया, यही नहीं महंगाई और बेरोज़गारी से आम जनता की कमर टूट रही है। इस बार कांग्रेस की सरकार बनेगी। श्री खान ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार में मध्यम वर्गीय व्यापारियों की बड़ी दुर्गति हो रही है। इस बार कांग्रेस के शीर्ष नृत्तेव से कार्यकर्ताओं को आशा है कि अब आने वाले चुनाव मे कांग्रेस पार्टी अकेले चुनाव लड़ें हमारी कांग्रेस पार्टी के साथ है। कांग्रेस प्रदेश सचिव सादाब खां ने कहा की मैं वकालत से जुड़ा हूं लगातार संविधान संसोधन कहीं न कहीं लोगों के लिए छलावा है। वार्ता के अन्त में सगीर खान व सादाब खां ने नव वर्ष पर जनता को शुभकामनाएं दी और कहा कि नव वर्ष का नया सवेरा कांग्रेस पार्टी के लिए हितकारी साबित होगा।

### ग्रामीण ने मोर का किया शिकार, दर्ज होगा केस : डीएफओ



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के रेहुआ मंसूर गांव निवासी एक व्यक्ति ने मोर का शिकार मंगलवार को किया। इसका कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वन विभाग अभियुक्त को जेल भेजने की बात कह रही है। राम गांव थाना क्षेत्र के सदर रेंज के रेहुआ मंसूरगांव में मंगलवार सुबह गन्ने के खेत में मोर आ गया। ग्राम पंचायत के मजरा बेहननपुरवा गांव में आए राष्ट्रीय पक्षी मोर का गांव निवासी हाफिज अली नाम के ग्रामीण ने शिकार कर लिया। इसके बाद उसके टुकड़े करने लगा। मौके पर पहुंचे लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी डीएफओ अजीत प्रताप सिंह को दी गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीण ने मोर का शिकार किया है। उसके विरुद्ध रेंज केस दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### अतिक्रमण नहीं हटा तो होगी कार्रवाई : अधिशाषी अधिकारी



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** नानपारा तहसील में स्थित कस्बे में नालियों समेत फुटपाथ पर कब्जे से लगातार जाम की स्थिति बनी हुई है। इसको लेकर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी के साथ पुलिस बल ने अतिक्रमण करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए स्वयं कब्जा हटाने की बात कही ऐसा न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। नानपारा कस्बे में जाम की समस्या को देखते हुए स्थानीय प्रशासन सड़कों पर उतरा इस दौरान नालियों व फुटपाथों पर कब्जा करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए शीघ्र ही स्वयं कब्जा हटाने की बात कही। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रंग बहादुर ने बताया कि कस्बे के मुख्य बाजार में अतिक्रमण करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए स्वयं हटाने की बात कही गई है। ऐसा न करने पर शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की जाएगी। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों के समान को भी जप्त कर लिया जाएगा। इस दौरान कोतवाली नानपारा के प्रभारी प्रदीप सिंह, उप निरीक्षक पीएन पांडे, राम गोविंद वर्मा समेत पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

### मानसिक असंतुलन के चलते युवक ने लगाई फांसी

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र पयागपुर अंतर्गत खुटेहना के मधिनगरा निवासी 45 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक कुमार पाठक अपनी ससुराल खुटेहना के मधिनगरा में निवास कर रहे थे। पिछले चार पांच महीने से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे।मंगलवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिए जिससे उनकी मृत्यु हो गई। थाना प्रभारी करुणाकर पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# निक्षय मित्र बनकर दें किसी को नया जीवन

### डीएम ने उद्योगपतियों व व्यवसायियों से विशेष अपील

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** नया साल नई शुरुआत का प्रतीक है। जनपद में क्षय (टीबी) रोग उन्मूलन की दिशा में आप अपना अमूल्य योगदान देकर इस नव वर्ष को और भी खास बना सकते हैं। जनपद में वर्तमान में 5045 क्षय रोगी इस बीमारी से जूझ रहे हैं, जिनमें से 4781 मरीजों का इलाज चल रहा है। इन्हें न केवल दवा, बल्कि पोषण, मानसिक सहयोग और नियमित देखभाल की भी आवश्यकता है।जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नव वर्ष के अवसर पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग, धर्मगुरु, उद्योगपतियों और व्यवसायियों से अपील की कि वे आगे आकर निक्षय मित्र बनें।

2025 सिर्फ एक नया साल नहीं, बल्कि टीबी मुक्त बहराइच के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत इलाजरत सभी मरीजों को 1000 रुपये प्रति माह दिया जा रहा है। अब तक 696 निक्षय मित्र बने हैं, जिन्होंने 3586 मरीजों को गोद लिया है। इनमें अधिकांश सरकारी अधिकारी और कर्मचारी हैं। डीएम ने धर्मगुरुओं, उद्योगपतियों, और विभिन्न व्यवसायियों से इस अभियान में भागीदारी करने की अपील की।

### निक्षय मित्र बनने की प्रक्रिया

निक्षय पोर्टल पर जाकर या जिला क्षय रोग अधिकारी के मोबाइल नंबर 9792969400 पर संपर्क कर पंजीकरण कर कम से कम एक रोगी की जिम्मेदारी लें सकते हैं।

### निक्षय मित्र की भूमिका

1. रोगी को हर महीने पौष्टिक आहार (गुड़, चना, मूंगफली, तिल, सत्तू, प्रोटीन पाउडर, फल आदि कि निक्षय पोषण पोटली) देना
2. इलाज का पूरा कोर्स करने में मरीज का हौसला बढ़ाना
3. मरीज की सेहत और प्रगति पर नजर रखना।
4. अन्य लोगों को भी इस पहल से जोड़ने के लिए प्रेरित करना।

आपके योगदान का प्रभाव

5. मरीजों की रिकवरी में तेजी आएगी।
6. उनकी जिंदगी में सकारात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ेगा।
7. यह आपके उद्योग या व्यवसाय को एक मजबूत सामाजिक पहचान देगा।

क्षय रोग केवल एक मेडिकल समस्या नहीं है, यह सामाजिक और आर्थिक विकास में बाधा भी है। टीबी उन्मूलन का लक्ष्य केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। आपके छोटे से योगदान से न केवल एक मरीज की जिंदगी बदल सकती है।

–डॉ संजय कुमार शर्मा, सीएमओ बहराइच

टीबी उन्मूलन के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। आइए नव वर्ष पर समाज में एक नई उम्मीद जगाएं। क्षय रोगियों की सहायता करके उनकी जिंदगी में नई रोशनी लाएं। मिलकर टीबी मुक्त बहराइच का निर्माण करें।

– मुकेश चन्द्र, सीडीओ बहराइच

## कबड्डी में नेपाल की टीम बनी चैंपियन, विजेताओं का सम्मान



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के मिहींपुरवा क्षेत्र के बोझिया में आयोजित खेल महोत्सव का समापन विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। जिसमें विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने खेल को बढ़ावा देने के साथ-साथ शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया और युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। खेल महोत्सव का आकर्षण मुख्य रूप से क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिताओं पर केंद्रित था। क्रिकेट के फाइनल में बोझिया और घूमनाभारु टीम के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें बोझिया टीम ने विजेता के तौर पर ट्रॉफी जीती। वही वॉलीबॉल में पारवानी गौढी, खो-खो में ग्रामोदय लघु माध्यमिक विद्यालय और कबड्डी में नेपाल की टीम ने जीत हासिल की। सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उदय राज निषाद रहे जिन्होंने शिक्षा के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवा पीढ़ी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रेम मल्होत्रा ने कहा कि खेलों में भाग लेने से न केवल शारीरिक फिटनेस बनी रहती है बल्कि अच्छे प्रदर्शन करने वालों खिलाड़ी अपने भविष्य को भी उज्वल बना सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युवा वर्ग को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

# समय व गुणवत्ता के साथ करें विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण





समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस लाइन गोण्डा में निर्माणाधीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया गया तथा मानक के अनुरूप उच्च कोटि की सामग्री का प्रयोग करने व फेज-02 का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए कार्यदायी संस्था (राजकीय निर्माण निगम) को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

उन्होंने बताया कि जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में 02 एकड़ जमीन में विधिविज्ञान प्रयोगशाला के निर्माण का कार्य प्रगति पर है जिसका फेज 01 का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा फेज -02 का कार्य प्रगति पर है। जनपद में फोरेंसिक लैब की स्थापना होने से अपराध स्थलों, संदिग्धों और पीड़ितों से एकत्र किये गये साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा सकेगा साथ ही साथ डीएनए या फिंगर प्रिन्ट से लेकर मानव अवशेषों या संदिग्ध पदार्थों तक किसी भी चीज का विश्लेषण भी किया जा सकेगा। इस मौके पर फोरेंसिक विभाग के उपनिदेशक, प्रतिसार निरीक्षक, पी आर ओ व राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।।

# दूबे पुरवा में हो रही चोरियों से उड़ी लोगों की नींद

**गोंडा ।** थाना धानेपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनगाई के दूबे पुरवा में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी तोड़कर उसमें रखें लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात और नगदी चुरा ले गए। पीड़ित बृजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि एक हार सेट झुमका सहित, दो मांग का टीका, एक जोड़ी कान का झाला, एक जोड़ी बाला, दो मंगलसूत्र, एक जोड़ी सुई धागा यह सभी सोने के हैं, एक जोडी पाजेब, तीन जोड़ी पायल, बच्चों का एक जोड़ी कड़ा, 6 पीस बिछिया चांदी की और दो गुल्लक व पन्द्रह हजार रूपए नगद चुरा ले गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश राय ने दल बल के साथ घटनास्थल की जांच की। एसओजी ने भी डाग स्क्वायड के साथ पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। एसओजी ने थानाध्यक्ष के साथ शनिवार को लखनीपुर में हुई चोरी के पीड़ितों के यहां जांच पड़ताल की है। थाना अध्यक्ष राकेश राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।

# वीर एकलव्य से लोगों को सीखने की जरूरत : सांसद

### जालिमनगर में एकलव्य जयन्ती समारोह का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** जिले के ग्राम जालिमनगर स्थित श्री नाथू बाबा के स्थान पर मंगलवार को महानधनुर्धर वीर एकलव्य जयंती का आयोजन हुआ। वीर एकलव्य निषाद चेतना संस्थान के तत्वावधान में आयोजित एकलव्य जयंती समारोह में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डा. आनन्द गोंड द्वारा वीर एकलव्य व श्री नाथूबाबा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा सांसद डा. आनन्द गोंड को संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा. आनंद कुमार गौड़ ने महान धनुर्धर वीर एकलव्य के जीवन पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके गुरु के प्रति निष्ठा अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठा और संघर्षों से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, भाजपा नेता जवाहर लाल धीवर, संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रमाशंकर गोंड, परमदेव निषाद, केशव राम निषाद आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बलराम निषाद ने किया। इस अवसर पर शिव कुमार शुक्ला, श्रवण कुमार मदेशिया, साकेत पाण्डेय, धीरज गोंड, संजीव गोंड, अमित चौधरी, वेद प्रकाश निषाद, चिन्ताराम कश्यप, डा. कैलाश निषाद, दीपक गुप्ता, रामू निषाद, लायकराम निषाद सहित काफी संख्या में वीर एकलव्य निषाद चेतना संस्थान के पदाधिकारी कार्यकर्ता व क्षेत्रीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस विभाग के पांच कम्प्यूटर ऑपरेटर मुख्य आरक्षी से सहायक उपनिरीक्षक पद पर प्रोन्नत



पुलिस अधीक्षक ने बैज व स्टार लगाकर किया सम्मानित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस विभाग में कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड-ए) पद पर तैनात 05 कम्प्यूटर ऑपरेटर को ऑपरेटर (ग्रेड-बी) सहायक उपनिरीक्षक (एम) पद पर प्रोन्नत किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने उन्हें स्टार व बैज लगाकर नए को भी कुशलतापूर्वक निर्वहन की शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि सहायक उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव (सीसीटीएनएस),सहायक उ0नि0 सचिन कुमार सिंह (क्षेत्राधिकारी कैसरगंज कार्यालय),सहायक उ0नि0 संतोष कुमार प्रजापति (क्षेत्राधिकारी नानपारा कार्यालय), सहायक उ0नि0 विनय प्रकाश (क्षेत्राधिकारी महसी कार्यालय) तथा सहायक उ0नि0 सतीश कुमार (थाना विशेश्वरगंज) को विभाग की ओर से प्रोन्नति प्रदान की गई है। पुलिस अधीक्षक ने इन पुलिस कर्मियों को लगन व कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक प्रियंका यादव के साथ साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परिवार परामर्श केंद्र के प्रयास से साथ रहने को राजी हुए दंपति



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** पुलिस कार्यालय स्थित 'परिवार परामर्श केन्द्र' द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर एक दंपति में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में वर्ष के आखिरी दिन मंगलवार को आवेदिका की ओर से आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र से उप निरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, महिला कांस्टेबल निशी त्रिवेदी, छाया द्विवेदी, अनन्या सिंह तथा सविता मिश्रा द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी। इस सलाह को स्वीकार करते हुए दंपतियों ने भी हंसी खुशी साथ रहने का वायदा किया और चले गए। इस प्रकार एक परिवार टूटने से बच गया।

उम्मीद

## शिक्षा, बुनियादी ढांचे व शहरी विकास के क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित

# 2025 में कई योजनाएं जिले के विकास में साबित होंगी मील का पत्थर

### गोंडा स्वच्छ व विकसित शहर की दिशा में आज से बढ़ाएगा एक कदम

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिला प्रशासन ने नव वर्ष 2025 के लिए शिक्षा, बुनियादी ढांचे और शहरी विकास के क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इन विकास योजनाओं का उद्देश्य जिले की प्रगति को गति देना और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

गोंडा प्रशासन की ये योजनाएं जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। शिक्षा, स्वच्छता और यातायात में सुधार से जिले के नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा। नव वर्ष 2025 में इन लक्ष्यों को पूरा करना जिले की प्रगति की दिशा में एक बड़ा कदम है।




विकास योजनाओं का उद्देश्य जिले की प्रगति को गति देना व नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना

**1. गोंडा में तीन मॉडल वेंडिंग जोन** पहला जोन सिंचाई विभाग ऑफिसर्स फील्ड हॉस्टल से बाउंड्री तक बनेगा, जहां 40 पटरी दुकानदारों को स्थान मिलेगा। दूसरा जोन गांधीपार्क के मेन गेट से एलबीएस चौराहे की ओर बनेगा, जिसमें 34 दुकानदारों को स्थान दिया जाएगा। तीसरा जोन नेकी की दीवार से जीआईसी गेट तक बहराइच रोड पर बनेगा, जहां 31 दुकानदारों को जगह मिलेगी।दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत वेंडिंग जोन की मंजूरी मिली है। इसका संचालन वेंडर मैनेजमेंट कमेटी और नगर पालिका परिषद की देखरेख में होगा। यह योजना स्ट्रीट फूड और यातायात सुधार में मददगार साबित होगी।

**2. राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोंडा में शुरू होगी पढ़ाई** गोंडा स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में इस वर्ष से छात्रों की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि वर्ष 2025 तक कॉलेज का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। इसके तहत सभी आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं को और मजबूत किया जाएगा। कॉलेज के शुरू होने से गोंडा और आसपास के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिलेगी, जिससे उन्हें दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह संस्थान न केवल छात्रों के लिए शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

**कृषि महाविद्यालय :** कृषि प्रधान जिले के किसानों को उन्नत तकनीकों और नई कृषि विधियों की जानकारी देने के उद्देश्य से यह महाविद्यालय स्थापित किया जा रहा है। इससे कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में सुधार होगा।

**3. गोंडा शहर में ट्रैफिक सुधार के लिए नई योजना** गोंडा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए जिला प्रशासन ने एक व्यापक योजना तैयार की है। इस योजना के तहत प्रमुख चौराहों और सड़कों पर यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी और संरचनात्मक सुधार किए जाएंगे। प्रशासन ने ट्रैफिक लाइटों की मरम्मत और नए संकेतकों की स्थापना का निर्देश दिया है। प्रमुख बाजार क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या हल करने के लिए मल्टी-लेवल पार्किंग सुविधाओं की योजना भी बनाई गई है। जाम की समस्या से निपटने के लिए अतिक्रमण हटाने और सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा। स्कूल और कार्यालय के समय पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाने और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि योजना का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराना व दुर्घटनाओं को कम करना है। इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की तैयारी की जा रही है।

**4. अमृत मिशन के तहत सीवर लाइन परियोजना पर कार्य शुरू**

अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत) के तहत गोंडा में सीवर लाइन परियोजना पर कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुधारना और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। गोंडा में अभी तक सीवर लाइन की कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे जलभराव और स्वच्छता की समस्याएं आम थीं। सीवर लाइनों के निर्माण से जल निकासी की समस्या हल होगी और शहर को स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन ने वर्ष 2025 तक इस परियोजना पर काम करने का लक्ष्य रखा है। प्रशासन ने इसके लिए आवश्यक संसाधन जुटाने का निर्देश दिया है। परियोजना के पूरा होने से शहरवासियों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा और गोंडा स्वच्छ विकसित शहर की दिशा में एक कदम आगे बढ़ेगा।

# कारसवार ने बाइकसवार को जमकर पीटा, हालत गंभीर

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

कार सवार बाइक से बरसीम लाद कर आ रहे युवक की जमकर की पिटाई हालत गंभीर एक नामजद सहित तीन अज्ञात के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओं में दर्ज किया मुकदमा। कोतवाली क्षेत्र के मोहब्बत नगर मजरे बघैल गांव में बाइक से बरसीम लाद कर आ रहे युवक पुष्पेंद्र यादव पुत्र फूलसेन यादव ग्राम मोहब्बत नगर मंज़रे बघैल पोस्ट बहादुर नगर थाना महाराजगंज ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि दिनांक 30.12.2024 को शाम 5:00 बजे खेत से बरसीम लेकर अपनी बाइक से घर आ रहा था कि तभी रास्ते

**एक नामजद सहित तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

में डिजायर कार से विपक्षी सत्येंद्र यादव पुत्र रामसागर यादव निवासी ग्राम बघेल पोस्ट बहादुर नगर थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली वह तीन अज्ञात लोग मौजूद थे जो आता देखकर अपनी डिजायर कार मेरी गाड़ी के आगे लगाकर मुझे रोक लिया तथा गाड़ी से उतरकर मुझे लाठी डंडा व हॉकी से मारने लगे था भद्दी भद्दी गालियां देते हुए कहा कि इसे जान से खत्म कर दो ।मेरे द्वारा शोर मचाने पर मेरी बुआ गायत्री देवी दौड़कर आई उन्हें आता देखकर सत्येंद्र यादव व तीन अज्ञात लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घायल पुष्पेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर जिला के लिए डॉक्टरों द्वारा रेफर कर दिया गया तो वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा एक नामजद सहित तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है ।

## तेज रफ्तार डीसीएम ने युवती को मारी टक्कर, घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक तेज रफ्तार डीसीएम ने एक युवती को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि खुशी पुत्री अरविंद उम्र 19 वर्ष निवासी बबुरिहा खेड़ा मजरे बिशनपुर मंगलवार शाम तकरीबन 4:30 के आसपास कोचिंग पढ़ाने जा रही थी, तभी लालगंज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही वह गंभीर रूप से घायल हो गई, सूचना पर पहुंचे राहगीरों एवं पारिवारिक जनों के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वही डीसीएम चालक को मय वाहन समेत पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। इस बाबा थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है डीसीएम चालक को मय वाहन समेत कब्जे में लिया गया है।

## अधेड़ ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन, हालत बिगड़ी

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोपाली खेड़ा मजरे दोस्तपुर गांव के रहने वाले श्री राम पुत्र स्वर्गीय परमेश्वरदीन उम्र 40 वर्ष ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन में पारिवारिक जनों के द्वारा निजी वाहन से उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अधेड़ श्री राम की पत्नी सुनीता की मानी जाए तो उनका कहना है कि मैं मनरेगा के तहत काम पर गई थी जब वापस घर आई तो उनकी हालत बिगड़ चुकी थी। वही चिकित्सक गणनायक पांडे ने बताया कि युवक ने किसी विषाक्त का सेवन किया है और साथ में एल्कोहल का भी सेवन कर रखा है। प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है।

# समाजसेवी ने जरूरतमंदों को बांटें कंबल



डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

कड़ाके की पड़ रही इस ठंड में गरीबों के मसीहा बनकर निकले समाजसेवी व युवा नेता अंकित रावत ने गरीबों जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों के बीच पहुंच कर उनकी समस्याएं सुनी और ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया गर्म कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे तथा जरूरतमंद लोगो को हर संभव मदद देने का आश्वासन भी दिया समाज सेवी व भावी जिला पंचायत प्रत्याशी अंकित रावत को मदद के लिए ग्रामीणों ने उनके द्वारा किए गए नेक कार्य की जमकर सराहना की और ढेर सारा आशीर्वाद दिया समाजसेवी अंकित रावत ने कहा सर्दियों के दौरान कई असहाय गरीब एवं जरूरतमंद संसाधनों के अभाव में लोग दम तोड़ देते ऐसे में अगर समाज का सम्पन्न तबका आगे आ कर गरीबों की सहायता करे तो हर गरीब और असहाय की स्थित में परिवर्तन लाया जा सकता है उन्होंने कहा कि गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करना उन्हें अच्छा लगता है उन्हें ऐसे पुण्य कार्य करके खुशी मिलती है गरीबों की मदद करना हमारा लक्ष्य है कड़ाके की पढ़ रही इस ठंड से बचाव के लिए 20 असहाय लोगों को कम्बल वितरित किया अंकित रावत आने वाले 2026 मैं डलमऊ तृतीया से भावी जिलापंचायत प्रत्याशी हैं भीषण ठंड को देखते हुए वह अपने निजी खर्चे से डलमऊ तहसील क्षेत्र के पूरे दीना मजरे बलीपुर ग्राम में गरीब असहाय एवं बुजुर्ग को कम्बल वितरित किया मंगलवार को कंबल वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में गरीब असहाय एवं जरूरतमंदों की हर संभव मदद करते रहेंगे ग्रामीणों ने इस नेक एवं सराहनीय कार्य के लिट् समाजसेवी अंकित रावत को आशीर्वाद दिया।

# क्षय रोगियों को एसडीम व तहसीलदार ने वितरित की पोषण पोटली एवं कंबल

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।




राष्टीय क्षय उन्मूलन अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु तहसील स्तरीय / ब्लॉक स्तरीय अंतर्विभागीय सहभागिता बैठक महराजगंज में आहूत की गई ! सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर प्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक के दौरान क्षय रोगियों को एस डी एम सचिन यादव और तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव के द्वारा कम्बल वितरण एवं पोषण पोटली वितरित की गई। जिनमें गोद लिए क्षय रोगियों कुमारी नंदिनी लाल बहादुर मालती बीना गफूरे राम सुमिरन सौम्या उन्नति मिश्रा संजय गोस्वामी पवन कुमार को पोषण पोटली व कंबल एसडीएम और तहसील द्वारा दिए गए।

# कस्बे में देखने को मिला बाइकसवार शराबियों का हाई वोल्टेज ड्रामा

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की दोपहर तकरीबन 3:00 के आसपास बाइक सवार शराबियों का ड्रामा कस्बे के मुख्य चौराहे पर देखने को मिला। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की अंग्रेजी वर्ष के आखिरी दिन बाइक सवार शराबियों का हाई वोल्टेज ड्रामा तब देखने को मिला जब लखनऊ से अपनी पत्नी का ऑपरेशन कराकर बेटे के संग प्रयागराज जा रहे राजेश शर्मा (एडवोकेट) निवासी प्रयागराज का बाइक सवार युवक मोहनलालगंज से उनका पीछा कर रहे थे। कार सवार राजेश शर्मा ने बताया कि उक्त युवक मोहनलालगंज से कार के आगे पीछे चलकर दुर्घटना को दावत दे रहे थे, मैंने रास्ते में कई बार उक्त युवकों को समझाने एवं निर्देशित करने का प्रयास किया, परंतु वह माने नहीं। तत्पश्चात मैंने उनको ओवरटेक कर बछरावां कस्बे के मुख्य चौराहे पर अपनी गाड़ी खड़ी की और बछरावा ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता से उन्हें कस्बे के मुख्य चौराहे पर रोक लिया गया और ट्रैफिक पुलिस के द्वारा उक्त युवको को स्थानीय थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## भीषण ठंड में भी ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं जलाए गए अलाव, ठिठुर रहे लोग

डलमऊ रायबरेली

ठंड का प्रकोप इन दिनों चरम पर है लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड मैं भी डलमऊ तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई अचानक बड़ी ठंड में लोग ठिठुरते दिखाई पड़े ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड से बचने के लिए अभी तक सरकारी तौर पर कोई उपाय नहीं किया गया है मौसम में अचानक हुए मौसम में परिवर्तन से जहां लोग घरों में दुबक गए हैं वहीं राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बंद कमरों में हीटर जलाकर आराम फरमा रहे हैं जिससे चलते ग्रामीणों राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को भीषण ठंड में ठिठुरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है इस समय पड़ रही भयंकर ठंड से निपटने के लिए तहसील प्रशासन की ओर से अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है कड़ाके की ठंड से बचने के लिए ग्रामीण स्वयं ही अलाव की व्यवस्था करते हुए दिखाएं पडे ठंड से बचने के लिए लोग पेड़ की टहनियां रद्दी कागज कूड़ा व कंडे जलाकर ठंड से बचने का उपाय कर रहे हैं तहसील क्षेत्र के बरारा बुजुर्ग कनहा घोरवारा 14 मिल कुटिया चौराहा सुरसना भर्त्सना जोहवा नटकी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में तहसील प्रशासन द्वारा ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है गरीबों पर ठंड कहर बनकर आई है लेकिन अलाव की व्यवस्था के लिए तहसील प्रशासन प्रशासन के आला अधिकारी कुंभकरण की नींद सोया हुआ है उसे जनता की चिंता नहीं है।

# हनुमानगढ़ी के पहलवान बाबा लाडी ओवर आल चैंपियन, दूसरे स्थान पर नैपाल के पहलवान लकी थापा रहे

सादुल्लाहनगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



अयोध्या हनुमानगढ़ी के पहलवान बाबा लाडी ओवर आल चैंपियन वहीं दूसरे स्थान पर नैपाल के पहलवान लकी थापा रहे ।विकास खण्ड के सराय खास बाजार में चल रहे कुश्ती दंगल का समापन विधायक उतरौला रामप्रताप वर्मा के पुत्र /प्रतिनिधि शशांक वर्मा और प्रमुख प्रतिनिधि रेहरावाजार शानू सिंह ने किया।आयोजक ग्राम प्रधान सराय खास गंगाराम वर्मा और चन्द्रहास सिंह ने ओवर आल चैंपियन पहलवान हनुमानगढ़ी अयोध्या के पहलवान बाबा लाडी को 51हजार व दूसरे स्थान पर रहे लकी थापा पहलवान को 31हजार का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

आज अंतिम दिन पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया- पहली कुश्ती में वकार पहलवान कलियर शरीफ ने मोंटी पहलवान सोनी पत को पटखनी दी, लकी थापा पहलवान नैपाल ने कलुवा पहलवान सहारनपुर को पटखनी दी, प्रवेश पहलवान सहारनपुर ने मुन्ना पहलवान हरियाणा को मात दी, बिक्की पहलवान पंजाब ने मुन्ना पहलवान हरियाणा को पटखनी दी, बाबा लाडी हनुमानगढ़ी अयोध्या ने जग्गा सिंह पहलवान पंजाब को हराया, प्रवीन पहलवान दिल्ली ने कल्लू पहलवान हरियाणा को पटखनी दी, काले पहलवान सराय खास और मुन्ना पहलवान हरियाणा का कुश्ती बराबर पर छूटा, पहलवान बाबा लाडी हनुमानगढ़ी ने लकी थापा नैपाल को फाइनल मुकाबला में पटखनी देकर ओवर आल चैंपियन बनें, इस अवसर पर आयोजक गंगाराम वर्मा ग्राम प्रधान सराय खास और चन्द्रहास सिंह ने पहलवानों नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक फूल चंन्द्र, शानू सिंह, भोला वर्मा, अकबाल चौधरी, रमेश जायसवाल, सुरेंद्र उपाध्याय,पंकज मिश्र, रमेश कुमार वर्मा, बच्चा राम गुप्ता, विजय कुमार, रव्वाब, रज्जब अली, राजेश कुमार, श्यामनरायन, मनोज कुमार, राहुल, गुलाब गुप्ता, हनुमान शुक्ल, महेश कुमार व राजू उपाध्याय सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत भव्य जागरूकता कार्यक्रम

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।




शासन के मंसा अनुरूप मिशन शक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के लिए जागरूक किया गया। सलोंन कोतवाली क्षेत्र के रामलीला मैदान में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा, विधायक अशोक कुमार, एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष मिशन चन्द्र शेखर की उपस्थिति में मिशन शक्ति का भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बताया गया केंद्र और राज्य सरकार के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा सम्मान के लिए ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। माताओं बहनों और बेटियां हर क्षेत्र में कम से कदम मिलाकर नए भारत के निर्माण में योगदान सुनिश्चित कर रही है।तमाम योजनाओं के माध्यम से मातृशक्ति को संबल व सशक्त किया जा रहा है। जिसमें कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा, उज्जवल आदि। महिलाओं पर होने वाले अपराध के लिए शक्ति मोबाइल महिला हेल्प डेस्क व जारी हेल्पलाइन नंबरों को बताया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा महिलाओं को कंबल वितरण किया गया। जिससे महिलाओं में खुशी देखने को मिली। इस दौरान भारी संख्या में नारी शक्तियां मौजूद रही।

## जमाते इस्लामी हिंद संस्था द्वारा सादुल्लानगर में जरूरतमंदों को बांटें कंबल

सादुल्लानगर /बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़। ठंड ने दस्तक दे दी है। उम्मीद है कि कुछ ही दिनों में ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम की इस निष्ठुरता के पहले जमाते इस्लामी हिंद सादुल्लानगर शाखा ने सादुल्लाह नगर में जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे। राहत प्रोजेक्ट के तहत असहाय, बुजुर्ग, विधवा, गरीब लोगों के बीच 60 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों और महिलाओं के बीच भी कंबल और कपड़े बांटे गए। इस मामले में समाज के सभी वर्गों का खास ख्याल रखा गया। संस्था के अध्यक्ष सिराज अहमद ने बताया कि उनकी संस्था हर वर्ष राहत प्रोजेक्ट के तहत गरीबों के बीच कंबल वितरण करती रही है। इस वर्ष भी लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया है, आगे और भी लोगों के बीच बांटने का काम संस्था करेगी। मौके पर मौलाना मोहम्मद वासे, इबादुर्रहमान आदि मौजूद थे।

# विनोद कसौधन बने अखिल भारतीय वैश्य कसौधन महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।



अखिल भारतीय वैश्य कसौधन महासभा ट्रस्ट (पंजीकृत 80जी) के राष्ट्रीय संरक्षक राजू कसौधन ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विनोद कसौधन को राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर मनोनीत किया। इससे पहले विनोद कसौधन प्रदेश महामंत्री के पद पर थे और संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका और प्रभावी नेतृत्व के लिए पहचाने जाते थे।

विनोद कसौधन ने संगठन के प्रदेश स्तर पर मजबूती के लिए कई सराहनीय कार्य किए हैं। उनकी लोकप्रियता और संगठन के प्रति समर्पण ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिलाई। उनके मनोनयन पर संगठन के सदस्यों और जिले भर के वैश्य समाज में खुशी की लहर है। विनोद कसौधन के राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर जिले के प्रमुख लोगों और संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार कसौधन, महामंत्री विकास गुप्ता, मीडिया प्रभारी आशीष कसौधन, नगर अध्यक्ष भरत कसौधन, लक्ष्मी रतन कसौधन, अन्नू कसौधन, रमेश कसौधन, अवधेश कसौधन, अरविंद कसौधन, जगदीश कसौधन, संजय कसौधन, शेषनाथ कसौधन, सुरेश कसौधन, कमल किशोर कसौधन, पवन कसौधन, संदीप कसौधन, दिलीप कसौधन, शिव सागर गुप्ता, मुराली गुप्ता, आकाश गुप्ता, विक्की गुप्ता (सभासद), राम सरन कसौधन, अनिल कसौधन, अशोक कुमार कसौधन, महेश गुप्ता, विजय गुप्ता (अध्यापक), गोली गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता सहित कई अन्य लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक राजू कसौधन ने विश्वास जताया कि विनोद कसौधन के नेतृत्व में अखिल भारतीय वैश्य कसौधन महासभा और अधिक सशक्त और संगठित होगी। उन्होंने कहा कि विनोद कसौधन न केवल अपने अच्छे स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता संगठन के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। अपने मनोनयन पर विनोद कसौधन ने संगठन के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। यह पद मेरे लिए एक अवसर है कि मैं संगठन और समाज के हित के लिए और भी बेहतर कार्य कर सकूं। विनोद कसौधन के राष्ट्रीय महामंत्री बनने की खबर से जिले के वैश्य समाज में उत्साह और गर्व का माहौल है। संगठन के सदस्यों का मानना है कि उनके नेतृत्व में महासभा नए कीर्तिमान स्थापित करेगी और समाज के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्य करेगी। यह मनोनयन न केवल संगठन के लिए एक नई दिशा है, बल्कि वैश्य समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

# डॉ. इफ्हाम उतरौलवी को मिला भारत रत्न अटल सम्मान

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

साहित्य जगत में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए विख्यात कवि डॉ. इफ्हाम उतरौलवी को विगत 26 दिसंबर को लखनऊ में भारत रत्न अटल सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने उनके पैतृक गांव और पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल बना दिया। डॉ. इफ्हाम उतरौलवी मूल रूप से बलरामपुर जिले के ग्राम सभा रेहरा माफी के निवासी हैं। उनके जन्म से पहले ही उनके पिता उतरौला कस्बे से लखनऊ जाकर बस गए। लखनऊ में शिक्षा प्राप्त करते हुए डॉ. इफ्हाम ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की और प्रोफेसर के पद पर कार्य करते हुए साहित्य के क्षेत्र में गहरी छाप छोड़ी।

डॉ. इफ्हाम उतरौलवी अपनी रचनाओं और शायरी के लिए न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी बेहद लोकप्रिय हैं। उनकी शायरी और लेखन ने साहित्य के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। विदेशों में आयोजित कवि सम्मेलनों और साहित्यिक मंचों पर उन्होंने भारत और अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर लोगों को प्रेरित किया। डॉ. इफ्हाम को भारत रत्न अटल सम्मान मिलने की सूचना मिलते ही उनके पैतृक गांव रेहरा माफी में उत्सव जैसा माहौल हो गया। ग्राम प्रधान मंशाराम यादव ने कहा, ÷यह हमारे गांव और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। डॉ. इफ्हाम ने अपनी मेहनत और लगन से साहित्य में जो योगदान दिया है, वह हम सभी के लिए प्रेरणा है। डॉ. इफ्हाम उतरौलवी के सम्मानित होने पर क्षेत्रवासियों ने एक-दूसरे को बधाई दी। ग्राम प्रधान मंशाराम यादव, इरफान हैदर, संतोष श्रीवास्तव, जावेद हैदर, कैफी रिजवी, मुहम्मद सलीम, संतोष तिवारी, दुर्गेश यादव, हैदर, और नूर आलम समेत अन्य लोगों ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया।

## चोरों ने ठंड की मौसम आते ही चोरी की घटना को दिया अंजाम



रेहरा बाजार /बलरामपुर। नकबजनी कर 2लाख 50हजार का जेवर सहित 3 हजार नगदी अज्ञात चोरों ने बीती रात किया पार, चोरी की घटना परिजनों को सुबह पता चला, सूचना पर प्रशिक्षु सीओ/थानाध्यक्ष रेहराबाजार डा जीतेन्द्र कुमार फोरेंसिक टीम /मय फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गये है। पीड़ित सीताराम निवासी ग्राम सभा सराय खास मजरा बनकटवा थाना रेहराबाजार ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के पिछली में दिवाल में नकबजनी कर घर में रखा बाक्स अटैची तोड़कर उसमें रखा सोने का माला,तितली, रक्षाबंधन, झुमकी, चांदी को दो पायजेव, पायल, लगभग 2 लाख 50 हजार का जेवर सहित 3हजार नगदी चुरा ले गये घटना की जानकारी सुबह हुई तो तुरंत दूरभाष पर पुलिस को सूचना दी गयी। थानाध्यक्ष/प्रशिक्षु सीओ रेहराबाजार डा जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम के साथ बारीकी से छानबीन की जा रही है शीघ्र घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक संपन्न



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उन्होंने नगर निकायों एवं विकास खंडों में योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराए जाने एवं रजिस्ट्रेशन के सापेक्ष अधिक से अधिक घरों पर सोलर संयंत्र लगाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधिगण ग्राम प्रधान, निकायों के वार्ड के सदस्य एवं नगर निकायों के अध्यक्ष के साथ बैठक योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, जिलापंचायत राज अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य बाल मेला आयोजित

**बच्चों ने दिखवाए कला और रचनात्मकता के शानदार उदाहरण**

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।



मंगलवार को टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल और टाइनी टाट्स इंटर कॉलेज ने संयुक्त रूप से भव्य बाल मेला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम टाइनी टाट्स इंटर कॉलेज के प्रांगण में स्कूल के डायरेक्टर सैफ अली की देखरेख में हुआ। मेला बच्चों को मनोरंजन, कला और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

इस मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन और खेल प्रस्तुत किए, जो दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रहे। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सैंडविच, चाऊमीन, वडा पाव, चाय, कॉफी, पानी पुरी, छोला भटूरा, ईरानी स्वीट, ओरियो तपेट, बर्गर, मंचूरियन, गोलगप्पा, दोसा, दही बताशा, समोसा चाट, मेंदू वडा सहित अन्य कई स्वादिष्ट व्यंजन और फास्ट फूड का विक्रय किया। इन व्यंजनों ने मेले में आए अभिभावकों और बच्चों का मन मोह लिया। इसके अलावा, बच्चों और अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों के स्टॉल भी लगाए गए थे। इन खेलों में फीड द क्लाउन, रिंग टॉस, लकी व्हील्स, बैलून शूटिंग, हिट द ग्लास और ट्राई योर लक जैसे खेल शामिल थे, जिनमें बच्चे और उनके परिवारजन सक्रिय रूप से भाग ले रहे थे। इन खेलों ने मेले में खुशी और उत्साह का माहौल बना दिया। मेले में एक टोकन काउंटर भी स्थापित किया गया था, जहां से बच्चे और उनके अभिभावक स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेने के लिए टोकन खरीदते थे। इसके साथ ही, लकी ड्रा कूपन भी उपलब्ध थे, जिनके माध्यम से लोग अपनी किस्मत आजमा रहे थे। लकी ड्रा में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए, जिससे मेले में और भी जोश भर गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता ने किया। डायरेक्टर सैफ अली ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कला और रचनात्मकता में बढ़ावा देना था। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को न सिर्फ मनोरंजन मिलता है, बल्कि वे अपने हुनर को भी प्रदर्शित कर सकते हैं।

मेले के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह, अध्यापक रशीद रिजवी, राशिद अब्बास, शिव शंकर गुप्ता, कामेश्वर दत्त तिवारी, बृजभूषण मिश्रा और सभी अन्य अध्यापकों और अध्यापिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने समय और प्रयासों को समर्पित किया।

इस मेले ने बच्चों की कला और रचनात्मकता को एक नया मंच प्रदान किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल और कला के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपने साथियों और अभिभावकों से सराहना प्राप्त की। यह आयोजन बच्चों के लिए एक अद्भुत और यादगार दिन साबित हुआ। यह बाल मेला न केवल बच्चों के लिए एक आनंदपूर्ण अनुभव था, बल्कि उनके लिए जीवन के नए अनुभव और सामाजिक कौशल सीखने का भी अवसर था। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को अपना आत्मविश्वास बढ़ाने और सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलती है।

## मौत के बोरवेल

ऐसे समय में जब देश-दुनिया नये साल के जश्न में डूबने जा रही है मध्यप्रदेश व राजस्थान में खुले बोरवेल में गिरने से हुई दो बच्चों की मौत विचलित करती है। राजस्थान के दौसा जिले और मध्यप्रदेश के गुना की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं। गाहे-बगाहे ऐसी खबरें पूरे देश से आती हैं। यह सोचकर ही मन सिहर उठता है कि कोई बच्चा कैसे एक अंधी सुरंग में भूखे-प्यासे, अपर्याप्त ऑक्सीजन व बिना हिले-डुले कुछ दिन मौत की प्रतीक्षा करता होगा। भय व घुप्प अंधेरे में बच्चा किन मानसिक व शारीरिक यातनाओं से गुजरता होगा, सोचकर भी डर लगता है। लेकिन फिर भी हमारा संवेदनहीन समाज व लापरवाह तंत्र इस त्रासदी को गंभीरता से नहीं लेता। जिस बोरवेल को खुदवाने में लाखों रुपये खर्च होते हैं, उसका मुंह बंद करने के लिये चंद रुपये खर्च करने में लोग आपराधिक लापरवाही दिखाते हैं। राजस्थान के कोटपुतली में बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची को एक सप्ताह बाद भी न निकाला जाना तंत्र की विफलता को दर्शाता है। निस्संदेह, यह अभियान जटिल बताया जाता है और बारिश ने राहत कार्य में बाधा डाली, लेकिन शुरुआत में प्रशासन की शिथिलता पर सवाल उठे हैं। ऐसे अभियानों में राष्ट्रीय आपदा निरोधक बल तथा स्थानीय सुरक्षा बलों की नाकामी गाहे-बगाहे उजागर होती रहती है। निस्संदेह, ऐसे संकटों में तत्काल कार्रवाई और राहत- बचाव कार्य का आधुनिक तकनीक से शुरू करने की जरूरत महसूस की जाती रही है। यही वजह है कि आए दिन होने वाले बोरवेल हादसों के मद्देनजर देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2010 में इस बाबत दिशानिर्देश जारी किए थे ताकि ऐसे हादसों को टाला जा सके। जिसमें बोरवेल के चारों ओर बाड़ लगाने तथा मजबूत बोल्ट के साथ स्टील कवर लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आए दिन बोरवेल में बच्चे के गिरने के मामले सामने आ रहे हैं। जाहिर किसान व स्थानीय प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। अन्यथा ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न होती। निस्संदेह, देश के विभिन्न भागों में बोरवेल हादसों का सामने आना जहां निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही को दर्शाता है, वहीं उन लोगों के आपराधिक कृत्य को भी दर्शाता है, जो बोरवेल का मुंह खुला छोड़ देते हैं। वहीं हादसे हमारे समाज में चेतना के अभाव को भी दर्शाते हैं कि खुले बोरवेल के खिलाफआम लोगों के स्तर पर आवाज नहीं उठायी जाती। यह भी उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग राज्यों का विषय होने के कारण इसमें केंद्र सरकार का दखल नहीं हो पाता। एक अनुमान के अनुसार देश में करीब पौने तीन करोड़ बोरवेल हैं। जिसमें से बड़ी संख्या में सूख चुके हैं। जिन्हें गैरजिम्मेदार लोगों द्वारा खुला छोड़ दिया जाता है, जो कालांतर हादसों की वजह बन जाते हैं। विडंबना यह भी है कि एनडीआरएफद्वारा चलाये जाने वाले ऐसे राहत व बचाव के दो तिहाई अभियान नाकाम रहते हैं। दरअसल, सभी राज्यों में ऐसे मामलों में बच्चों की जान बचाने से जुड़े सुरक्षा उपाय हर जिले के अधिकारियों को एक मैनुअल के रूप में दिए जाने चाहिए। ताकि किसी हादसे के बाद राहत-बचाव कार्य तुरंत शुरू करके बच्चे को बचाया जा सके। संकट इस बात की भी इशारा करता है कि ऐसे मामलों में हमारा राहत व बचाव का तंत्र कितना शिथिल व निष्प्रभावी है। अकसर स्थिति जटिल होने पर सेना के विशेषज्ञों की भी मदद ली जाती है। कई बार इतनी देर बाद सेना के विशेषज्ञों को बुलाया जाता है कि बच्चों के बचने की उम्मीद क्षीण हो चुकी होती है। निश्चित रूप से बोरवेल की देखरेख करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का वक्त आ गया है।

# विश्व बंधुत्व की भावना से ही बनेगा वैश्विक परिवार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन- वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे अर्थात दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है- इसे भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है।

दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं। वैश्विक परिवार का अर्थ है वसुधैव कुटुम्बकम इसका मूल सिद्धांत यह है कि संपूर्ण मानवता एक परिवार है। इस विचारधारा के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी राष्ट्र, जाति, या धर्म से हो, एक ही व्यापक परिवार का हिस्सा है। इस सिद्धांत के अनुसार, विश्व में सभी का समान महत्व है और हर किसी को समान सम्मान मिलना चाहिए। दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें।

जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है। यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं। एक खुशहाल परिवार वह परिवार नहीं है जिसमें हर कोई एक दूसरे के जैसा सोचता, काम करता, महसूस करता या व्यवहार करता हो। एक खुशहाल परिवार की एक पहचान यह है कि पूरा परिवार एक दूसरे को वैसे ही स्वीकार करता हैं। यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार




**वैश्विक परिवार दिवस (01 जनवरी) पर विशेष**

**जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है। यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं। एक खुशहाल परिवार वह परिवार नहीं है जिसमें हर कोई एक दूसरे के जैसा सोचता, काम करता, महसूस करता या व्यवहार करता हो। एक खुशहाल परिवार की एक पहचान यह है कि पूरा परिवार एक दूसरे को वैसे ही स्वीकार करता हैं।**

दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके। वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की। बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरुआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो। हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरुआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया। पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को देखा गया था। तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है। नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है। क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है। इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं। परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों में एक साथ शिविर लगाना या एक साथ खाना बनाना, पिकनिक पर जाना, ट्रेक और बहुत कुछ शामिल हो सकता है। इस दिन को समुदाय के हिस्से के रूप में मनाने के लिए आप उन संगठनों के लिए स्वयंसेवक बन सकते हैं जो समुदाय का निर्माण करते हैं, हिंसा को कम करते हैं और अपने परिवार के साथ सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं।

## नीतीश को महंगा पड़ेगा छात्रों पर जुल्म

बिहार में बीपीएससी परीक्षा में धांधली पर छात्रों का आंदोलन उठ खड़ा हुआ है। छात्रों की मांग है कि सभी 912 केन्द्रों में बीपीएससी प्रारम्भिक परीक्षाएं दोबारा हों। इस मांग पर पखवाड़े भर से जारी आंदोलन को कुचलने के लिये बिहार सरकार अब बर्बरता पर उतर आई है। रविवार की रात को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के पास एकत्रित हजारों परीक्षार्थियों पर पुलिस ने भीषण लाठी चार्ज किया और कड़कड़ाती ठंड में पानी की बौछारें फेंकी। उनका जमावड़ा सुबह से होने लगा था जिन्हें पुलिस बार-बार चेतावनी दे रही थी कि उन्हें प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। इसे अनसुना करते हुए बड़ी संख्या में एकत्र हुए परीक्षार्थी पुलिस के बल प्रयोग से घायल हुए हैं तथा अनेक लोगों के खिलाफ पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

नौजवानों के इस जुटान का फायदा लेने के लिये जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर भी पहुंचे और मुख्य सचिव से मिल आये। लौटकर उन्होंने इस बात का श्रेय लेने की कोशिश की कि श्वे 5 प्रतिनिधियों के मिलने की अनुमति लाने में सफल हुए हैं। यदि इसके बाद भी परीक्षार्थी संतुष्ट न हुए तो उससे ऊपर बात की जायेगी। हालांकि रविवार को जब लाठी चार्ज हो रहा था, तो वे मौके से गायब ही हो गये थे। बहरहाल, यह मुद्दा अब लगातार गर्मा रहा है और लोगों में रोष है। अगले साल बिहार विधानसभा चुनाव होने हैं जिसके लिये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य भर में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। युवाओं के साथ यह जुल्म और उनकी अनसुनी नीतीश व उनकी गठबन्धन सरकार को महंगी पड़ सकती है। 70वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा को लेकर 18 दिसम्बर से प्रदर्शन जारी है। रविवार को परीक्षार्थियों ने प्रदर्शन का ऐलान कर रखा था। पुलिस ने पहले ही मैदान के सारे गेट बन्द कर दिये। परीक्षार्थी फिर भी मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ने लगे। उन्हें पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। जब वे इसके बावजूद नहीं रुके तो उन के खिलाफ बल प्रयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के लिये सितम्बर में विज्ञापन जारी हुआ था। इसमें शामिल होने के लिये लगभग 5 लाख लोगों ने आवेदन किया था। 3.25 लाख ने 13 दिसम्बर को परीक्षा दी परन्तु इसके पर्चे लीक होने, कई कोचिंग संस्थानों द्वारा दिये गये प्रश्नपत्रों से सवाल मिलने तथा अन्य अनियमितताओं के कारण इस परीक्षा को रद्द करने की मांग होने लगी, लेकिन बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि श्परीक्षा रद्द होने का सवाल ही नहीं है।

**विचार**

# सशक्त भारत के लिए सुशासन की आवश्यकता

**गिरीश्वर मिश्र**



स्वतंत्रता पाने के तीन चौथाई सदी बीतने के बाद आज भारत संभावनाओं का एक आकर्षक परिदृश्य प्रस्तुत करता है, जो अपनी अनूठी चुनौतियों और अपार अवसरों दोनों की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करता है। आज 140 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ, भारत अपने इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। आगे के समय में भारत की आर्थिक प्रगति वर्तमान सुधारों, तकनीकी प्रगति और जनसांख्यिकीय बदलावों से काफी प्रभावित होगी। ऐसा अनुमान है कि 2025 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जो मुख्यतः एक बड़े आकार वाले , युवा कार्यबल, बढ़ते मध्यम वर्ग और घरेलू खपत से प्रेरित है।

यहाँ यह ध्यान रखने की बात है कि भारत केवल विकास नहीं बल्कि समावेशी विकास चाहता है जो लाखों लोगों को गरीबी और असमानता से मुक्ति दिला सके। डिजिटल इंडिया जैसी पहलों और फिनटेक के संतोषदायी अनुभव से प्रोत्साहित होकर भारत का डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तन, नए रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है। देश डिजिटल साक्षरता, बुनियादी ढांचे और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करके तकनीकी सेवाओं, ई-व्यापार, कृत्रिम मेधा और डेटा विज्ञान में वैश्विक नेता बनने का लक्ष्य बना रहा है। उभरती प्रवृत्तियों को देखते हुए यह लग रहा है कि मेक इन इंडिया पहल के तहत अपने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत का प्रयास आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। बदलते परिवेश में, भारत विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर गाड़ी (ऑटोमोटिव) और औषधीय (फार्मास्युटिकल) क्षेत्रों में एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर सकता है। दरअसल औद्योगिकीकरण और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने की हमारी क्षमता ही आर्थिक मामलों में हमारी प्रगति को निश्चित करेगी। देश का लक्ष्य अक्षय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनना है, क्योंकि यह हरित प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ व्यवस्थाओं के अनुकूल है। आज भारत कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डेटा एनालिटिक्स से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक कई तकनीकी क्रांतियों में अग्रणी रहने की स्थिति में है। भारत का तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2025 तक देश एआई, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन तकनीकों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे कृषि और स्वास्थ्य सेवा से लेकर शहरी नियोजन और शिक्षा आदि को लाभ पहुँचेगा। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा पा रही है। मिशन चंद्रयान, गगनयान (मानव मिशन) और संभावित चंद्र और मंगल मिशन भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में अग्रणी बना सकते हैं। भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह उत्तरी अमेरिका के अलावा किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक यूनिकॉर्न (1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की कंपनियां) पैदा करने वाला देश हो सकता है।

यह भारत को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक है। परंतु देश की प्रगति सिर्फ आर्थिक विकास पर ही निर्भर नहीं है, उसके लिए सामाजिक समावेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और लैंगिक समानता भी ज़रूरी है। भारत ने अपनी शिक्षा प्रणाली को

**आज भारत कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डेटा एनालिटिक्स से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक कई तकनीकी क्रांतियों में अग्रणी रहने की स्थिति में है। भारत का तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2025 तक देश एआई, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन तकनीकों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे कृषि और स्वास्थ्य सेवा से लेकर शहरी नियोजन और शिक्षा आदि को लाभ पहुँचेगा। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा पा रही है। मिशन चंद्रयान, गगनयान (मानव मिशन) और संभावित चंद्र और मंगल मिशन भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में अग्रणी बना सकते हैं। भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह उत्तरी अमेरिका के अलावा किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक यूनिकॉर्न (1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य की कंपनियां) पैदा करने वाला देश हो सकता है।**

बेहतर बनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिससे यह अधिक समावेशी और सुलभ बन सके। कक्षाओं में प्रौद्योगिकी का अधिक एकीकरण हो सकता है, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। उच्च शिक्षा और अनुसंधान पर भारत का जोर विश्वस्तरीय संस्थानों का निर्माण कर सकता है जो वैश्विक छात्रों को आकर्षित कर सकते हैं। इसी तरह टेलीमेडिसिन, निदान (डायग्नोस्टिक्स) और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में प्रगति के साथ भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सुलभता और कुशलता प्रभावी हो सकती है। सरकार की आयुष्मान भारत योजना (गरीबों के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना) स्वास्थ्य सेवा असमानताओं को कम कर सकती है, और नई चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का विकास स्वास्थ्य सेवा उपायों के मामले में बदलाव ला सकता है। लैंगिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए अभियान चल रहा है जिसके अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आशा करते हैं कि भारत में कार्यबल, राजनीति और नेतृत्व के पदों पर महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ेगी। शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकारों के लिए प्रयास निश्चित रूप से एक अधिक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। गरीबी और असमानता को कम करना भारत की प्राथमिकता बनी रहेगी।

## गरीबी



गरीबी
किसको
कहते है
कभी
फुटपाथ पर
देखो
कि कैसे तन पे मिट्टी को लपेटे
लाल बैठे है
ठिठुरती ठंड हो या फिर
थपेड़े लू के पड़ते हों
सिमटते से बदन उनके
सुलगते से वो तन उनके
करुण क्रंदन उमंगों का
हिलोरे लेते बचपन का
सिमट जाता है अल्हड़पन
भूंखे पेट सोने में
अनायास जाग उठती मां
कि मेरा लाल भूखा है
पिता रोता बिना आंसू
कि उसका हाल कैसा है
वो एक सूखी हुई टहनी
कि जैसी बस एक काया है
न तन पे मांस है बिल्कुल
न मुख पर कोई आभा है
कहां से लाऊं मैं बेटा
तेरी चुपड़ी हुई रोटी
यही एक टीस नस्तर सी
हर एक पल है उठती सी
हाय लाया ही क्यूं तुझको
मैं इस संसार में प्यारे
जहां तुझको न दे पाया
अमृत सी दुग्ध की बूंदे
मुझे तू माफ कर देना
मेरे बेटे मगर इतना
तू उपकार बस करना
विदा लूं इस धरा से जब
चिता में आग तू देना
गरीबी किसको कहते है
कभी फुटपाथ पर देखो......

**- डॉ वरुण सिंह कटियार**
**कन्नौज**

## राशिफल



**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विास कायम करें।

**बृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्क :-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें।

**सिंहः-** नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# खेल जगत के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा 2024

**योगेश कुमार गोयल**

2024 का वर्ष खेल जगत के लिए कई मायनों में अद्वितीय, ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा। यह वर्ष न केवल नई उपलब्धियों और नए रिकॉर्ड का गवाह बना बल्कि कई युवा खिलाड़ियों के उदय के अलावा खेल में नई तकनीकों के समावेश का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। खेल संस्कृति में बदलाव और तकनीकी उन्नति के कारण खेलों के अनुभव को नई ऊंचाईयां मिली। वर्ष 2024 भारतीय खेलों में क्रिकेट, ओलंपिक, पैरालंपिक, शतरंज ओलंपियाड और फिडे विश्व चैंपियनशिप में सफलता के लिए याद किया जाएगा। भारतीय एथलीटों ने इस वर्ष विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल और टेबल टेनिस जैसे खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। क्रिकेट से लेकर टेनिस, हॉकी, शतरंज के अलावा भारत ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में भी अपना लोहा मनवाया। भारत का इन खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन रहा, जिससे समस्त देशवासी गौरवान्वित हुए। भारत में आयोजित एशियाई खेल और विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप ने वैश्विक स्तर पर भारत को एक प्रभावशाली खेल मेजबान के रूप में स्थापित किया। एक क्रिकेट विश्व कप, 6 ओलंपिक पदक, 29 पैरालंपिक पदक और दो शतरंज विश्व चैंपियनशिप सहित 2024 ने भारतीय खेल प्रशंसकों को जश्न मनाने के कई ऐसे अवसर प्रदान किए, जिससे खेलों की दुनिया में भारत का भविष्य उज्जवल नजर आता है।

**2024 में खेलों में तकनीकी उन्नति ने निर्णायक भूमिका निभाई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रदर्शन विश्लेषण को नई दिशा प्रदान की। इसके अलावा दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआर तकनीक का उपयोग किया गया। विश्वनाथन आनंद के बाद इस वर्ष शतरंज के नए चैंपियन उभरकर दुनिया के सामने आए और शतरंज ने खेल प्रेमियों को जश्न मनाने का भरपूर मौका दिया। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में 45वें चेस ओलंपियाड का आयोजन हुआ था, जिसमें पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमों और महिला वर्ग में 181 देशों की 183 टीमों ने हिस्सा लिया था।**

2024 में खेलों में तकनीकी उन्नति ने निर्णायक भूमिका निभाई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रदर्शन विश्लेषण को नई दिशा प्रदान की। इसके अलावा दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) तकनीक का उपयोग किया गया। विश्वनाथन आनंद के बाद इस वर्ष शतरंज के नए चैंपियन उभरकर दुनिया के सामने आए और शतरंज ने खेल प्रेमियों को जश्न मनाने का भरपूर मौका दिया। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में 45वें चेस ओलंपियाड का आयोजन हुआ था, जिसमें पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमों और महिला वर्ग में 181 देशों की 183 टीमों ने हिस्सा लिया था।

भारत की पुरुष और महिला दोनों ही टीमों ने सितंबर में इस ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते, वहीं डी गुकेश और कोनेरू हम्पी ने दिसंबर में विश्व खिताब के साथ नई ऊंचाईयों को छुआ। 12 दिसंबर को सिंगापुर में आयोजित विश्व शतरंज चैंपियनशिप में गुकेश ने महज 18 वर्ष की आयु में पिछली बार के शतरंज चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनकर नया इतिहास रचा। वह विश्वनाथन आनंद के बाद वैश्विक खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बने, वहीं 37 वर्षीया हम्पी ने 28 दिसंबर को अपने कैरियर में दूसरी बार महिलाओं का रैपिड विश्व खिताब जीता। पिछले साल भारत वनडे विश्व कप 2023 का खिताब जीतने से चूक गया था लेकिन इस वर्ष आईसीसी ट्रॉफी जीतने का 11 वर्ष का सूखा समाप्त करने में भारत सफल हुआ। आखिरी बार महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में भारत ने 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। रोहित शर्मा की कप्तानी में 30 जून 2024 को भारतीय टीम ने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को मात देकर टी20 विश्व कप का खिताब जीता। इसी प्रकार भारतीय हॉकी टीम ने पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। भारत की ओर से जुगराज सिंह ने गोल दागा था, जिसकी बदौलत भारतीय टीम ने चीन को 1-0 से मात देते हुए यह खिताब अपने नाम किया। टेनिस में रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में इटली के सिमोन बोलेली और वावसोरी को मात देकर मेंस डबल्स का खिताब जीता और ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बने। उन्होंने 43 वर्ष की उम्र में यह खिताब अपने नाम किया। जहां तक ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत के प्रदर्शन की बात है तो पूरी उम्मीद थी कि भारत इस वर्ष पेरिस में ओलंपिक में नया इतिहास लिखेगा लेकिन 206 देशों के बीच भारत 71वें स्थान पर रहा और भारत का अभियान 1 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 6 पदकों के साथ समाप्त हो गया जबकि टोक्यो ओलंपिक में 1 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य सहित 7 पदक जीतने में सफल हुआ था। महिला पहलवान विनेश फोगाट का 100 ग्राम वजन अधिक होने का मामला भारत की पदक उम्मीदों पर सबसे ज्यादा भारी पड़ा था क्योंकि उनके स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें लगभग पक्की हो चुकी थी। पेरिस ओलंपिक में भारत भले ही टोक्यो ओलंपिक के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ सका लेकिन पुरुष हॉकी टीम का लगातार दूसरी बार पदक जीतना भारत के बेहद महत्वपूर्ण रहा। निशानेबाज मनु भाकर ने तो एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर सनसनी मचा दी।

वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनी। टोक्यो ओलंपिक के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक जीतने की सबसे ज्यादा उम्मीदें थी लेकिन वह रजत पदक ही हासिल कर सके। उनके अलावा शूटिंग में सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुसाले, कुश्ती में अमन सहरावत और पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में पदक जीते। पेरिस ओलंपिक के बाद पैरालंपिक खेलों का महाकुंभ तो भारत के लिए अविस्मरणीय बन गया। दरअसल पहली बार हमारे पैरा खिलाड़ी कीर्तिमानों, उपलब्धियों और पदकों का अभूतपूर्व अध्याय रचने में सफल हुए। दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने दिव्यता के साथ जो सफलताएं अर्जित की, वह तमाम लोगों के लिए मिसाल बनी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

**एसपी ने अपने कार्यालय में फरियादियों की समस्याओं को सुन कर निस्तारण के दिए निर्देश**




**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/ कराये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर दी गई भावुक विदाई



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा उप्र पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उप्र पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी। उक्त विदाई समारोह के अवसर पर पीआरओ पुलिस अधीक्षक महोबा अरविन्द सिंह गौर, प्रधान लिपिक शशि तोमर, आंकिक अनिल गिरि सहित सेवानिवृत्त हुये पुलिसकर्मियों के परिवारीजन भी मौजूद रहे।

# राठ ने आगरा को 126 रनों से हरा कर जीती ट्रॉफी

**ट्रॉफी के साथ एक लाख का चेक मिला, टूर्नामेंट के अध्यक्ष धर्मसिंह ने सभी का आभार जताया**



**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के स्वामी ब्रह्मानंद एसीसी अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को राठ बनाम आगरा के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें राठ ने आगरा को 126 रन से हराकर फाइनल की ट्राफी अपने कब्जे में कर ली। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य वीरा महेंद्र राजपूत मान बहादुर मुन्ना गोहांड ने किया।

मंगलवार को फाइनल मुकाबला राठ बनाम आगरा की टीम के बीच मैच खेला गया। राठ के कप्तान तरुण राजपूत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरे राठ के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवरों में 212 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। जिसमें सुशील यदुवंशी ने 50 व रमन कल्याण ने 47 रनों की पारी खेली। वहीं रविन्द्र साहू ने 38, सन्नी 31 रन बनाए। आगरा की ओर से गेंदबाज प्रीतम ने तीन और मयूरए एके पाल ने दो-दो विकेट झटके। 212 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आगरा की पूरी टीम 86 रन पर ऑल आउट हो गई। राठ की ओर से सन्नी, रितेश ने तीन-तीन विकेट लिए। मुख्य अतिथि ने राठ के कप्तान तरुण राजपूत ट्राफी व एक लाख रुपए की चेक दिया है। जब उपविजेता आगरा टीम के कप्तान जावेद खान को ट्राफी व 50 हजार रुपए की चेक दी है। मैन ऑफ द मैच सन्नी शाक्य, मैन ऑफ द सीरीज रितेश नानू को दिया गया। अंपायर की भूमिका इमरान विपुल ने निभाई। कमेट्री सीतू सेंगर, देवेंद्र राजपूत और स्कोरर धनंजय रहे। टूर्नामेंट के अध्यक्ष धर्मसिंह खजांची ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### सोनू स्पोर्ट्स ने घाटमपुर अकादमी को तीन विकेट से हराया



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** शोभीताल कब क्रिकेट टूर्नामेंट में आज मंगलवार को सोनू स्पोर्ट्स ने घाटमपुर अकादमी को तीन विकेट से हरा कर मैच जीत लिया, घाटमपुर अकादमी ने टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी घाटमपुर अपने सभी विकेट खोकर 20 ओवर में 103 रन बनाएं। जिसमें प्रांशु ने 32 रन, आमिर ज़ैदी ने 25 और ऋषभ यादव ने 11 रन बनाए। सोनू स्पोर्ट्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए भानू और अनिकेत ने तीन–तीन विकेट और नितिन अवस्थी ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सोनू स्पोर्ट्स 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 104 रन बनाए जिसमें सुदेश और विवेक ने 23– 23 रन और नितिन अवस्थी ने 12 रन बनाए। घाटमपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अमित सेंगर ने तीन विकेट और ऋषभ यादव ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच अश्वनी पाठक, संटी पांडे और सैल सोनी द्वारा अनिकेत राजपूत को दिया गया।

### घाटमपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।** बार एसोसिएशन घाटमपुर के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को तहसील कार्यालय में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अवगत कराया कि 29 दिसंबर 2024 को पुष्कर तिवारी एडवोकेट आफिस में आकर करीब साढ़े चार बजे सायं मुकदमे में पैरवी न करने की धमकी देते हुए दबंगी के बल पर सोनू ठेकेदार व उसके भाई अशोक संखवार, आशा नगर घाटमपुर अज्ञात साथियों के अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। जिसकी गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की पुलिस प्रशासन से मांग की है और अधिवक्ताओं के हित मे अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किए जाने की मांग की और चेतावनी दी कि अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी न हुई तो तो हम सब वृहद आंदोलन के लिए तैयार है। ज्ञापन देने वालों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप तिवारी महामंत्री नवीन कमल के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शीतलहर, कोहरा और कड़ाके की ठंड को लेकर कक्षा एक से आठ तक सभी विधालय चार जनवरी तक बंद

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह द्वारा आदेशित किया गया है कि अत्यधिक ठंड/शीतलहर/घना कोहरा होने की स्थिति में छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में संचालित समस्त बोर्डो के सरकारी तथा गैरसरकारी माध्यमिक विद्यालयों में (कक्षा एक से कक्षा आठ) एक जनवरी 2025 से चार जनवरी 2025 तक शीतअवकाश घोषित किया गया है। उक्त आदेश का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

### जिंदा जले चालक के बेटे ने डंपर चालक पर दर्ज कराया मुकदमा

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।** नेशनल हाईवे पर 28 दिसंबर की रात हुए भीषण हादसे में ट्रक चालक के बेटे ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। हादसे में मृत खलासी की पहचान चित्रकूट जिले के शिवरामपुर निवासी चुन्नू सविता (45) के रूप में हुई है। गौर तलब है कि यह घटना शनिवार की रात 8:30 बजे हुई थी जब हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास पशु आहार लदे ट्रक और कबरई से डस्ट लादकर आ रहे डंपर की आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गईए जिससे ट्रक में फंसे चालक और खलासी की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। डंपर का चालक और खलासी मौके से भागने में कामयाब रहे। ट्रक चालक की पहचान अगले दिन कानपुर से आए ट्रक मालिक ने शिवशरण सोनी (55), निवासी असोह, थाना पहाड़ी, चित्रकूट के रूप में की थीए खलासी की पहचान मृतक चालक शिवशरण के पुत्र सुदर्शन सोनी ने चुन्नू सविता के रूप में की है। सुदर्शन ने डंपर चालक पर लापरवाही से टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

### अलाव का अता-पता नहीं, गरीब ठंड से सिकुड़ा, रोष

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** नगर पालिका द्वारा अलाव न जलाने के कारण लोग सर्दी में इधर उधर दुबकते घूम रहे है जिससे नगर वासियों में रोष देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर से मौजूद समय मौजूदा समय में 6 स्थान पर अलाव के पॉइंट पालिका द्वारा निर्धारित कर जलाए जा रहे थे जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है स्थिति यह है कि दिन.प्रतिदिन जहां सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हो रहे हैं और ठंड से बचने के लिए लोग इधर–उधर भटक रहे हैं। जिससे आम जल मानस का जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है इस संबंध में अलाव प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि नगर के मुख्य स्थान में रेलवे स्टेशन बड़ा चौराहा सरकारी अस्पताल रैन बसेरा गौशाला सहित अन्य स्थानों में अलाव जलाया गया है के संबंध में पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद ने बताया कि पिछले वर्ष 39 स्थान पर अलाव जलाया जाता था जिससे आम जनमानस को ठंड से बचने में काफी राहत महसूस हो रही थी अब तीन दिनों से शीत लहर के बढ़ने के कारण अब 11 स्थानों पर अलाव जलाने की आदेश दिए गए और जहां भी जरूर समझ में आएगी उन स्थानों में अलाव के पॉइंट बढ़ाए जाएंगे।

### समस्याएं हल नहीं हुई तो छह को भाकियू हमीरपुर में धरना देकर करेगा रोड जाम



**मौदहा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** भाकियू ने किसानों की समसयाएं हल न होने पर आगामी 6 जनवरी 2025 को गोल चबूतरा हमीरपुर में धरना प्रदर्शन कर लक्ष्मी तिराहा नेशनल हाईवे पर रोड जाम करने की चेतावनी दी है। जिला अधिकारी हमीरपुर से सीधे वार्ता कर मामला को शीघ्र कार्रवाई किए जाने पर चर्चा की गई। जिसमें जिला अधिकारी ने गंभीरता से लिया। खण्ड विकास अधिकारी मौदहा को फोन कर शीघ्र उपरोक्त गौवंश को परछा इस्थाई गौशाला में संरक्षित किए जाने को लेकर अवगत कराया साथ ही डीएम भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक पदाधिकारियों को भी खण्ड विकास अधिकारी मौदहा से मुलाकात करने को कहा गया था। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने खण्ड विकास अधिकारी से मंगलवार को मुलाकात की और एक दो दिन में जंगली गौवंशों को संरक्षित किए जाने पर चर्चा हुई। साथ ही उन्होंने वन विभाग की टीम ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं समस्त पीड़ित किसान आदि सब मिलकर सहयोग करे। जिसमें शिवपूजन निषाद अध्यक्ष हमीरपुर रज्जू प्रसाद कुशवाहा राजाराम निषाद भुइयां दीन वर्माअनिल कुमार शिवहरे एड वाजिद अली रामौतार कुशवाहा भैस्ता मोहन यादव श्रीपाल एवं गया प्रसाद प्रजापति तथा विज्ञान प्रकाश त्रिपाठी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। जय जवानए जय किसान के नारे लगाए।

## सड़क चौड़ीकरण के बाद व्यापारियों ने फिर से किया अतिक्रमण, नगर पालिका ने दी चेतावनी



**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** नगर को जाम के झाम के मुक्त कराने के मकसद से पालिका के द्वारा माली कुआं चौराहा से थाने चौराहा के बीच 80 लख रुपए खर्च कर सड़क को चौड़ीकरण कराया गया फिर भी कुछ व्यापारियों के द्वारा सड़क को फिर अतिक्रमण कर लिया है। मंगलवार को नगर पालिका अतिक्रमण प्रभारी तोताराम व सुशील कुमार ने पुलिस बल के साथ थाना चौराहा से माली कुआं तक व्यापारियों के सड़क पर रखे सामान को उठा लिया तथा व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा की यह अभियान निरंतर रूप से पालिका द्वारा चलता रहेगा यदि इसके उपरांत भी व्यापारियों को द्वारा सड़क में अतिक्रमण किया गया तो शक्ति प्रदर्शन करते हुए उनसे हर प्रकार से निपटा जाएगा और दंडित भी किया जाएगा इस मौके पर मौजूद क्राइम इंस्पेक्टर चंद्रशेखर गौतम नगर पाल पाल का कर्मचारी मोहम्मद इसराइल धनीराम सोनी विजय कुमार शहीद पंकज सिंह राजेंद्र कुमार सहित अन्य पालिका कर्मचारी मौजूद है।

## किसानों की भीड़ देख पुलिस लाचार, भारी फोर्स के बीच खाद वितरित

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**




काफी अरसे के बाद क्रय विक्रय में यूरिया खाद आने की खबर फैलते ही किसानों की भीड़ सवेरा होते ही समिति में लग गई। खाद पाने के लिए किसानों को धक्का मुक्की का सामना करना पड़ा। किसानों ने तहसील रोड पर एकत्र होकर जाम लगा दिया। मौजूद पुलिस भी भीड़ के सामने लाचार दिखाई दिया। अतिरिक्त पुलिस फोर्स आने के बाद खाद वितरण शुरू हो सका।

अवगत होकि क्षेत्रीय किसानों की समस्याएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं बाजार से महंगे दामों में खाद खरीदने को मजबूर है। मंगलवार को नगर की क्रय विक्रय समिति में खाद आने की खबर फैलते ही सैकड़ों किसानों की भीड़ सबेरे से ही समिति पहुंच लाइन में लग गई जिसमें महिला किसानों की संख्या अधिक रही। खाद वितरण की खिड़की खुलते ही किसानों में धक्का-मुक्की शुरू हो गई जिससे लाइन बिगड़ते ही वितरण खिड़की के पास खड़े होने को लेकर किसानों में होड़ मच गई। इस चक्कर में लोग एक-दूसरे से अभद्रता करने पर उतर आए। वहां मौजूद पुलिस के जवान भीड़ के सामने लाचार दिखें। आक्रोशित किसानों ने तहसील मार्ग पर जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी आखिर अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचने के बाद किसानों की लाइन लगवा उन्हें खाद वितरित की गई। किसानों की संख्या को देखते हुए प्रति किसान चार बोरी यूरिया खाद वितरित की गई जो कुछ किसानों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई हालांकि छोटे किसानों ने चार बोरी यूरिया पाने के बाद राहत की सांस ली। खंडेह के अशोक द्विवेदी ने बताया कि भीड़ होने के चलते किसान खाद पाने को लेकर एक दूसरे से लड़ने को आमादा हो गए जिससे सीधे-साधे किसान लाइन के पीछे पहुंच गए जिन्हें दोपहर बाद तक लाइन में लगे होने के बाद खाद नसीब नहीं हो सकी इसी प्रकार उरदना के राधेश्याम व सूरज ने बताया कि वह सुबह से आकर खिड़की के पास खड़े हो गए थे लेकिन कुछ दबंग किसानों द्वारा हुड़दंग मचाने से लाइन तितर बितर हो गई जिसके चलते पुलिस ने उन्हें सबसे पीछे खड़ा कर दिया। इसी प्रकार दर्जनों किसानों को खाद मिलने के बजाय मायूसी हाथ लगी।

# ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर की सरकारी राशन दुकान बहाल करने की मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में में सरकारी राशन दुकान निलंबित होने के बाद दूसरे गाँव में ट्रांसफर होने से परेशान सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंप गांव स्थित सरकारी राशन दुकान को बहाल करने की माँग की है।

मामला सदर तहसील क्षेत्र अन्तर्गत डहर्रा गाँव का है जहां के रहने वाले सैकड़ो ग्रामीणों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर गांव में संचालित होती रही सरकारी राशन दुकान को बहाल करने की मांग उठाई है। जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार प्रमित सचान को सौंप ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पूर्व में संचालित होती रही सरकारी राशन दुकान की कुछ लोगों द्वारा द्वेष भावना के तहत फर्जी शिकायत दर्ज कराई गई थी जिसके बाद स्थलीय जांच बीते 13-09-2024 को गांव में पूर्ति निरीक्षक महोबा एवं नायब तहसीलदार महोबा के द्वारा की गई। बताया कि जांच के दौरान कोटेदार के पक्ष में गांव की लगभग 300 पुरुष और महिलाएं थी। जांच अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों से कोटेदार के द्वारा खाद्यान्न देने व मधुर व्यवहार के बारे में पूछा गया तो सभी लोगों ने बताया




कि हम लोगों को पूरा खाद्यान्न मिलता है और किसी भी प्रकार की खाद्यान्न में घटतौली नहीं होती है। बताया कि कोटेदार का मधुर व्यवहार है और कोटेदार कभी भी किसी के साथ अभद्रता नहीं करता है, बल्कि कोटेदार के द्वारा राशन कार्ड धारकों को घरों से बुला बुलाकर खाद्यान्न दिया जाता है। बताया कि जांच के दौरान हम सभी लोगों के कार्ड देखकर सभी के नाम दर्ज किए गए थे और हस्ताक्षर व अंगूठा लगवाए गए थे। बताया कि हम सभी लोग कोटेदार से पूर्णता संतुष्ट थे फिर भी हमारे गांव डहर्रा स्थित कोटे की दुकान निलंबित कर दी गई थी। ग्रामीणों ने जांच अधिकारियों पर शिकायतकर्ताओं से मिलीभगत कर दुकान निलंबित करने की आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामवासी ग्राम टीकामऊ में खाद्यान्न लेने जाने के दौरान खासे परेशान होते हैं। ग्रामीणों द्वारा लगभग 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित टीकामऊ में सरकारी राशन दुकान संचालित है जहां ग्राम वासियों को ई-रिक्शा में आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है,बताया कि वृद्धजनों को राशन लेने जाने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच करा निलंबित दुकान को बहाल करने की मांग उठाई है। इस दौरान महेंद्र प्रताप सिंह, विश्राम, छेदीलाल, रामकिशोर, रविंद्र, अमित, दयाशंकर, अंकित यादव, श्यामलाल, सुदामा, मुलिया, राजकली, नंदू, कल्लू, मुन्नालाल, देशराज, पार्वती, माया आदि सैकड़ों महिला और पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे।

### अज्ञातवाहन की टक्कर से बाइकसवार राजमिस्त्री की मौत



**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक सवार राजमिस्त्री की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। चरखारी थाने के अंतर्गत गौरहारी निवासी 45 वर्षीय जागेश्वर पुत्र देशराज अहिरवार सोमवार की शाम सात बजे मजदूरी करके बाइक से घर जा रहा था। तभी चरखारी रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने बताया कि उसके पिता राजमिस्त्री का काम करते थे। वह अपनी मां राजा भाई मुकेश व बहन अंजली के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। उसके पिता गांव में ही रहते थे। प्रतिदिन राठ मजदूरी करने आते थे। पति की मौत पर पत्नी राजा का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी स्वजनों ने तहरीर नहीं दी है।

### तीन घायलों को भर्ती कराया अस्पताल में

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग.अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना में तीन लोग बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। कोतवाली के जखेड़ी निवासी लवकुश अपने साथी युवराज के बाइक से राठ आया था। तभी रास्ते में बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर दोनों बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गए। कोतवाली के औंता गांव निवासी 25 वर्षीय मोहित कुमार पुत्र रामहेत बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।


## अनारक्षित मेला स्पेशल रेलगाड़ियाँ

**महाकुम्भ–2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव | चलने की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04223 | प्रयाग जं. | 11:55 | अयोध्या कैंट जं. | 17:10 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा | 13.01, 14.01, 15.01, 29.01 & 30.01.2025 |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | | 13.01, 14.01, 15.01, 29.01, 30.01, 03.02, 04.02, 12.02, 13.02, 26.02 & 27.02.2025 |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. | 13.01, 14.01, 15.01, 29.01, 30.01, 03.02, 04.02, 12.02, 13.02, 26.02 & 27.02.2025 |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 03.02.2025, 04.02.2025, 12.02.2025, 13.02.2025, 26.02.2025 & 27.02.2025 |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. | 29.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025, 13.02.2025 & 26.02.2025 |
| 04221 | फाफामऊ | 10:40 | अयोध्या कैंट जं. | 15:50 | | 29.01.2025 |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | | 29.01.2025, 30.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025 & 26.02.2025 |
| 04227 | फाफामऊ | 18:45 | अयोध्या कैंट जं. | 23:35 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा | 29.01.2025 |
| 04231 | फाफामऊ | 22:10 | अयोध्या कैंट जं. | 02:20 | | 29.01.2025 30.01.2025 |
| 04273 | प्रयाग जं. | 21:40 | अयोध्या कैंट जं. | 01:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. | 29.01.2025 30.01.2025 |
| 04291 | फाफामऊ | 12:30 | लखनऊ | 19:50 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. | 29.01.2025 30.01.2025 |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. | 03.02.2025, 04.02.2025, 12.02.2025, 13.02.2025, 26.02.2025 & 27.02.2025 |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# आवास विहीन परिवारों का सर्वेक्षणकर्ता कर रहे प्रचार-प्रसार

▶ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सभी लेबर एवं आवासविहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने जाने का किया जाना है कार्यः बीडीओ



**मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास विहीन परिवारों के सर्वेक्षण हेतु प्रचार प्रसार के लिए सर्वेयरों को ब्लॉक प्रमुख रईस आलम व खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सूची में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने के लिए आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 के प्रचार प्रसार के सम्बंध में मंगलवार को स्थानीय ब्लॉक सभागार में सर्वेयरों की बैठक आहूत की गई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सभी लेबर एवं आवासविहीन परिवारों को पक्की छत उपलब्ध उपलब्ध कराने जाने का कार्य किया जाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि पात्र परिवार का नाम सर्वेक्षण के पश्चात तैयार की जाने वाली स्थायी पात्रता सूची में सम्मिलित हो।

सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए ग्राम पंचायतों में मुनादी, ई रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगाकर एवं समूह की महिलाओं की मदद लेकर जानकारी दी जाए। किसी भी अपात्र व्यक्ति का सूची में न दर्ज किया जाए। बीडीओ श्री श्रीवास्तव ने यह भी जानकारी दी कि पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची प्रकाशन 31 मार्च 2025 को किया जाएगा।

तत्पश्चात ब्लॉक प्रमुख एवं बीडीओ ने संयुक रूप से सभी सर्वेयरों को सर्वे हेतु प्रेरित कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम, एडीओ कॉपरेटिव खुशबू राय, अनिल दुबे, सचिव अकिब जमाल, संजीव सिंह, सौम्या सिंह, वंदन पाल, प्रिया सिंह, उत्तम वर्मा, महेश सिंह, जैसराम, अजय कुमार वर्मा, प्रताप नारायण, सुधाकर, कमल किशोर सहित समस्त पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वाधान में आगामी 2 जनवरी को बीजापुर के खेल मैदान में खंड स्तरीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि एथलेटिक्स वॉलीबॉल कबड्डी एवं कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें विकासखंड स्तर पर सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग के बालक बालिका हिस्सा ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता में इच्छुक खेल संघ, विद्यालय तथा ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ी किसी भी आयु वर्ग में प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए 2 जनवरी को प्रातः 9 बजे तक खिलाड़ी रजिस्ट्रेशन कराकर खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं।

# आवास प्लस के सर्वेक्षणकर्ता की टीम को बीडीओ ने किया रवाना




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार से शुरू हुए आवास प्लस 2024 सर्वे के तहत खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा दो दर्जन सर्वेयरों की टीम को हरी झंडी दिखाकर विकासखंड मुख्यालय से रवाना किया गया।इससे पूर्व बीडीओ ने विकास खंड हैदरगढ़ के सभागार में सभी सर्वेयर को विस्तार पूर्वक सर्वे करने के तरीकों से अवगत कराया गया।

उन्होंने बताया कि विकास खंड में तैनात सभी सचिवो, सहायक विकास अधिकारियों एवं बोरिंग टेक्नीशियन को सर्वेयर बनाया गया है कुल 24 सर्वेयर सर्वे के लिए तैनात किए गए हैं। श्री गुप्ता ने सर्वेयरों को निर्देश दिये हैं कि किसी भी अवस्था में पात्र लाभार्थी छोड़ा न जाए, साथ ही ग्राम पंचायत में आवास प्लस के सर्वे का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाए। खंड विकास अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया की सर्वे हेतु सेल्फ सर्वे का ऑप्शन भी है। लाभार्थी स्वयं से भी अपना सर्वे कर सकता है।

# पुलिस को धक्का देकर फरार हुए तस्कर को किया गिरफ्तार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस को धक्का देकर थाने से फरार हुए मार्फीन तस्कर को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार की रात मोहम्मदपुर गांव निवासी असगर अली को 252 ग्राम मार्फीन के साथ रतौली ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर हवालात में बंद कर दिया। रविवार की सुबह लघुशंका की इच्छा जताई लेकिन थाने के अंदर का शौचालय चौक होने के चलते पुलिसकर्मी उसे थाने के बाहर बने शौचालय लेकर गए हुए थे तभी पुलिस को धक्का देकर फरार हो गया मामले की जानकारी होने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आरोपी की गिरफ्तारी करने के लिए कई टीम लगाई गई थी। मंगलवार की सुबह आरोपी अपने घर आया हुआ था सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक चौराहा कस्बा फतेहपुर मे सोमवार देर रात को अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ बाइक सवार की गम्भीर रुप से घायल होने के कारण मौत हो गई।

मालूम हो कि सोमवार की देर रात फतेहपुर थाना क्षेत्र के रसूलपनाह गांव के निवासी राम सहारे 55 पुत्र साधूराम अपनी बहन के घर मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र रायपुर गांव गए थे जहां से देर रात अपने घर वापस लौट रहे थे कि कस्बे के ब्लॉक चौराहे पर आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम सेआनन फानन में उपचार के लिए फतेहपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने परिजनों को मामले की जानकारी दी। सूचना के बाद पहुंचे पारिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पीड़ित परिजनों से तहरीर लेकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी कस्बा फतेहपुर हरिश्चंद्र यादव ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हुई है शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

▶ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# कैम्प लगाकर काटे गए 90 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

एक मुश्त समाधान योजना प्रथम चरण के अंतिम दिवस विद्युत विभाग के अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृव में मेगा कैम्प का आयोजन किया जिसमे 19 लाख रुपये राजस्व जमा किया गया तथा 152 ओटीएस योजना में उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया 90 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए।

कैम्प में 220 रसीद काटी गई। इस तरह श्रीकोटवाधाम अस्पताल के सामने टीजी टू मनीष कुमार वर्मा की अगुवाई में एक मुश्त समाधान योजना कैम्प आयोजित कर करीब 2 लाख रुपए विजली का बकाया विल राजस्व जमा कराया तथा 35 उपभोक्ताओं का ओटीएस किया गया।इस मौके पर लाइन मैन विनोद कुमार, अनूप पान्डेय रामहेत यादव अंकुर श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे। इस संबंध में अवर अभियंता राज मौर्य ने बताया कि एक मुश्त समाधान के प्रथम चरण में आज अंतिम दिवस क्षेत्र के कई गांवों में विद्युत मेगा कैंप लागये गए।

विद्युत उपकेंद्र सिरौलीगौसपुर में तीन काउंटर लगाए गए जिससे ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता छूट का लाभ ले सके। उन्होंने बताया कि जो उपभोक्ता प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन नही करवा पाएं हैं वह द्वितीय चरण में छूट का लाभ लेकर अपना बकाया जमा कर दें । द्वितीय चरण 1 जनवरी से 15 जनवरी तक लागू रहेगा।

## विवाहिता ने लगाया शराब के नशे में दुष्कर्म करने का आरोप

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र निवासी विवाहिता ने एक व्यक्ति पर शराब के नशे में जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। जैदपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मामला जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत के गांव का है।जहां की निवासी एक विवाहिता ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए मंगलवार करीब 10 बजे जानकारी दिया है कि वह घर के बाहर अलाव के पास बैठी हुई थी।तभी सतरिख थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति शराब के नशे में आया और उसे जबरदस्ती घर में उठा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया है तथा उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है।वही पीड़िता की तहरीर के आधार पर जैदपुर पुलिस ने केस दर्ज कर आज मामले की जांच पड़ताल शुरू किया।

## सींगपुरा में आवारा सांड़ से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ी

**जालौन,उरई।** गांव में आवारा सांड दो लोगों को घायल कर चुका है। जिसके चलते ग्रामीण परेशान हैं। परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आवारा सांड को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी एडवोकेट मानसिंह पाल, अतुल आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में एक आवारा सांड है।

यह सांड पिछले कुछ समय से उत्तेजित होने लगा है। इसी के चक्कर में वह गांव के दो लोगों को सींग मारकर घायल कर चुका है। सांड के गांव में घूमने से अब ग्रामीणों में डर पनपने लगा है। इतना ही नहीं लोग अपने बच्चों को घर के बाहर भेजने से भी कतराने लगे हैं।

# प्राइवेट बिजली कर्मियों पर चेकिंग के नाम पर अभद्रता करने का आरोप

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

▶ मोहल्लेवासियों ने डीएम को भेजा पत्र जांच की उठायी मांग

मोहल्ले में प्राइवेट बिजली कर्मचारियों द्वारा मनमाने ढंग से चेकिंग करने और कारण पूछने पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए मोहल्ले के लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर प्राइवेट कर्मचारियों की जांच कराने एवं अभद्रता से रोके जाने की मांग की। नगर क्षेत्र के मोहल्ला कछोरन निवासी बृजेश, धर्मपाल, संदीप, चंदन सिंह, पवन यादव, श्यामबाबू, चंद्रपाल, रमेशचंद्र, मानवेंद्र आदि ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके मोहल्ले में कुछ प्राइवेट लोग स्वयं को बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर लोगों को परेशान कर रहे हैं। मनमाने ढंग से चेकिंग के नाम लोगों को धमकाते हैं। शनिवार को उन लोगों के यहां चार पांच लोग आए। जब उनसे आने का कारण पूछा तो कारण न बताकर चेकिंग की बात कहकर लोगों को धमकाने लगे। जब उन्होंने इस तरह से बात करने से मना किया। तो थाने ले जाने की धमकी दी। जब जेई को बताया तो उन्होंने भी आकर बिजली संयोजन काटने की धमकी दी गई। पीड़ित मोहल्ले के लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर प्राइवेट कर्मचारियों की जांच कराने और चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं को परेशान न किए जाने की मांग की है।

# पीड़ित बंदियों के उपचार में न बरते लापरवाही : डीएम

**एसपी ने कैमरों की स्थिति, सुरक्षा उपकरणों और गार्डों की तैनाती का लिया जायजा**



**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदी पाकशाला, अस्पताल वार्ड, क्रीड़ास्थल व बैरिक, कारागार अभिलेखों आदि का निरीक्षण कर बैरिक व अस्पताल वार्ड में साफ सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जेल में बंद बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने जेल अस्पताल में उपलब्ध दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की स्थिति की जांच की। उन्होंने जेल में नियमित स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित बंदियों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। मॉनीटरिंग कक्ष, बंदी महिलाओं का विशेष ध्यान रखे जाने, सर्दी के मौसम में गर्म कम्बल आदि की उचित व्यवस्था करने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे निरन्तर क्रियाशील रखने, जेल मैनुअल के अनुसार व्यवस्था किये जाने के लिए भी निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, सुरक्षा उपकरणों और गार्डों की तैनाती का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जेल में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन से टकराया डंपर, चालक की मौत

**जालौन,उरई।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर छिरिया सलेमपुर के पास अज्ञात वाहन से डंपर टकराया। हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई। जबकि परिचालक को हल्की चोट आयी है। फ्तेहपुर सीकरी के थाना किरावली के ग्राम सिंगारपुर निवासी जितेंद्र कुमार (32) पुत्र भूरे सिंह फतेहपुर सीकरी से डंपर लेकर बालू लेने चकासी जा रहे थे। उनके साथ परिचालक सोनू पुत्र चोब सिंह निवासी तेहवा रावत जनपद फ्तेहपुर सीकरी भी थे। मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 201 छिरिया सलेमपुर के पास उनका डंपर आगे जा रहे अज्ञात वाहन से टकरा गया।

## मारफीन बेचने आया युवक गिरफ्तार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** जनपद के टिकरा मुर्तजा सेअवैध मार्फीन बेचने के लिए आया एक तस्कर मार्फीन के साथ लोनी कटरा पुलिस द्वारा धर दबोचा गया ।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को टिकरा मुर्तजा निवासी मुसेब को थाना क्षेत्र के नेरा कबूलपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान उसके पास से 35 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद हुई। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

## बस स्टैंड के पीछे का शराब ठेका सूर्योदय होते ही शराब की करता बिक्री

**जालौन ,उरई।** सरकारी शराब की दुकानों के खुलने व बंद होने का समय निर्धारित हैं। बस स्टैंड के पीछे संचालित देशी शराब की दुकान सूर्योदय के समय से पहले खुल जाती है तथा ओवररेट में शराब की बिक्री की जाती है। सुबह से शराबियों के जमावड़े के स्कूली छात्र छात्राओं व मंदिर जाने वाली महिलाओं को दिक्कत हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। बस स्टैंड के पीछे देशी शराब की दुकान संचालित हो रही है। शराब की दुकानों के खुलने का समय सुबह 10 बजे से शुरू होता है। इसके बाद भी इस दुकान का सेल्समैन सुबह छह बजे से दुकान खोल लेता है।

# समारोहपूर्वक हुई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की विदाई

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय अयोध्या परिक्षेत्र कार्यालय में नियुक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (ओपी) अयोध्या प्रसाद की विदाई मंगलवार को समारोह पूर्वक की गई।

उनकी सेवानिवृत्ति के मौके पर कार्यालय में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महकमे में कर्मचारियों के बेहद संवेदनशील माने जाने वाले पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने भावुक होकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अयोध्या प्रसाद को प्रशस्ति पत्र,स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए कर्तव्य निष्ठा की सराहना की गयी।



▶ आईजी कार्यालय में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

इस क्रम में परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अयोध्या प्रसाद को माल्यार्पण कर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आम का पौधा भेंटकर उप निरीक्षक रणजीत यादव द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अयोध्या प्रसाद के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गयी।इस अवसर पर निरीक्षक अक्षय कुमार,गोपनीय सहायक नवीन सिंह,उप निरीक्षक लिपिक सुरेश कुमार मौर्य,उप निरीक्षक श्रीप्रकाश पाण्डेय, उप निरीक्षक विजय पाण्डेय, उप निरीक्षक राकेश मिश्रा,गोपनीय सहायक दीपाली पराशर एवं उप निरीक्षक महेश बाजपेयी सहित परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ़ इंडिया की वरिष्ठ सेवानिवृत्ति कैशियर को दी विदाई

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सुबेहा शाखा के बैंक ऑफ़ इंडिया की वरिष्ठ कैशियर शिवकुमार दीक्षित को मंगलवार शाम भावभीनी विदाई दी गई जिसमें से सभी कर्मचारियों ने शिवकुमार दीक्षित जी के विदाई सम्मान समारोह का आयोजन बैंक में किया सर्वप्रथम श्री दीक्षित को सभी कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण कर उपहार प्रदान किया बैंक के शाखा प्रबंधक ने अपने संबोधन ने कहा दीक्षित जी आप हमारी संस्था के हिस्सा रहे हैं आपके साथ काम करने का हम सभी कर्मचारियों को मौका मिला आपके साथ बिताए हुए पलों को हम सभी याद करेंगे आपने इतने बढ़िया तरीके से अपने दायित्व का निर्वहन किया क्षेत्र को लोगों का आपके प्रति जुड़ाव बताता है कि आपकी कार्य के प्रति सच्ची निष्ठा रही है हमारी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद अपने अपने कड़ी मेहनत और समर्पण से हम सभी के लिए उच्च मानक स्थापित किया है आप अपने जीवन के इस नए अध्याय का आनंद लें हम सभी कर्मचारी बहुत उत्साहित हैं आपकी सेवानिवृत्ति पर बधाई और शानदार भविष्य के लिए शुभकामनाएं आपकी सेवा निवृत्ति हम सभी के लिए एक क्षति है जिसकी पूर्ति कर पाना संभव नहीं है।


## सूचना

मैं अपने ग्राहक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रायबरेली ऑफिस नंबर 563 जमीर कंपलेक्स फर्स्ट फ्लोर खसरा नंबर 21 अहमदपुर नजूल रोड नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जनपद रायबरेली 229001 उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे ग्राहक प्रभु देइ पत्नी पुत्ती लाल अपनी संपत्ति आराजी नंबर 671 मि.ग्राम चतुर्भुज पुर रायबरेली का जुज़ भाग रकबा 74.32 वर्ग मीटर को बंधक रखकर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रायबरेली शाखा से उक्त संपत्ति को कमल कुमार उर्फ़ कमल से क्रय कर रहे हैं यह कि उक्त संपत्ति की खतौनी में कमल के साथ-साथ रामपाल पुत्र स्व द्वारिका व परीदीन पुत्र स्व द्वारिका व अन्य सह खातेदार के नाम भी खतौनी में खातेदार के रूप में दर्ज हैं यदि संबंधित व्यक्ति व युवतियों, बैंक या वित्तीय संस्था को इस संपत्ति के हस्तांतरण एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखने में यदि कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अंदर नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराये अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा चौहद्दी पूर्व भूमि मुन्नूलाल पश्चिम 20 फ़ीट रोड उत्तर शेष भूमि कमल कुमार प्लाट नं - 03 दक्षिण शेष भूमि कमल कुमार प्लाट नं - 01

**एडवोकेट अंशुल साहू**
**पाथवे लीगल एडवाइजर्स**
**एल.एल.पी.**

कार्यालय पता- ऑफिस नं0-8, द्वितीय तल, अवध कॉम्प्लेक्स,5- कैंट रोड, शुभम सनेमा के पास, कैसरबाग,लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001


# इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर डाबर च्यवनप्राश ने किया जागरुक

**बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पल्टन छावनी में आयोजित किया विशेष जागरूकता सत्र**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सर्दी का मौसम किसे अच्छा नहीं लगता लेकिन जब इस सर्दी में खांसी, जुकाम एवं श्वांस संबंधी बीमारियाँ हो जायें तो सर्दी का मजा फीका पड़ जाता है। आमतौर पर ये बीमारियाँ तापमान में होने वाले बड़े बदलाव एवं बदलते मौसम में किसी भी व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम हो जाने के कारण होती हैं। ऐसे में हजारों वर्षों से प्रसिद्ध, लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा सफलतापूर्वक आजमाया हुआ आयुर्वेदिक उत्पाद च्यवनप्रास काफी राहत देता है। डाबर च्यवनप्राश का सेवन न केवल हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर हमें इस सीजन में प्रायः होने वाली खांसी, जुकाम जैसी बीमारियों से बचाता है बल्कि हमारे शरीर के अनेक अंगों की क्रियाओं को अच्छा करता हुआ शरीर को बलशाली भी बनाता है। डाबर का प्रमुख हेल्थकेयर ब्रांड डाबर च्यवनप्राश ने आज देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक मेगा जागरूकता पहल की शुरूआत की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डाबर इंडिया के दिनेश कुमार, डा. ए.के. पाण्डेय, आयुर्वेद फिजिशियन, एच.एन. जायसवाल, प्रबन्ध निदेशक बाल निकुंज, रश्मि शुक्ला प्रधानाचार्या, पंकज तिवारी - समाजसेवी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इस सत्र का उद्देश्य सर्दियों में बीमारी से लड़ने के लिए बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करना था।

## नव वर्ष की पूर्व संध्या पर थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रहरी प्रधान को किया सम्मानित

**कुठौंद,जालौन।** थाना परिसर कुठौंद में 31 दिसंबर 2024 को नव वर्ष की पूर्व संध्या को दृष्टिगत रखते हुए थाना अध्यक्ष कृष्ण पाल (सरोज) के द्वारा ग्राम प्रहरी तथा ग्राम प्रधान एवं पत्रकार बंधुओं को आमंत्रित कर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान कुठौंद नरेंद्र महंत व वरिष्ठ पत्रकार अनूप मिश्रा ने किया जबकि संचालन रामराजा तिवारी कोटरा ने किया। दौरान थानाध्यक्ष द्वारा ग्राम प्रहरी तथा ग्राम प्रधानों एवं पत्रकार बंधुओं को फूल माला पहिनाकर सम्मानित किया। इसी के साथ अपने वक्तव्य में थाना अध्यक्ष द्वारा चौकीदार के नाम का ग्राम प्रहरी के नाम से संबोधन किया।


# रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली

पत्रांक- 1075/सम्प.अनु./2023-24/रा.वि.प्रा./2024 दिनांक- 31.12.2024

## सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की इन्दिरा नगर विस्तार योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्रमांक | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन/ फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता/पति का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | अन्तरण/ नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीधर श्रीवास्तव पुत्र श्री गुरू प्रसाद श्रीवास्तव निवासी एम.आई.जी. 37 इन्दिरा नगर विस्तार योजना, रायबरेली | भवन संख्या एल.आई.जी. -37 | इन्दिरा नगर विस्तार योजना | श्रीमती सरोज श्रीवास्तव पत्नी स्व. श्रीधर श्रीवास्तव आदि पुत्र एवं पुत्रियों सहित | निवासीगण ग्राम थुलेण्डी पगरना बछरावां तहसील महाराजगंज, रायबरेली | मृत्यु उपरान्त नामान्तरण | पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन/भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण रायबरेली को प्रस्तुत कर सकता/सकती है अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**रायबरेली विकास प्राधिकरण**
**रायबरेली।**

# बच्चों की फीडिंग में अन्तर मिलने पर लगाई फटकार

## जिलाधिकारी बोले, शत- प्रतिशत बच्चों का वजन होना चाहिए, इसमें लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्त




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पोषण ट्रैकर पर धात्री एवं गर्भवती तथा नए बच्चों का रजिस्ट्रेशन आधार के साथ ही होगा। नये लाभार्थी के रजिस्ट्रेशन के समय लाभार्थी का मोबाईल नंबर अवश्य ऐड करें। यह निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने पोषण ट्रेकर पर धात्री एवं 0 से 6 माह के बच्चों की फीडिंग में अन्तर पाएं जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कड़ी फटकार लगाई। कहा कि जो पोषाहार लाभार्थियों को दिया जा रहा है। उसकी फीडिंग शत- प्रतिशत हो जानी चाहिए। पोषाहार वितरण का क्रास वेरीफिकेशन कराया जाएं। जिसमें छिबरामऊ, हसेरन, तालग्राम, उमर्दा की खराब प्रगति मिली। निर्देश दिए कि शत- प्रतिशत बच्चों का वजन होना चाहिए।

इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कुपोषण को समाप्त करने हेतु सैम बच्चों का चिन्हीकरण गहनता से कराया जाएं। हसेरन की सपेरा बस्ती में अधिक बच्चें कुपोषित मिले है। इसी प्रकार से अन्य स्थानों पर भी खोज की जाये। एनआरसी सेंटर पर बच्चों को भर्ती कराने में कन्नौज शहर एवं ग्रामीण तथा उमर्दा की प्रगति अच्छी है। 11 से 14 वर्ष से कम आयु की स्कूल न जाने वाली किशोरियों के खोजने के कार्य में गति लाई जाये। आरबीएसके टीम जब स्कूलों में जाए, सभी बच्चे उपस्थित होना चाहिए, जिससे सभी का स्वास्थ्य परीक्षण हो सके। निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चो का जनपद में संचालित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयो (मदरसा को छोड़कर) की पूर्व प्राथमिक एवं कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चो को निःशुल्क शिक्षा हेतु पोर्टल के माध्यम से दिनांक 01 जनवरी 2025 से ऑनलाइन आवेदन करा दिया जाएं।

## भैंस बांधने के विवाद में युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दरवाजे पर भैंस बाधने से मना करने पर आरोपित युवक ने पीड़ित को रास्ते मे घेर कर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे व उसके भाई को मारपीट कर घायल कर और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। ग्राम तेरारब्बू निवासी विजय कुमार पुत्र राजेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 31 दिसंबर की सुबह 10 बजे गांव के एक युवक ने भैंस बाधने से मना करने पर उसे रास्ते मे घेरकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही बीच बचाव में आए उसके भाई विनय से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# टीएसआई अरशद अली को मिला प्रयागराज में सम्मान

## बेहतर यातायात व्यवस्था करने के लिए किया गया सम्मानित

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

एंग्लो बंगाली इंटर कालेज प्रयागराज के प्रांगड़ में चल रहे पुस्तक मेला के समापन अवसर पर जनपद कन्नौज में तैनात टीएसआई अरशद अली को पुलिस उपाधीक्षक सुनील दत्त दुबे ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

प्रयागराज के एंग्लो बंगाली इण्टर कॉलेज में 10 दिनों से चल रहे पुस्तक मेला के समापन अवसर पर भारतीय जन हित कल्याण समिति प्रयागराज द्वारा उमेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया था। जहां कवियों/शायरों ने अपनी अपनी कविताओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। वही 25 महान विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

जिसमें जनपद की यातायात व्यवस्था को बेहतर तरीके से चलाने वाले मृदुभाषी व अच्छे स्वभाव से पहचान बनाने वाले जनपद कन्नौज में तैनात टीएसआई अरशद अली सहित 25 महान विभूतियों को सम्मानित किया गया। जनपद में तैनात टीएसआई अरशद अली को भी भारतीय जनहित कल्याण समिति ने सुनील दत्त दुबे पुलिस उपाधीक्षक द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित कराया गया। जनवरी में ही अरशद अली को प्रयाग गौरव सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।


टीएसआई अरशद अली को सम्मानित करते पुलिस उपाधीक्षक।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को एसपी ने दी विदाई



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को प्रमाण पत्र, ट्राली बेग भेंट करते एसपी

**एसपी ने असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नत होने पर लगाया स्टार**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने तीन मुख्य आरक्षियों योगेश लखचौरा, सुशील कुमार, धीरज को असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नत होने पर स्टार लगाकर अलंकृत किया और उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी।

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

## एसपी ने असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नत होने पर लगाया स्टार

एसपी अमित कुमार आंनद ने उपनिरीक्षक दयाराम पाल, मुख्य आरक्षी रामनरेश को सेवानिवृत्त पर विदाई दी। जनपद से दो पुलिसकर्मी अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने विदाई समारोह में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सेवानिवृत्त प्रमाण पत्र, अंग वस्त्र और एक- एक ट्राली बेग भेंट किए। तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की। एसपी ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों का सेवाकाल सराहनीय रहा। उन्होंने उनकी सेवाओं और उपलब्धियों की प्रशंसा की इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने सेवानिवृत होने वाले पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दी।

# केक काटकर मनाई नववर्ष 2025 के आगमन की खुशी

## स्कूल मे बच्चो द्वारा कविता, सांग आदि भी सुनाये गए

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

एम चिश्ती पब्लिक एकेडमी के बच्चों द्वारा नववर्ष 2025 के आगमन की खुशी केक काट कर मनाई गई। नववर्ष के आगमन के अबसर पर स्कूल मे बच्चो द्वारा कविता, सांग आदि भी सुनाये गए। स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद जाहिद चिश्ती ने बताया की नव वर्ष की शुरुआत हम सभी लोगों को प्रेम, भाई- चारे, मेहनत, लगन के साथ करनी चाहिए और हम लोगों को आने बाले नये साल के लिए लक्ष निर्धारित करने चाहिए और उन्ही लक्ष के अनुरूप पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई और दूसरे कार्य करने चाहिए, तभी हमारा और हमारे देश का विकास संभव है इस अवसर पर रुबीना, मरियम, उमरा, शिफा, लायबा, आमिर, अनवरी बेग़म, मुन्नन, रुखसार, कशिश,शहीद,सलमा आदि लोग उपस्थित रहे।



## खेत खोदने से मना करने पर युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत खोदने से मना करने पर गांव के लोगों ने युवक के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम इंदुइयागंज निवासी लक्ष्मण पुत्र पातीराम ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है 31 दिसंबर की सुबह 05 बजे गांव के दो लोग उसका खेत फ़ावडे से खोद रहे थे। जब उसने विरोध किया तो उक्त आरोपित गाली गलौज की मारपीट पर आमादा हो गए। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नाले का पानी किसानों के खेत में जाने से फसल जलमग्न



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन प्रधान के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में उप जिला अधिकारी संबोधित लिखित ज्ञापन दिया। पश्चिमी बाईपास आर नगर छिबरामऊ में स्थित नाले का पानी खाल रूप मंगलपुर खेतों में जाने के कारण खड़ी गेहूं व आलू की फसल जलमग्न हो गई जिससे किसानों फसल को नुकसान हुआ उप जिलाधिकारी से नाले का पानी किसानों के खेतों तक जाने से रोके जाने की मांग की यदि नाले का पानी नहीं रोका गया तो भारतीय किसान यूनियन प्रधान द्वारा आंदोलन किया जाएगा ज्ञापन देते समय प्रदेश उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ चंद्रजीत यादव मोहित यादव जगन्नाथ सिंह शहीत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## जनता दर्शन में आये फरियादियों की एसपी ने सुनी समस्याएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक- एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत / समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष आएं उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं जाने का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई कर शिकायतकर्ताओं की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया।

## स्वर्णकार का समाज का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्तः रामानंद वर्मा

**छिबरामऊ।** स्वर्णकार समाज का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा राजनीति भागीदारी के लिए संकट करेगा। उक्त विचार नव नियुक्त अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामानंद वर्मा ने व्यक्त किए। मोहल्ला कटरा गली में हुए स्वागत समारोह में उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वर्णकार समाज को संगठित कर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। इस आफ्टर पास जवाहरलाल वर्मा ने कहा कि रामानंद वर्मा ने समाज के लोगों के लिए हमेशा संघर्ष किया है और हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। इस दौरान सौरव वर्मा, हिमांशु वर्मा, शिवम वर्मा, अरविंद वर्मा, सुनील वर्मा, आशीष वर्मा, नरेंद्र वर्मा तथा संजीव वर्मा ने जोरदार स्वागत किया।

## महिला ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिवार के लोगों के कहने पर चलने वाले पति पर पत्नी ने आए दिन गाली गलौज व मारपीट करने सहित जेवर ले लेने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम ताखेपुर्वा निवासिनी रामादेवी पत्नी दिनेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पति अपने भाई, भाभी, बहन-बहनोई, भतीजे के कहने पर चलता है। आए दिन उसके साथ गाली गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता है। उसका जेवर भी ले लिया है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फर्जीवाड़ा कर भूमि का बैनामा करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दत्तक पुत्र के द्वारा कुल जमीन का 1/4 भाग फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से तीन लोगों को बैनामा कर दिया गया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम गुगरापुर निवासी शशिवाला पत्नी अशोक कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गाटा संख्या 2731 के रकबा 0.1460 हेक्टेयर भूमि से अपना कुल भाग 1/4 अनुरोध कुमार दत्तक पुत्र वेद प्रकाश निवासी गुगरापुर से 12 नवंबर 2012 को उसने बैनामा कराया था। किसी कारणवश वह अपनी जमीन का दाखिल खारिज नहीं करा सकी। इसके बाद 29 अगस्त 2021 को अनुरोध कुमार ने षडयंत्र रचकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कर धोखाधड़ी पूर्वक सौरभ दीक्षित पुत्र सुरेंद्र कुमार दीक्षित निवासी गुगरापुर, केसरी खेड़ा कृष्णा नगर मानक नगर लखनऊ को वासुदेव पुत्र बालकी राम व पुष्पा देवी पत्नी शिवकांत निवासी गुगरापुर से फर्जी बैनामा करा लिया। पार्वती पत्नी फूलचंद निवासी बहुरिया देवेश पुत्र रामाश्रय निवासी गुगरापुर राजेश रामचंद्र हनुमंत खेड़ा के साथ 28 अक्टूबर 2024 को तीसरा बैनामा गाटा संख्या 2731 हेक्टेयर भूमि से कर दिया। कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों का हुआ जोरदार स्वागत

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष के कैंप कार्यालय में नव मनोनीत भाजपा मंडल अध्यक्षो का किया गया स्वागत भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता ने अपने कार्यालय पर नवनिर्वाचित छिबरामऊ मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता जी एवं प्रेमपुर मंडल अध्यक्ष शिवकुमार का फूल-माला एवं पटुका पहनाकर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया।जिसमे गल्ला आलू व्यापार संघ के अध्यक्ष श्री पीयूष गुप्ता जी,भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अक्षय गुप्ता, मंडल मंत्री आशीष वर्मा,रोबिन मिश्रा,श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता,सभासद अजय चौहान, गोपाल गुप्ता, उज्ज्वल गुप्ता,आर्यन गुप्ता,अमित गुप्ता, अनुराग गुप्ता,दास बाबू गुप्ता, सुनील दिवाकर,स्वयं पांडेय आदि कार्यकर्ता ने स्वागत किया।



# श्री परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

निज निवास स्थान महमूदपुर खास में एक बैठक करके जय श्री परशुराम सेवा समिति का गठन किया गया।

इस समिति का उद्देश्य हमारे सभी ब्राह्मण भाइयों को एक मंच पर लाना होगा। आपस में सभी एक दूसरे का सहयोग करें सभी ब्राह्मण समाज में भाईचारे को कायम रखने के लिए इस समिति का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का गठन किया गया। सर्वप्रथम सर्वेश कुमार तिवारी को अध्यक्ष पद के लिए मुकेश द्विवेदी के द्वारा नाम प्रस्तावित किया गया।जिस पर सभी ने सहमति प्रकट की वही प्रबंधक पद के लिए मुकेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष पद के लिए हरिओम द्विवेदी, प्रचारक पद के लिए प्रेम चतुर्वेदी व कोषाध्यक्ष पद के लिए विकास दीक्षित का चयन सर्वसम्मति से किया गया इस अवसर पर मुकेश द्विवेदी ने कहा कि आज मुझे भगवान परशुराम की इस कार्यकारिणी के गठन पर बहुत हर्ष हो रहा है। मुझे समिति के द्वारा जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उस जिम्मेदारी को में निस्वार्थ भाव से निभाने का पूरा प्रयास करूंगा यह मै वचन देता हूं। इस अवसर पर प्रचारक प्रेम चतुर्वेदी ने कहा कि जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी गई है प्रचार और प्रसार के बारे में मैं अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करूंगा। उपाध्यक्ष हरिओम द्विवेदी ने कहा कि समाज के लिए जो हमें जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं पूर्ण निष्ठा से समाज के हित में कार्य करने का प्रयास करूंगा ।और बहुत ही पारदर्शिता पूर्ण तरीके से जिम्मेदारी को निभाने का प्रयास करूंगा। कोषाध्यक्ष विकास दीक्षित ने कहा कि मुझे गर्व है कि आज यह जो जय श्री परशुराम सेवा समिति छिबरामऊ कन्नौज उत्तर प्रदेश का गठन किया गया है।

यह ब्राह्मणों के हित में है मैं वचन देता हूं कि अपनी पूर्ण निष्ठा भाव से मैं इस पद को जिम्मेदारी से निभाने का प्रयास करूंगा ।और तन मन धन से ब्राह्मणों के प्रति सदैव निष्ठा भाव से सजग रहूंगा। और कहा कि नववर्ष के मिलन समारोह कार्यक्रम में 5 जनवरी 2025 को हम सभी ब्राह्मण भाई बंधु बनवारी नगर में बाबा जी के ब्रह्मदेव महाराज के स्थान पर एकत्रित होंगे। और जय श्री परशुराम सेवा समिति का नव वर्ष के उपलक्ष में आगाज करेंगे। मैं पुनः सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं जय श्री परशुराम।



# न्यू बार एसो. के अध्यक्ष बने संजीव त्रिपाठी, कल्पेन्द्र महामंत्री

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील की न्यू बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का मंगलवार की दोपहर सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए बरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार त्रिपाठी व महामंत्री पद पर कल्पेन्द्र यादव को चुना गया। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद न्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने चुने गए नए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया।

तहसील की न्यू बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए मंगलवार को चुनाव होना था। इसके लिए संरक्षक संजय शुक्ला व पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चैहान को चुनाव अधिकारी नामित किया गया था। बाद में सभी अधिवक्ताओं ने मतदान न कराने पर जोर देकर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रखा। इसपर सहमति होने के बाद सर्वसम्मति के आधार पर संजीव कुमार तिवारी को अध्यक्ष बनाया गया। महामंत्री पद पर कल्पेन्द्र यादव व बरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अंकित गुप्ता, उपाध्यक्ष पद पर पवन मिश्रा, कोषाध्यक्ष पद पर कौशल श्रीवास्तव, सह सचिव पद पर पंकज राजपूत, मीडिया प्रभारी पद पर उत्तम सिंह व ऑडिटर पद पर सतेन्द्र यादव को चुना गया। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद न्यू बार एसोसिएशन के बृजेश शुक्ला, अनूप श्रीवास्तव, नीरज त्रिपाठी, बृजेश चैहान, अनिल वर्मा, दीपेन्द्र यादव सहित कई अधिवक्ताओं ने पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया।


नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाते अधिवक्ता

## न्यू बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**अधिवक्ताओं के सम्मान से नहीं होगा समझौताः संजीव त्रिपाठी**

**तिर्वा।** न्यू बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने कहा कि उनके कार्यकाल में अधिवक्ताओं के सम्मान को सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव प्रयास होगें। बार व बेंच के मध्य सामजस्य स्थापित होगा। बेवजह हड़ताल नहीं करेगें। वादकारियों के हितों के लिए काम किया जाएगा।

# नशे में वाहन चलाने वाले चालकों पर की गई कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

यातायात नियमों का पालन कराने के लिए यातायात पुलिस लगातार अभियान चलाकर यातायात नियमों का पाठ पढ़ा रही है। तो वहीं नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

यातायात प्रभारी आफाक खां ने शहर में रोडवेज बस स्टैंड से लेकर हरदोई मोड़ तक नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें कई वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाए गए। जिनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। वहीं हरदोई मोड़ में यातायात प्रभारी द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। और वाहन चालकों को बताया कि मेहंदी घाट का पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है। जब तक पुल की मरम्मत पूर्ण नहीं हो जाएगी। तब तक यह डायवर्जेन लागू रहेगा।



# बोर्ड की बैठक में नवीन जल संयोजन की दरों पर किया गया विचार

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद के सभागार में बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया बोर्ड की बैठक चेयरमैन मनोज दुबे की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार मौजूदगी में संपन्न हुई । नगर पालिका परिषद के सभागार में बोर्ड की बैठक अध्यक्ष मनोज दुबे की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार की मौजूदगी में पिछली कार्रवाई की पुस्ट व विचार किया गया चेयरमैन की अनुमति से सभासदों द्वारा 18 प्रस्ताव रखे गए जिन पर विचार मार्स किया गया सभासद धर्मेंद्र दुबे द्वारा नगर पालिका परिषद द्वारा नाले ऊपर बनवाई गई दुकानों को गिरने का प्रस्ताव दिया गया यह दुकान अतिक्रमण में आ रही है तो उनको गिराया जाए नवीन जल संयोजन पर विचार किया गया सभासद धर्मेंद्र दुबे द्वारा नगर पालिका परिषद में दो सब बहान खरीदे जाने का प्रस्ताव दिया गया वार्ड नंबर 23 के सभासद राजू द्वारा बारात घर मैं पुताई कार्य आदि का प्रस्ताव दिया गया वार्ड नंबर 17 के सभासद सुशील पांडे द्वारा ई-रिक्शा द्वारा लग रहे जाम से निजात दिलाने का प्रस्ताव रखा गया बैठक में सभासदों द्वारा प्रस्ताव के जरिए अपने-अपने बाद सदन में रखी गई बैठक में सभी सभासद मौजूद रहे।



## नम आंखो से कलम के पुरोधा को दी श्रद्धांजलि

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को शहर के एसबीएस इण्टर कॉलेज में कलम के पुरोधा स्व. स्मरजित अग्निहोत्री को नम आखो से श्रद्धांजलि दी गई। उनके साथ काम करने वाले पत्रकारो ने अपने संस्मरण सुनाए। वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश शर्मा, अनुराग मिश्र, शकील अहमद, इरा अवस्थी ने संस्मरण सुनाते हुए पत्रकारिता जगत में उनके योगदान को रेखांकित किया। कहा कि अग्निहोत्री व्यक्ति नही संस्था थे। जिन्होने कभी हार नही मानी। युवा पीढी को हमेशा बढावा देकर उनका उत्साह बढाया। एसबीएस इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य एसएल सिंह, प्रभम श्रीवास्तव, योगेन्द्र मिश्र, शिवम सैनी, गोल्डन मिश्रा, पुष्कर शर्मा, प्रशात्त त्रिवेदी, नितिन अवस्थी, प्रिन्स श्रीवास्तव, आदित्य मिश्रा, सुनील मिश्रा, विवेक मणि श्रीवास्तव, राजू वर्मा, परशुराम सेना के राष्ट्रीय महासचिव विष्णु कुमार शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय दुबे ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखा गया।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर एसपी ने शहर में किया पैदल गशत

# एसपी ने की नववर्ष का जश्न शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील


शहर में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त करते एसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

आम जनमानस को शांति व्यवस्था का एहसास दिलाने के लिए नववर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक ने शहर में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त की। एसपी अमित कुमार आनन्द द्वारा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नगर क्षेत्र में थाना पुलिस बल के साथ पैदल गस्त की।

पुलिस अधीक्षक ने सभी नागरिकों से अपील की है। कि नव वर्ष का जश्न शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और सड़कों पर यातायात नियमों का पालन करें। विशेष रूप से, शराब पीकर वाहन न चलाने की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा, पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने- अपने क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। बताया कि जनपद के मुख्य बाजार, पार्क, मॉल, और सार्वजनिक स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

**पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सभी थानों द्वारा व्यापक सुरक्षा और सतर्कता अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना क्षेत्रों में पैदल गशत की गई और संवेदनशील स्थानों, होटल, ढाबों, और शराब की दुकानों की जांच की गई। पुलिस ने लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई का संदेश दिया।**

# सर्दी हुई सुर्ख, ऐसे में अलाव बना सहारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दो दिनों से सर्दी सुर्ख हो गयी है। सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह लोग अलाव जलाकर तापते नजर आये। ऐसे में कोयले व लकड़ी के दामों में ऊभी वृद्धि हो गयी है। सबसे ज्यादा बुजुर्ग व बच्चे सर्दी से परेशान हैं। बताते चलें कि बीते दो तीन दिनों से सर्दी का सितम शुरु हो गया है। जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त है, लेकिन अभी तक नगर पालिका ने अलाव नहीं जलवाये हैं।

लोग अपने संसाधनों से अलाव जलाकर सर्दी का बचाव कर रहे हैं। जबकि बस अड्डा, रेलवे स्टेशन के बाहर व पुलिस पिकेटों पर लोग ठिठुरते नजर आये। उनका कहना था कि नगर पालिका की ओर से अभी तक अलाव नहीं जलवाये गये हैं। नगर के गिने चुने स्थानों पर ही अलाव लोग अपने निजी संसाधनों से जलवा रहे हैं। सर्दी का असर रोज कमाकर खाने वालों पर ज्यादा पड़ रहा है। सर्दी के कारण उनकी बिक्री पर भी फर्क पड़ा है। ऐसे में उनके चूल्हे ठंडे हो गये हैं। वहीं लकड़ी व कोयले के दाम आसमान पर पहुंच गये हैं। लोगों का कहना है कि सर्दी से तो बचना ही है। ऐसे में दाम क्या देखना। वहीं बुजुर्ग लोग घरों में कैद होकर रह गये हैं। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि हर्ट के मरीजों को सर्दी से बचाव करना चाहिए, अन्यथा उन्हें जोखिम उठाना पड़ सकता है। वहीं बच्चों में सर्दी के चलते जुकाम, खांसी आदि ज्यादा हो रहा है।


बस स्टैण्ड परिसर में अलाव तापते यात्री

## सर्दी से रैन बसेरा में पसरा सन्नाटा

सर्दी के चलते रैन बसेरों में व्यवस्था तो चाक चौबंद है, लेकिन कोई ठहरने वाला दिखायी नहीं दे रहा है, क्योंकि सर्दी के चलते लोग कम ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। वहीं बसों में भी लोग यात्रा कम कर रहे हैं। सिर्फ जरुरतमंद लोग ही बसों में यात्रा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि सर्दी में जो आराम घर में है, वह बाहर नहीं। रैन बसेरा संचालक ने बताया कि हमारी व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद है। कोई भी अव्यवस्था नहीं है। जो कोई आयेगा उसका स्वागत है। बताते चलें कि बीते दिनों अधिकारियों ने रैन बसेरे का निरीक्षण किया था और व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिये थे।


रैन बसेरा में पसरा सन्नाटा


छावड़ा बेकरी पर केक खरीदते ग्राहक

## नये साल पर केक की जमकर हुई बिक्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर बेकरी की दुकानों पर केक खरीदने के लिए काफी लोग पहुंचे। रात के 12 बजते ही लोगों ने केक काटकर नये साल की खुशियां मनायीं। नगर के बढ़पुर स्थित छावड़ा बेकरी पर भी लोगों की केक खरीदने के लिए भीड़ देखी गयी। संदीप छावड़ा ने बताया नये साल पर केक की ज्यादा डिमांड रहती है। वहीं सबसे ज्यादा चाकलेट केक की बिक्री हुई। इसके अलावा अन्य फ्लेवरों की भी केक बिकीं। बताते चलें कि कुछ लोग नये साल पर केक काटकर जश्न मनाते हैं। इसलिए बेकरी की दुकानें देर रात तक खुली रहीं और केक खरीदने वाले आते जाते रहे। संदीप छावड़ा ने बताया कि सबसे ज्यादा आधा किलो की केक की डिमांड रही। वहीं घुमना स्थित गजक की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी गयी। सबसे ज्यादा राजू की प्रसिद्ध गजक की बिक्री हुई। हालांकि अन्य दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी गयी। कुल मिलाकर लोगों ने नये साल का स्वागत अपने-अपने अंदाज में किया।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर जमकर हुई शराब की बिक्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शराब की दुकानें रात्रि 11 बजे तक खुली रही। इस दौरान शराब की जमकर बिक्री हुई।

जानकारी के अनुसार बीते दिन शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने नव वर्ष पर रात्रि 11 बजे तक दुकान खोलने का आदेश जारी किया था। इसी आदेश के मद्देनजर दुकान की दुकानें 11 बजे तक खुली रहीं। इस दौरान लोगों ने नव वर्ष को देखते हुए जमकर शराब खरीदी। लोगों का कहना था कि जश्न रात 12 बजे के बाद मनाऊंगा। अंग्रेजी शराब विक्रेताओं का कहना था कि आम दिनों की तुलना में नव वर्ष को काफी बिक्री हुई। बिक्री देर शाम से ही शुरु हो गयी। लोगों ने अपने-अपने हिसाब से नये वर्ष के स्वागत की तैयारियां कीं। किसी ने केक काटने के लिए खरीदा, तो किसी ने जाम छलकाने के लिए शराब खरीदी। हालांकि नये साल पर कोई होहल्ला न हो, इसके लिए पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने सख्त निर्देश दिये थे कि कानून को अपने हाथ में लेने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। चाहे वह कोई भी हो। इसलिए पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ डियूटी करती नजर आयी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भी नगर का भ्रमण कर लोगों को शांति बनाये रखने की अपील की।


नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शराब की बिक्री करता सेल्समैन

# नगर में निकाली गयी लोधी राजपूत एकता दिवस महारैली

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

लोधी राजपूत एकता दिवस महारैली का शुभारंभ अमित राजपूत तथा दो नगर पंचायत अध्यक्षों ने हरी झंडी दिखाकर किया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर सलेमपुर से लोधी राजपूत एकता दिवस बाइक महारैली कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

आयोजन के दौरान अमित राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष नवाबगंज अनिल राजपूत तथा नगर पंचायत अध्यक्ष पति संकिसा राहुल राजपूत ने स्व0 लोधी अमर सिंह महतो के बलिदान दिवस 31 दिसंबर के अवसर पर बाइक रैली कार्यक्रम का लोधी राजपूत एकता के नाम से शुभारंभ किया। जिसको नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत व नगर पंचायत अध्यक्ष पति संकिसा राहुल राजपूत व अमित राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली सलेमपुर उम्मरपुर से शुभारंभ होकर कस्बा नवाबगंज होते हुए जसमई के लिए रवाना हुई। जिसमें सभी पदाधिकारी डीजे की धुन पर बाइक रैली में शामिल हुए। इस मौके पर अमित राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष नवाबगंज अनिल राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष संकिसा के पति राहुल राजपूत, राजपूत सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश राजपूत, लोधी अनुज राजपूत, अभय राजपूत, हेम सिंह राजपूत, सुनील राजपूत, प्रदीप राजपूत तथा राजपूत सभा के सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक रैली में मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद व नगर पंचायत अध्यक्ष नवाबगंज आदि


बाइक रैली निकालते पदाधिकारी

# जंगले की सरिया तोड़कर अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर का बैटरा किया चोरी

- क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोर पुलिस को दे रहे चुनौती
- पीड़ित ट्रैक्टर स्वामी ने चोरों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेला सराय गजा में बीते दिवस की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा एक हाते के अंदर खड़े ट्रैक्टर ट्राली से हजारों की कीमत का बैटरा उस वक्त चोरी कर लिया गया जब रात के अंधेरे में घर परिवार सभी लोग रजाइयों के अंदर सो रहे थे। घटनाक्रम के अनुसार बताया गया है गांव के ही सेवाराम पुत्र अनोखे लाल मिश्रा का ट्रैक्टर जिसे रोज की भांति हाते में खड़ा किया जाता है। उन्होंने बताया बीते दिवस की शाम 6 बजे के करीब ट्रैक्टर को अंदर खड़ा किया गया था।

उन्होंने बताया सुबह के वक्त जब वहां पहुंचे तो ट्रैक्टर को स्टार्ट किया, तो ट्रैक्टर स्टार्ट नहीं हुआ। शंका होने पर जब उसको गौर से देखा तो ट्रैक्टर में बैटरा नहीं था। उन्होंने यह भी बताया अज्ञात चोर दीवार में लगे जंगले की सरियों को तोड़कर अंदर दाखिल हुए और ट्रैक्टर का बैटरा चुरा ले गए। उन्होंने बताया बैटरा की कीमत लगभग 7000 के आसपास थी। पीड़ित ट्रैक्टर स्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

मालूम रहे शमशाबाद क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पिछले कई दिनों से अज्ञात चोर जो बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। दो दिन पूर्व गंगा कटरी क्षेत्र के ग्राम साधौ सराय कासिमपुर तराई जहां एक शराब के ठेके के दरवाजे के पल्ले को तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा हजारों की नगदी तथा दो पेटी शराब, डीबीआर तथा एक प्रिंटर चोरी कर लिया गया था।

बताया गया है सेल्समैन शौचक्रिया के लिए गया था। इसी बीच अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। इससे पूर्व में भी अज्ञात चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। फिलहाल लगातार जारी चोरी की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं। उधर पीड़ित ट्रैक्टर स्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



चोरों द्वारा ट्रैक्टर से चोरी की गयी बैट्री

# अधिशासी अधिकारी ने रैन बसेरा व अलाव का किया निरीक्षण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सर्दी के चलते अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने रैन बसेरा व अलाव का निरीक्षण किया। शीतलहर और ठन्ड को देखते हुए गरीब एवं असहाय लोगों को ठन्ड से सुरक्षित रखने के लिए अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा नगर के विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरे का निरीक्षण किया तथा वहां ठहरे लोगों से पूछा कि कोई परेशानी तो नहीं है। इसके अलावा अधिशासी अधिकारी ने अलाव का निरीक्षण किया कि अलाव चल रहे हैं या नहीं।

अधिशासी अधिकारी को चिंहित प्वाइटों पर अलाव जलते नजर आये। जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अलाव में लकड़ी आदि की कमी नहीं होनी चाहिए। वहीं रैन बसेरा में भी व्यवस्थायें चाक चौबंद होनी चाहिए। जिससे यहां पर ठहरने वाले लोगों को सर्दी में कोई दिक्कत न हो। इस दौरान जेई प्रशान्त, एसआई अनिल आजाद, बड़े बाबू राम भुवन यादव, सफाई नायक विजेन्द्र, रवि, अरशद आदि नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।


अलाव तापते लोग

# नव वर्ष पर सज गए नगर के मंदिर, होटल व रेस्टोरेंट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नव वर्ष मनाने का लोगों का अपना-अपना तरीका है। युवा पीढ़ी अपने दोस्तों आदि के साथ मनाना पसंद करते तो वहीं भक्ति का भाव रखने वाले लोग पूजा अर्चना कर मना रहे हैं।

जहां एक तरफ नव वर्ष के आगमन पर होटल, रेस्टोरेंट सजाये गये है। कुछ जगह पहले से ही बुकिंग की गई। वहीं भक्तों ने भी मंदिरों में साफ-साफ व साज सज्जा कर पूजा अर्चना कर वर्ष 2025 का स्वागत किया। वर्ष के अंतिम दिन महाबली हनुमान जी का दिन मंगलवार होने के चलते मंदिरों में पूरे दिन रामधुन बजती रही तो वहीं भक्तों ने भी अपने-अपने तरीके से प्रभु श्रीराम जानकी की आराधना कर हनुमान जी का पूजन किया। फतेहगढ़ के भोलेपुर स्थित सिद्ध हनुमान जी के मंदिर में हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ देखी गई। सुबह से ही पूजन पाठ का आयोजन चलता रहा। देर रात आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं कई भक्तों ने अपने-अपने घरों में श्री सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन कराकर भण्डारे का आयोजन किया। कुछ स्थानों पर रात्रि में भी पूजा अर्चना चलती रहेगी। वहीं बढ़पुर स्थित मां शीतला देवी मंदिर में भी बुधवार को श्री सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन रखा गया है।

मां शीतला देवी सेवा समिति कमेटी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 1 जनवरी दिन बुधवार को मंदिर प्रांगण में प्रातः10 बजे से श्री सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन होगा। मंदिर की साज-सज्जा का कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है।


मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

# सवारी ने रोडवेज परिचालक से किया गाली-गलौज

- परिचालक ने 49,500 रुपये छीनने का लगाया आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गाँव अगौनापुर निवासी नितिन पाल पुत्र रामवीर ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह बीते करीब पांच महीने से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में संविदा पद पर परिचालक है। कौशाम्बी डियो की रोजवेज बस संख्या-यू.पी.78 एफएन5431 में बतौर परिचालक कार्य कर रहा हूँ। मंगलवार सुबह 9.30 बजे मैंने तथा ड्राइवर रंजीत ने रोजवेज बस कौशाम्बी डिपो की बस संख्या यू.पी.78एफएन5431 द्वारा कौशाम्बी दिल्ली बस स्टैन्ड से सवारियों को बैठालकर फर्रुखाबाद के लिए निकले थे। कायमगंज से पहले ब्राहिमपुर जागीर गॉव के पास बस में बैठी सवारी जो सिलाई मशीन का किराया 200 रुपये मेरे फोन-पे 9759016946 पर देने के बाद वापस लेने को लेकर झगड़ा करने लगा और मेरे बैग से किराये के 49,000 रुपये निकालकर बस से नीचे उतर गया। उतरने के दौरान जब हमने रुपये निकालने की बात कही, तो उसके तीन अन्य साथी हमारे साथ गाली-गलौज करने लगे। वहाँ पर भीड़ को देखकर एक प्रधान आये और हमारा बीच बचाव किया। प्रधान ने मुझसे व ड्राइवर से कहा कि और कोई बात तो नहीं है, तब मैंने कुछ नहीं बताया और वे लोग चले गये।

तब मैंने 112 नंबर पर समय करीब 4.30 बजे शाम अपने फोन से रुपये छीनने की सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल की। घटना के सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया की प्रारम्भिक जाँच में मामला संदिग्ध पाया गया है। जाँच की जा रही है।



घटना की जानकारी देता पीड़ित परिचालक व साथ में चालक

# गौ माता जनजागृति यात्रा को लेकर एसडीएम को आरएसएस ने सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गौ माता जन जागृति यात्रा अयोध्या से प्रारम्भ हो चुकी है। जो वृंदावन धाम तक जायेगी। अयोध्या के हनुमान गाढ़ी मंदिर से सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सनातन संस्कृति के प्रदेश अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह एवं पवन कुमार चौहान आध्यात्मिक प्रकोष्ठ ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य गौ संरक्षण और संवर्धन है। इस यात्रा के माध्यम से आम जनजीवन में गौवंश के प्रति मानव समाज के कर्तव्यों एवम् गौवंश के प्रति जागरूक करना है। अध्यक्ष ने कहा कि गौमाता के शरीर में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। गौमाता भारत की ही नहीं वरन् पूरे विश्व का गौरव हैं। भारत में गौ माता को राष्ट्र माता व गौवंश को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा दिया जाए। इसके लिए राष्ट्रीय सनातन संस्कृति संगठन दृढ़ संकल्पित है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख प्राथमिकता में गौ रक्षा हो, प्रदेश में गौशालाओं की स्थिति पर भी मुख्यमंत्री की हमेशा पैनी नजर रहती है। हम सबको सरकार के साथ-साथ समाज की भी जिम्मेदारी है की गोवंश का संरक्षण और संवर्धन करें।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत जैसे देश में गोवंश की करुण कथा कहने से हृदय विदीर्ण होता है कि राम कृष्ण की माटी पर दर-दर ठोकर खाती गौमाता भारत के भविष्य निर्माताओं को शाप दे रही है राष्ट्रीय सनातन संस्कृति संगठन गोवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए आज से 6 जनवरी तक चलने वाली यात्रा अयोध्या धाम से गौ माता जन जागृति संकल्प यात्रा की शुरुआत करने जा रही। यात्रा अयोध्या धाम से पावन अखन्ड ज्योति लेकर वृंदावन धाम तक जा रही हैं। मार्ग में पड़ने वाले मुख्य धार्मिक स्थलों व गौशालाओं मे आरती पूजन के साथ जन जागरण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जोड़ने का काम करेगी। साथ ही जन सामान्य के साथ इस यात्रा मे गौ माता के प्रति आस्था एप भी चर्चा होगी। यात्रा के अन्तिम चरण वृन्दावन धाम मे विशाल जागृति समागम कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जिसमे कई विद्धान मनीषी सन्तगण शिरकत कर रहे हैं। अयोध्या धाम मे यात्रा को राजू दास महाराज व अन्य महंत हनुमानगढ़ी से रवाना करेंगे। इसी संबंध में सुरक्षा व्यवस्था व अनुमति हेतु आज एडीएम सुभाष प्रजापति को ज्ञापन जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह व उनकी टीम द्वारा दिया गया। राष्ट्रीय महासचिव अमन अवस्थी से बात चीत में बताया की संकल्प यात्रा अयोध्या धाम से चलकर 3 जनवरी 2025 को दोपहर 02 बजे जमापुर चौराहे पर पहुंचेगी।

जहां फर्रुखाबाद टीम व आम जनमानस द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। उसके बाद जामापुर से चलकर सूर्य मंदिर रिलायंस पेट्रोल पंप पर रुकेगी और रात्रि विश्राम के बाद 4 जनवरी 2025 को वृंदावन के लिए प्रस्थान करेगी मौके। पर सचिन अवस्थी जिला मीडिया प्रभारी, देवांश अग्निहोत्री युवा जिला उपाध्यक्ष, जितेंद्र सिंह राठौर जिला संगठन प्रमुख महासचिव सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।


आरएसएस के पदाधिकारी

# आलू के भाव में मामूली उछाल, 75 मोटर रही आमद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर आलू मण्डी में मंगलवार को साल के आखिरी दिन भाव में मामूली उछाल रहा। लगभग 75 मोटर की आमद रही। मण्डी में 1251 रुपये से 1411 रुपये कुंटल आलू की बिक्री हुई। 631 रुपये से 711 रुपये पैकेट आलू बिका। निबल व सामान्य आलू का भाव 631 रुपये खुला, जो छट्टा व सुपर आलू 711 रुपये पैकेट में बिका। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि साल के आखिरी दिन होने के कारण पिछले दिन की अपेक्षा कुछ आमद कम रही। जिस कारण 30 रुपये प्रति कुंटल आलू के भाव में उछाल आया। सातनपुर मण्डी में बाहर के व्यापारी आलू की खरीद कर बाहर की मंडियों में बेंचते है। जिस कारण आलू के भाव में उतार चढ़ाव रहता है। ज्यादातर खेतों में आलू की खुदाई शुरु हो गयी है।

कच्चा होने के कारण अगले 15 दिन बाद आलू रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज में भराई शुरु हो जायेगी। जनपद के सभी कोल्ड स्टोरेज पूर्ण रुप से खाली हो चुके है। जिनकी सफाई का कार्य भी समाप्ति पर है। 1 जनवरी के बाद शीतगृह संघ की बैठक होगी। जिसमें आलू का भाड़ा कोल्ड स्टोरेज मालिक तय करेंगे। उसके बाद आलू कोल्ड स्टोरेज में रखा जायेगा।


मण्डी में लगा आलू का ढेर

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच महिला मोर्चा के पदाधिकारी घोषित

## महामंत्री राजवती बाथम व सुनीता वर्मा बनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के द्वारा महिला मोर्चा टीम का विस्तार का किया गया। विभिन्न महिला पदाधिकरियों की घोषणा की गई। बैठक का आयोजन राष्ट्रीय महासचिव बबिता पाठक के आवास पर हुआ। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुमन राजपूत द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर पटका पहनाकर स्वागत किया गयाद्ध अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकानंद पाठक ने की। संगठन के कार्यों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही राष्ट्रीय सचिव बबीता पाठक एवं मंडल प्रभारी हेमलता मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने कहा कि आज सबसे पहले हमें स्वयं को जगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपने परिवार व समाज को एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को हिंदुत्व के विषय में बताएगा तो काफी हद तक सुधार आएगा। नये पदाधिकारी राजवती बाथम को महिला मोर्चा का महामंत्री एवं शीतल सक्सेना महामंत्री, सुनीता वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, स्नेहलता को उपाध्यक्ष, यशोदा देवी उपाध्यक्ष, गायत्री मिश्रा उपाध्यक्ष, मीनाक्षी सिंह को उपाध्यक्ष, बबीता मिश्रा उपाध्यक्ष, रागिनी बाथम जिलामंत्री, उमा सिंह जिलामंत्री, रीतू शुक्ला जिलामंत्री, आशा ठठेर को जिला मंत्री, कुंतीदेवी जिलामंत्री, रमिता राजपूत को जिला मंत्री, गुड़िया वर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया। साथ ही फर्रुखाबाद नगर अध्यक्ष डॉ. रूबी चतुर्वेदी एवं फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष वंदना पाल को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रीति तिवारी, दिव्यांशी राजपूत, आलोक भारती, अथर्व पाठक आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता का आयोजन 28 व 29 दिसम्बर को चौक स्टेडियम लखनऊ में आयोजित हुआ था। प्रतियोगिता में जनपद के 6 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

जिसमें पारस गौतम ने स्वर्ण पदक, कमल साहू ने स्वर्ण पदक, आस्था वर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया। सभी पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को जिला कलारीपयट्टू एसोसिएशन के सदस्यों ने स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में मंगलवार को सम्मानित किया। जिला कलारीपयट्टू एसोसिएशन के अध्यक्ष रचित अग्रवाल, सचिव अनुज वर्मा, कोषाध्यक्ष विजय कनौजिया, उपाध्यक्ष उत्कर्ष यादव, संयुक्त मंत्री पारस भारद्वाज, संरक्षक संजीव कटियार व योगेश शुक्ला, मनोज कुमार, पराग अग्रवाल, मयूर गुप्ता, अंकुर कनौजिया, अहमद मिया आदि लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी उत्तराखण्ड में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें।


सम्मानित होते विजेता खिलाड़ी

# मारपीट व जानमाल की धमकी देने पर तीन पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज व मारपीट करने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला महादेव प्रसाद स्ट्रीट निवासी सत्यम मिश्रा पुत्र रविन्द्र मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि सौदान सिंह पुत्र मान सिंह निवासी कूंचा भवानीदास ने अपने साथियों के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध धारा 115(2)/352/351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# भारतीय युवा उद्योग व्यापार मण्डल ने महरुपुर भट्ठा पर वितरित किये गर्म कपड़े

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा सर्दी में जरुरतमंदों को जिला युवा इकाई द्वारा गर्म कपड़े वितरित किये गये। भारतीय उद्योग जिला युवा व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष संदेश अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रबल माहेश्वरी, जिला मंत्री अर्पण अग्रवाल, फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष संदीप सक्सेना, नगर चेयरमैन संजय रस्तोगी के साथ महरुपुर स्थित ईंट भट्ठे पर पहुंचकर गरीब, जररुतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किये। कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। युवा जिला महामंत्री प्रबल महेश्वरी ने कहा कि हम सब लोगों का दायित्व है कि जरुरतमंदों की मदद करें। असाहयों की मदद करना सबसे बड़ा परोपकार है। बड़ी संख्या में युवा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने पहुंचकर वस्त्र वितरित किये। इस मौके पर अतुल, यशभान सिंग, जितेंद्र शुक्ल, मंजीत, कृष्ण मुरारी माहेश्वरी एवं अश्वनी कुमार आदि उपस्थित रहे।


गर्म कपड़ों के साथ मौजूद व्यापारी

# बालू खदान में विवाद करने पर पट्टेधारक सहित तीन पर केस दर्ज

**कालपी ,जालौन।** यमुना नदी के किनारे तरीबुल्दा बालू खदान में विवाद को लेकर साझेदार द्वारा पट्टेधारक सहित 3 नामजद लोगो के खिलाफ कालपी कोतवाली में मारपीट, धोखाधड़ी व धन हड़पने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण को लेकर वादी विकास पांडेय पुत्र ओमप्रकाश पांडेय निवासी नोएडा गौतमबुद्ध नगर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि तरीबुल्दा बालू खदान के पट्टेधारक आरोपियों आसिफ इकबाल निवासी लखनऊ, मोहम्मद जावेद तथा रविंद्र सिंह तथा अज्ञात लोगों ने छल पूर्वक 5 लाख रुपये धन ले लिया तथा झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी हैं। आरोपियों ने छल पूर्वक खनन नियमावली के विरुद्ध बिक्री का अधिकार प्राप्त किया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य दक्षता वर्ग सम्पन्न


सामूहिक भोज करते आचार्यगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में मंगलवार को विद्या भारती के लक्ष्य की संकल्पना के अनुसार आचार्य बन्धुओं की शिक्षण शैली को और अधिक प्रभावी ढंग से विकसित करने के उद्देश्य से दक्षता वर्ग संपन्न हुआ। जिसमें सभी आचार्यों एवं आचार्य बहनों को विद्यालय के प्रधानाचार्य धरमवीर सिंह ने मार्गदर्शन किया। उन्होने बताया कि विद्यार्थियों के शिक्षण को कांसेप्ट से समझाया और सिखाया जाए। जिससे वह मानसिक रूप से मजबूत होंगे। इन वर्गों का उद्देश्य अपनी शिक्षण शैली को और अधिक प्रभावी बनाना है। जिससे छात्रों की योग्यता का विकास हो और जिससे उनके भविष्य का निर्माण हो सके। साथ ही सामूहिक भोजन हुआ। इस मौके पर प्रदीप अवस्थी, प्रदीप सेंगर, प्रदीप शर्मा, रामानन्द पांडेय, वीरेश परमार, कृष्ण कुमार कटियार, सर्वेश शुक्ला, शिव मोहन लाल मिश्र, रजनीश कुमार, संजीव कुमार, शिवकुमार, आलोक सिंह, गोविन्द, बृजपाल सिंह, आर्तिका, अंजली, अर्पणा, अमृता, पल्लवी, रीतू आदि लोग मौजूद रहे।

# छेड़छाड़ व जाति सूचक गालियां देने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ व निर्वस्त्र कर देने का विरोध करने पर जाति सूचक गालियां व जानमाल की धमकी देने के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने पर पीड़िता ने अपर पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी।

अपर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद के एक ग्राम की रहने वाली पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से शिकायत कर अवगत कराया था कि ग्राम रोहिला निवासी गोपाल यादव पुत्र श्रीपाल मेरे घर में घुस आया और अकेला देखकर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मुझे निर्वस्त्र कर दिया और जाति सूचक गालियां दी व जानमाल की धमकी दी।

चीखपुकार करने पर वह भाग गया। जब स्थानीय पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तो पीड़िता ने अपर पुलिस अधीक्षक के यहां पहुंचकर लिखित शिकायत की। जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक ने मामला उक्त कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिये। तब जाकर पुलिस ने धारा 333/76/352/351(3) बीएनएस/3(1)द/3(1)ध/3(2) वीए एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# भाकियू महिला मोर्चा की बैठक में चला सदस्यता अभियान

- महिलाओं ने उठायी क्षेत्र की समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति महिला मोर्चा की बैठक अमेठी कोहना धीमरपुरा में जिला उपाध्यक्ष अंजू देवी कश्यप के निवास पर सम्पन्न हुई। मजदूर, किसान एवं महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं सुनी गई।

अन्जू देवी कश्यप ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा कच्चे नाले का निर्माण करवाया गया। जो बरसात में गंगा का जल स्तर बढ़ने से खतरा बना रहता है। मोहल्ले में कोई भी स्ट्रीट लाइट नहीं है। विधवा महिलायें पन्नी डालकर रह रही है, उन्हें आवास दिलाने का वादा किया गया था, अभी तक कोई समस्या नहीं सुनी गई है। ऐसे लोगों के खिलाफ भाकियू जन शक्ति कार्यवाही की मांग उठायेगा और जरुरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी की जायेगी। साथ ही महिलाओं को पदाधिकारी बनाकर मनोनयन पत्र सौंपे गये। जिला उपाध्यक्ष सर्वेश यादव ने कहा महिला मोर्चा का संगठन सही कार्य कर रहा है। इस मौके पर कई महिलाओं ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान आरती, रेखा, रजनी, रीता, आरती, रुचि, शिवानी, भक्ति, मंजू रजनी, रीना, रेखा, राजवती, पूनम, श्यामा, मुन्नी, रामप्यारी, गंगा, सरला, रोली, वंदन, माया ने सदस्यता ली। इस दौरान शैलेंद्र यादव, अरुण कुमार, अनुज कुमार, मनोज कुमार शुक्ला, डॉ0 मोनिका त्रिवेदी, अंजू देवी कश्यप, उमाकांत त्रिवेदी, रविंद्र कुमार कश्यप, जितेंद्र कुमार, केशव पाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


महिला को मनोनयन पत्र सौंपते भाकियू नेता

# सीओ के आदेश पर धोखाधड़ी करने वाले पांच पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में है कुछ जमीनें
- पीड़ित ने घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी से लिखित शिकायत की

धोखाधड़ी के मामले में क्षेत्राधिकारी के आदेश पर थाना मऊदरवाजा पुलिस ने चार नामदर्ज व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार राजेन्द्र पुत्र तेजराम निवासी चौहान पुरवा अलीपुर विधुना थाना बेला जनपद औरैया ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में कुछ जमीन है, जिसे शिशुपाल सिंह पुत्र मुरली निवासी ग्राम सिठौली थाना मेरापुर व उसके तीन नामदर्ज व एक अज्ञात ने फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वादी की जमीन का फर्जी तरीके से विक्रय पत्र निस्पादित कर दिया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके बाद पीड़ित ने घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी से लिखित शिकायत की। सीओ के आदेश पर थाना मऊदरवाजा पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में आरोपियों पर धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# 1.20 करोड़ ठगने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

- पैसे वापस मांगे तो देने से मना कर दिया और मारपीट कर जानमाल की धमकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक करोड़ से अधिक की धनराशि हड़प लेने के मामले में क्षेत्राधिकारी के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र पाण्डेय पुत्र श्रीकृष्ण पाण्डेय निवासी ग्राम मुर्रा थाना सौरिख जनपद कन्नौज ने पुलिस से शिकायत की उसके साथ धोखाधड़ी कर 1 करोड़ 20 लाख रुपये आलोक निवासी मोहल्ला नुनहाई स्ट्रीट कोतवाली फर्रुखाबाद ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर मेरे रुपये हड़प लिये। जब जानकारी हुई तो अपने पैसे वापस मांगे तो देने से मना कर दिया और मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। क्षेत्राधिकारी के आदेश पर पुलिस ने धारा 318 (4)/ 316(2) /115(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## वाहन चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। उपचार के लिए परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के क्षेत्र बाग लकूला निवासी अरविन्द पुत्र देवसिंह ने थाने में दी तहरीर में दर्शाया कि उसका भाई अपनी बाइक से किसी काम से जा रहा था। रास्ते में एक वाहन संख्या यूपी 78एएल/3434के चालक ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। घायल के भाई ने घटना के संबंध में थो में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वाहन चालक के विरुद्ध धारा 125/281/324(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर सुंदरकांड का हुआ पाठ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नववर्ष की पूर्व संध्या पर सुंदरकांड पाठ का के आयोजन के साथ-साथ बच्चों की प्रतियोगितायें हुईं। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

जानकारी के अनुसार नगर के सधवाड़ा मोहल्ले में स्थित राधाकृष्ण मंदिर में नववर्ष के उपलक्ष्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन पंडित कैलाश चंद्र शुक्ल एवं आशुतोष चतुर्वेदी ने कराया। बच्चों की प्रतियोगिताएं हुई तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मोहल्लेवासियों ने सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में जितेंद्र, अमित, ध्रुव, पंकज, संजीव, राजकिशोर, राधाकृष्ण, सुमित, अरविंद, पिंटू, ज्योत्स्ना, प्रियंका, सीमास युक्ता, मंजू, रेनू, शुभी, कविता, आशा, ऊषा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चे

# जरुरतमंदों को सेवा समिति ने बांटे कम्बल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवा धर्म समिति फर्रुखाबाद के तत्वाधान में जरुरतमंदों को ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किये गये। समिति द्वारा 200 लोगों को कंबल बांटे गये। खैराती खां स्थित आगा साहब की दरगाह पर मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार व समाजसेवी मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने कम्बल बांटे। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त में समाज को तालीम की राह मजबूत करना है। इल्म हासिल करना वक्त की जरुरत है। वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे और ऐसे कार्यक्रम होते रहे और सराहना की। इस मौके पर फजल मंसूरी, अंकुर मिश्रा, वसीमुजमा खां, बसपा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार गौतम ने विचार रखे। आये हुए लगभग 200 जरुरतमंदों को कम्बल वितरित किये गये। इस दौरान फरहत अली, फरियाब खान, सलीम राजा, अनवर पठान, आदिल हुसैन, मेराजुद्दीन, शिवाशीष तिवारी, तालिब मंसूरी, असद खां, फरीद खां, हिलाल सफीकी आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद लोग

# पाइप लाइन बिछाने के लिये उखड़ी सड़कों को तत्काल ठीक करायें

**जालौन,उरई।** नगर में डाली जा रही पाइप लाइन से मोहल्ले की सीसी इंटरलॉकिंग उखाड़कर गड्ढ़ों में तब्दील हो चुकी हैं। सड़कों को सही कराने के लिए बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष ने मंडलायुक्त को शिकायती पत्र भेजा है। बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राइन ने कमिश्नर विमल कुमार दुबे को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि नगर में पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई जा रही है। सड़कों को खोदकर पाइप लाइन को बिछा तो दिया जाता है। लेकिन खोदी गई सड़क को ठेकेदार द्वारा सही नहीं कराया जाता है। जिसके चलते गलियों में बाइक ले जाने में परेशानी होती है।

# धार्मिक कट्टरता के धुर विरोधी थे राजनारायणः राजनाथ

- 38वीं पुण्यतिथि पर गांधी भवन में याद किए गए लोकबंधु राजनारायण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राजनारायण धार्मिक कट्टरता के धुर विरोधी थे। वह हिन्दू परंपराओं से प्यार करते थे, लेकिन साथ ही साथ अन्य धर्मों के प्रति समानता व आदर की भावना रखते थे उन्हें सामाजिक भेदभाव से नफरत थी। उन्हें दलितों के प्रति सहानुभूति थी। यह बात गांधी भवन में समाजवादी पुरोधा और पूर्व केन्द्रीय मंत्री लोकबंधु राजनारायण की 38वीं पुण्यतिथि पर आयोजित स्मृति सभा की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा कि लोकबंधु राजनारायण आम आदमी के हित चिंतक थे। उनकी बेहतरी के लिए वह आजीवन संघर्षरत रहे। राजनरायण इंसानियत और मानवता के वैचारिक प्रकाश स्तम्भ थे। वर्तमान परिदृश्य में समाज से ओझल हो रहे ईमानदारी व मानवता के पैरोकार लोकबंधु राजनारायण को याद करना प्रासंगिक हो गया है। इस दौरान उन्होंने राजनारायण के साथ बिताये कई संस्मरण सुनाए। पूर्व विधायक सरवर अली ने कहा कि लोकबंधु राजनारायण तमाम जिंदगी समाजवादी विचारधारा के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं किया। वे हमेशा समाज के वंचित तबकों की बेहतरी के लिए संघर्षरत रहे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खां ने कहा कि डॉ लोहिया के बाद लोकबन्धु राजनारायण ही समाजवादी आंदोलन के कर्मठ और संघर्षशील योद्धा थे। भारतीय राजनीति में उनकी पहचान लोक प्रहरी के रूप में बनी रही। वह कबीर परम्परा के ऋषि पुरुष थे।



इस मौके पर प्रमुख रूप से मृत्युंजय शर्मा, विनय कुमार सिंह, सत्यवान वर्मा, अशोक शुक्ला, पाटेश्वरी प्रसाद, संतोष शुक्ला, मनीष सिंह, अशोक जायसवाल, उमेश श्रीवास्तव, साकेत मौर्य, वसीक अहमद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संस्था ने लगाया स्वास्थ्य मेला, किशोरियों को दी जानकारी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में वात्सल्य संस्था व सिरौली गौसपुर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया सीएचसी सिरौलीगौसपुर के अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह सीडीपीओ अर्चना वर्मा, वात्सल्य संस्था की नीलिमा गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया।

स्वास्थ्य मेला में डॉक्टर आरिफ के नेतृत्व में दवाइयों एवं जांच के काउंटर लगाए गए। जिसमें मरीज को दवाइयों के साथ ही उनकी जांच की गई तथा किशोरियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गई। वत्सल संस्था के द्वारा 12 ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य से सम्बंधित आयोजन किये जा रहा है। जिसमें बालिकाओं को संक्रामक रोग से बचने के उपाय तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य मेले में जांच भी की गई जैसे टीबी और अन्य बीमारियों से बचने के उपाय भी बताए गए। मेले में ग्राम प्रधान मसूद रियाज सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सबसे ज्यादा स्वच्छता की जरूरत है। जहां पर गंदगी होती है वहां बीमारियां अपना पैर जल्दी पसारना शुरू कर देती है ।अपने आसपास साफ सफाई रखें और बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए खान-पान का ध्यान रखें तो बीमार होने की संभावना कम रहती है। उन्होंने कहा कि अगर शरीर में कोई समस्या हो तो नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच कर जांच कराकर दवाई ले तो बीमारी जल्द ठीक हो जाती।



# नव वर्ष के स्वागत में फूलों से सजे बाजार, 500 रुपये तक में बिका गुलदस्ता

## गुलाब के डाल वाले फूल सबसे ज्यादा युवाओं की पसंद बने





जानकारी देते फूल विक्रेता शिवम सैनी व गुलस्ता तैयार करते गोपाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नए साल के अवसर पर एक-दूसरे को बधाई देने के लिए लोग उपहार में फूल और गुलदस्ते देना पसंद करते हैं। गुलदस्ते में गुलाब के साथ कारनेशन, डेजी, स्टॉर व ऑर्किट भी लगाए जाते हैं। गुलदस्ते की खूबसूरती बढ़ाने के लिए उसमें प्लास्टिक के आइटम इस्तेमाल किए जाते हैं। फिलहाल गुलाब का फूल डाल के साथ 25 से 30 रुपये में बिक रहा है। गुलदस्ते का दाम उसमें इस्तेमाल किए गए फूलों पर निर्भर करता है। औसतन एक गुलदस्ते का रेट 250 रुपये से लेकर 500 रुपये तक शुरू होता। चौक बाजार स्थित फूल के व्यापारी शिवम सैनी ने बताया कि नए साल में 31 दिसंबर से लेकर पांच जनवरी तक लोग फूल व गुलदस्तों की खरीदारी एक-दूसरे को बधाई देने के लिए काफी करते हैं। नए साल में गुलदस्ते बनाने के लिए फूल मंगाए जा रहे हैं। कच्चा सौदा होने के कारण फूलों को पहले नहीं मंगाया जाता है, ताकि फूल ताजे ही बिक सकें। उन्होंने बताया कि इस बार सबसे ज्यादा गुलाब की फूलों की मांग है। गुलाब फूल का सादा गुलदस्ता 25 से लेकर 30 रुपये में बिक रहे है। औसतन एक गुलदस्ते का रेट 250 रुपये से लेकर 500 रुपये तक शुरू होता।

वहीं फतेहगढ़ में फ्लावर एण्ड डेकोरेशन के संचालक गोपाल ने बताया कि पिछली साल पहले से ही काफी आर्डर बुक हो गये थे। इस साल अभी तक उतनी बुकिंग नहीं हुई है, लेकिन देर रात से लेकर नव वर्ष के पहले दिन यानी दो दिन तक फूलों की बिक्री होती है। आर्डर मिलने से एक अनुमान लग जाता है, लेकिन फुटकर बिक्री का अंदाजा नहीं होता है। फिलहाल टहनी वाले गुलाब के फूल की सबसे ज्यादा बिक्री होती है। नए साल की शुरुआत एक नए उत्साह और उम्मीद के साथ होती है। इस खास मौके पर अपनों को दिल से शुभकामनाएं भेजना बेहद खास होता है। नया साल न सिर्फ पुराने साल की विदाई का प्रतीक है, बल्कि यह नये अवसरों, नई उम्मीदों और सफलता की शुरुआत भी है।

# सीएचसी में एक्सरे मशीन खराब, दर-दर भटक रहे मरीज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन खराब होने पर मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। दूरदराज से आने वाले मरीजों को अस्पताल में जब पता चलता है कि एक्सरे मशीन खराब है, तो वह मायूस होकर बैरंग लौट जाते हैं।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में एक्सरे करवाने के लिए मरीजों को इधर उधर भटकना पड़ रहा है। अस्पताल की एक्सरे मशीन खराब होने के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों में अपनी जेब ढीली करके एक्सरे करवाने पड़ रहे है। वहीं चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य ने बताया कि मशीन आज ही खराब हुई है। बुधवार तक एक्सरे मशीन ठीक हो जायेगी। इसके बाद मरीजों को कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने आने वाले मरीजों को दो दिन तक धैर्य बनाये रखने की अपील की है। इसके बाद एक्सरे मरीजों के किये जायेंगे।

# भागवत कथा में उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला अंडियाना में चल रही भागवत कथा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथावाचक मनोजानंदन जी महाराज अपने मुखारबिन्दु से कथा का रसपनान भक्तों को करा रहे हैं। कथा सुनने के लिए लोग अपराह्न 2 बजे पहुंच जाते हैं और शाम 5 बजे तक कथा का रसपान करते हैं। मनोजानंदन महाराज ने कहा कि कथा सुनने से कोई फायदा नहीं, बल्कि उसको सुनने के बाद अपने जीवन में उतारना ही सबसे बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मनुष्य को भवसागर से पार लगाती है। उन्होंने भक्तों से अनुरोध किया कि वह अपने जीवन में एक बार भागवत कथा अवश्य करवायें। भावगत कथा सुनने के लिए मोहल्ले की रमा त्रिपाठी, रामू, उमेश श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, पार्थ त्रिपाठी, अलका त्रिपाठी सहित दर्जनों की संख्या में भक्तगण कथा का श्रवण करने के लिए पहुंच रहे हैं।




# डिजिटल दौर में गुम हो गया नववर्ष पर ग्रीटिंग कार्ड का चलन

## सोशल मीडिया ने ली जगह, दूकानों पर नहीं दिखायी दे रहे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बदलते वक्त के साथ ग्रीटिंग्स कार्ड के जरिए संदेश पहुंचाने और अपने जज्बातों का एहसास दिलाने की बात अब पुरानी हो गयी। अब तो इंटरनेट का जमाना है और चंद सेकेंड में ही ऑनलाइन चेटिंग, वीडियो कॉलिंग और सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से एक-दूसरे को संदेश पहुंच जाता है। एक वक्त था जब लोगों को नए साल की आहट होने के साथ ही ग्रीटिंग कार्ड का इंतजार रहता था।

वह वक्त ऐसा था जब पोस्टमैन मोहल्ले या गांव में घुसता था तो लोग पहले ही रास्ते में रोक लेते थे और पूछते थे कि हमारे लिए तो किसी ने कुछ तो नहीं भेजा, क्योंकि पहले डाक सेवा ही एक ऐसा माध्यम था जो पत्र पहुंचाता था औश्र ग्रीटिंग कार्ड की परम्परा निराली थी। कुछ लोग शुभकामनायें भेजते थे तो वहीं रंगीन मिजाज के लोग विभिन्न प्रकार की शायरी संदेशों से भरे काड्र्स का इंतजार करते थे। इंटरनेट के जमाने में बीते कुछ वर्षों से धीरे-धीरे ग्रीटिंग कार्ड भेजने की परंपरा लगभग समाप्त हो गयी है। इलेक्ट्रॉनिक युग में अब ईमेल, मोबाइल, फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप आदि के माध्यम से संदेशों का आदान प्रदान करते हैं। ग्रीटिंग्स कार्ड के जरिए हैप्पी न्यू ईयर और नव वर्ष मुबारक कहने का अलग अंदाज था। पुराने साल समाप्त होने के अंतिम बेला और नववर्ष की शुरुआती सप्ताह तक लोग बेसब्री से डाकिया और ग्रीटिंग्स कार्ड का इंतजार करते थे जिसका अलग आनंद होता था। ग्राहकों की घटती मांग के चलते कई कंपनियों ने अपने ग्रीटिंग काड्र्स से जुड़े प्रोडक्शन को बंद कर दिया है, जहां पहले स्टेशनरी की दुकानों पर त्यौहारों के समय रंग-बिरंगे काड्र्स की भरमार होती थी, अब उनकी जगह ज्यादातर गिफ्ट आइटम्स और डिजिटल गिफ्ट काड्र्स ने ले ली है। पुराने दिनों को लोग आज भी याद करते है कि वह दौर ऐसा था कि पूरे-पूरे साल ग्रीटिंग कार्ड को संभाल कर रखते थे और उसे देखकर यादें ताजा होती रहती थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में सब गुम हो गया। आजकल लोग उसकी जगह पर व्हाटसएप का प्रयोग करने लगे हैं। जिससे बधाई आदि सब दे रहे हैं।








































